रांची का तापमान
कांके: अधिक. 31.0° न्यून. 22.0° | रांची: अधिक. 30.9° न्यून. 23.0°
रांची, रविवार
25 मई 2025
वर्ष-26, अंक-112, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर





# लातेहार में मुठभेड़, 10 लाख का इनामी नक्सली पप्पू लोहरा ढेर

## सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू भी मारा गया, ईचाबार जंगल में सुरक्षाबलों की कार्रवाई, घायलावस्था में एक नक्सली गिरफ्तार, आरक्षी अवध सिंह घायल

- पुलिस व सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया
- नक्सलियों से 5 बाइक व हथियार बरामद हुए
- पप्पू लोहरा कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल था

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड जनमुक्ति परिषद के सुप्रिमो और 10 लाख के इनामी नक्सली पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा उर्फ सोमेद लोहरा अपने दस्ते के साथ लातेहार थाना क्षेत्र में सक्रिय था। पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली कि पप्पू लोहरा अपने दस्ते के साथ ईचाबार जंगल में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की मंशा से एकत्र हुआ है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर पु.अ.नि. रविन्द्र महली के नेतृत्व में सैट के जवानों और लातेहार पुलिस की एक टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गई।




पप्पू लोहरा का फाइल फोटो

सुरक्षाबलों द्वारा रेकी के दौरान उग्रवादियों की गतिविधियों की पुष्टि होते ही मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से करीब आधे घंटे तक गोलीबारी हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दबाव में उग्रवादी जंगल का लाभ उठाकर भाग गए। इस दौरान आरक्षी अवध सिंह घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया।

घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान पुलिस ने दो शव बरामद किए, जिनकी पहचान 10 लाख का इनामी जेजीएम ।पी सुप्रिमो पप्पू लोहरा और 5 लाख का इनामी सबजोनल कमांडर सुदेश गंझू उर्फ प्रभात जी उर्फ प्रभात गंझू के रूप में हुई। इसके अतिरिक्त झाड़ी में छिपा एक घायल नक्सली आशीष कुमार (पिता सुनेश्वर सिंह, ग्राम कोठिल, थाना लातेहार) को गिरफ्तार किया गया।

पप्पू लोहरा वर्ष 2009-10 से जेजेएमपी से जुड़ा था और लातेहार सहित कई जिलों में लेवी वसूलने, विकास कार्यों में बाधा डालने और आम लोगों में दहशत फैलाने जैसी कई घटनाओं में शामिल रहा है। उसके विरुद्ध दर्ज प्रमुख घटनाओं में 2021 में नावाडीह जंगल मुठभेड़, 2024 में बोकाखांड़-ओरवाई मुठभेड़, 2021 में विशुनदेव सिंह की हत्या, 2019 में टोरी रेलवे कोल साइडिंग में आगजनी, 2018 में पुल निर्माण कर्मी की हत्या, 2020 में आम नागरिक उमेश प्रसाद की धारदार हथियार से हत्या, 2020 में कल्टु उरांव की हत्या, और 2020 में चंदन तुरी की गोली मारकर हत्या शामिल है। शेष पेज 11 पर

### हेसाबार जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की पुष्टि के बाद हुई कार्रवाई



आईजी सुनील भास्कर, डीआईजी वाई.एस. रमेश और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने लातेहार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में संयुक्त प्रेस वार्ता कर जानकारी दी कि लातेहार में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जेजेएमपी का सुप्रीमो पप्पू लोहरा मारा गया। पुलिस ने बताया कि पप्पू लोहरा उर्फ सूर्यदेव लोहरा, ग्राम कोने, जिला लातेहार का रहने वाला था और 10 लाख का इनामी नक्सली था। वह अपने दस्ते के साथ लातेहार थाना क्षेत्र में घूम रहा था जिसकी सूचना लगातार मिल रही थी। सूचना के आधार पर लातेहार पुलिस ने हेसाबार जंगल में सघन छापेमारी अभियान चलाया। शेष पेज 11 पर

### देवघर एम्स में होगा पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप का इलाज

**मेदिनीनगर।** पीएलएफआई के प्रमुख दिनेश गोप का इलाज अब देवघर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कराने की तैयारी की जा रही है। इस संबंध में पलामू पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से अनुमति मांगी है। जानकारी के अनुसार दिनेश गोप ने पूर्व में दिल्ली एम्स में इलाज के लिए 24 मई को ऑनलाइन अपॉइंटमेंट लिया था। लेकिन अब यह जानकारी सामने आई है कि जिस उपचार के लिए वह दिल्ली जाना चाहता था, वही चिकित्सकीय सुविधा देवघर एम्स में उपलब्ध है। ऐसे में राज्य से बाहर भेजने की आवश्यकता नहीं पाई गई। पलामू पुलिस ने कारा एवं सुधारात्मक सेवाएं निरीक्षणालय को पत्र भेजकर दिल्ली एम्स की जगह देवघर एम्स में इलाज की सिफारिश की है। अनुमति मिलने के बाद उसे देवघर एम्स में भर्ती कराया जाएगा। सितंबर 2024 में दिनेश गोप को पलामू सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। शेष पेज 11 पर



### गर्व है आप पर

## सेना के साहस, समर्पण और बलिदान को नमन




हरेंद्र प्रसाद सिन्हा, पूर्व सहायक निदेशक, कला संस्कृति विभाग।

ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के लिए भारतीय सेना को हमारी हार्दिक शुभकामनाएं! आपके साहस, समर्पण और बलिदान को नमन। हमें आप पर गर्व है। सारा देश आपके साथ खड़ा है। जय हिंद!

### राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट



**चाईबासा।** भाजपा के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चाईबासा एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। कोर्ट ने उन्हें 26 जून को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने का निर्देश दिया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में शामिल हुए हेमंत सोरेन, कहा

# 'विकसित गांव' से साकार होगी 'विकसित भारत' और 'विकसित राज्य' की संकल्पना

- झारखंड की जनता की आवश्यकताओं से पीएम को कराया अवगत
- बकाया एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपए की मांग की

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में सम्मिलित हुए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नीति आयोग के अध्यक्ष अमिताभ कांत और विभिन्न राज्यों के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में हुई इस बैठक में झारखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए मुख्यमंत्री सोरेन ने अपने विचारों को रखने के साथ कई अहम सुझाव दिए।

मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि 'विकसित भारत' की परिकल्पना 'विकसित राज्य' से होती है, जिसमें 'विकसित गांव' को जोड़ना सबसे जरूरी है। 'विकसित भारत' की मूल परिकल्पना का केंद्र बिंदु गरीबी उन्मूलन, महिला सशक्तिकरण, युवा कौशल, किसानों के विकास, पूर्ण शिक्षा, आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सतत विकास है, जिसके लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। नीति आयोग की इस बैठक में मुख्यमंत्री ने झारखंड की जनता की आवश्यकताओं से प्रधानमंत्री को अवगत कराया।





### राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता हो

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में 'कोल बेस्ड मीथेन गैस' की बहुतायत है, जिसका तकनीकी रूप से इस्तेमाल कर ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए और कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत राज्य में इस्तेमाल होने से रोजगार सृजन में भी वृद्धि होगी। प्रदेश का वन क्षेत्र पूर्वोत्तर राज्यों के समकक्ष है, जिससे आधारभूत संरचना के लिए क्लीयरेंस में देरी अवरोध बनती है। इसका निवारण किया जाए और पूर्वोत्तर राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता झारखंड को भी प्रदान कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में रेल परिचालन का विस्तार जाए और कंपनियों के सीएसआर फंड और डीएमएफटी फंड को राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में समाहित किया जाए।

### डेडीकेटेड इंडस्ट्रीयल माइनिंग कॉरिडोर विकसित किया जाए

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि प्रदेश का साहेबगंज जिला कार्गो हब की दृष्टि से बहुत ही कारगर सिद्ध हो सकता है, जो सीमावर्ती राज्यों को भी सुविधा प्रदान करेगा। इसी जिले में गंगा नदी पर अतिरिक्त पुल का निर्माण या उच्च स्तरीय बांध बनाना भी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए स्ट्रैटेजिक इंपॉर्टेंट क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विस्तार को प्राथमिकता में शामिल करना होगा। राज्य में डेडीकेटेड इंडस्ट्रीयल माइनिंग कॉरिडोर विकसित करने से सामान्य परिचालन में सुविधा बढ़ जाएगी।



### केंद्र की योजनाएं राज्यों के अनुरूप लागू की जाएं

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र की योजनाओं को राज्यों के अनुरूप लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाएं जैसे मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं की राशि मे वृद्धि होनी चाहिए। राज्य में लागू सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट के कारण योजनाएं उद्यम के लिए कारक बन रहे है, जिसका वित्त मंत्रालय के समन्वय से निवारण अतिशीघ्र आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगभग 50 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए की राशि प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में खनिज और कोयले के साथ-साथ अन्य खनिजों की बहुतायत है। इनके खनन में प्रदूषण और विस्थापन एक बहुत बड़ा कारक रहा है। खनन कंपनियों द्वारा ली गई भूमि, जो कि नॉन पेमेंट ऑफ लैंड कंपनसेशन में आती है, का राज्य सरकार का एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपए बकाया है। इसे यथाशीघ्र मुहैया कराया जाए और सीबीए एक्ट में संशोधन कर खनन के बाद कंपनियों को भूमि राज्य सरकार को पुनः वापस देने का प्रावधान किया जाए। शेष पेज 11 पर

### जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत भी विकसित होगा : पीएम

- केंद्र और राज्य टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं

**नई दिल्ली (हि.स.)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। केंद्र और सभी राज्य यदि एक साथ मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। गवर्निंग काउंसिल की इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य@2047' का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा तो भारत भी विकसित होगा। यह 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तथा सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। इसके लिए उन्होंने 'एक राज्य : एक वैश्विक गंतव्य' का मंत्र दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। शेष पेज 11 पर



**इंडिया**

# सेवानिवृत्ति के बाद खुशहाली के लिए जरूरी है तैयारी

एक समय था जब सेवानिवृत्ति पेंशन व परिवार, विशेषकर बच्चों से देखभाल की उम्मीद पर लोग टिके रहते थे कि सब ठीक ठीक होगा पर इधर नौकरी और पेंशन के नियम बदले हैं और साथ ही शहरों में रहने वाले लोग बढ़े हुए खर्च के कारण कई बार मां बाप की चाहकर भी सही देखभाल नहीं कर पाते। आज के दौर में सेवानिवृत्ति एक ऐसा लक्ष्य है जिस पर हम सभी की तैयारी और जानकारी जरूरी है। कामकाजी जीवन में बदलावों को देखते हुए, यह जानना कि कब सेवानिवृत्त होना है, थोड़ी भ्रमित करने वाली बात बन जाती है। रिटायर होने की उम्र तब होती है जब कोई 60 साल का हो जाए। लेकिन ऐसे कई संगठन हैं जो आपको 55 या 58 साल की उम्र में रिटायर कर देते हैं। भविष्य के लिए और आत्मनिर्भर बने रहने के लिए सिद्धांत है कि यदि 65 वर्ष की आयु तक आपके पास वार्षिक वेतन की कम से कम 10 गुना रकम हो, तो यह सहज सेवानिवृत्त के लिए पर्याप्त है। फिर ऐसे लोग भी हैं जो मानते हैं कि बचत और निवेश से चार फीसदी की निकासी से 25-30 वर्षों तक बचत पर जीवन जीना आरामदायक होगा। ये दोनों सामान्य नियम नहीं हैं। लेकिन आपको सोचने पर मजबूर करने के लिए एक अच्छा संकेतक है। चार फीसदी निकासी वाला फंडा इस तथ्य पर आधारित है कि यदि आप केवल उतना ही निकालते हैं जितना अपनी बचत से हर साल कमाते हैं तो आपका धन लंबे समय तक टिका रहेगा। हां, इस गणना में महंगाई पर विचार नहीं किया जा रहा है। लेकिन, आपको एक आइडिया मिलता है कि सेवानिवृत्त फंड से 7-8 फीसदी निकासी पर विचार करना चाहिए। नियमित खर्चों के लिए सेवानिवृत्त फंड से आपात खर्चों को अलग रखें। इसलिए, सेवानिवृत्त में अपने सभी खर्चों और वित्तीय जरूरतों को एक ही टोकरी में डालने के बजाय आपात स्थिति के लिए पैसा अलग रखना चाहिए। सेवानिवृत्त में सभी प्रकार की स्थितियों से निपटने के लिए इस आपात खाते में आपके वार्षिक खर्चों के कम से कम 2-3 वर्षों के लिए पैसा अलग रखा जाना चाहिए। यदि रिटायर होने पर आपका वार्षिक खर्च पांच लाख रुपए है तो आपात स्थिति से निपटने के लिए 15 लाख रुपए अलग रखें। इनमें चिकित्सा शामिल नहीं है, जिसे बीमा से पूरा किया जाएगा।सेवानिवृत्त फंड को बचत और निवेश में लगाएं। जिस धन की सेवानिवृत्त के बाद 7-10 वर्षों में जरूरत होगी, वह इक्विटी म्यूचुअल फंड और शेयरों में होना चाहिए, ताकि धन अर्जित करने का लाभ मिल सके। इक्विटी में पैसे लगाने का कारण समय के साथ उसके मूल्य को बनाए रखना है। याद रखें, इक्विटी में भी ऐसे विकल्प हैं जिनमें कम जोखिम होता है। जैसे लार्ज कैप और ब्लू चिप स्टॉक। यह उनके लिए महत्वपूर्ण है जो पेंशन पर सेवानिवृत्त होते हैं। इसमें पेंशन आय का एक स्त्रोत है न कि एकमात्र स्त्रोत।






सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

ब्याज दरें अक्सर कम होने के कारण सेवानिवृत्त के लिए की गई बचत पर्याप्त नहीं हो सकती है। इसलिए, सेवानिवृत्त में अतिरिक्त आय के लिए तैयार रहें और केवल पेंशन पर निर्भर न रहें। आप सेवानिवृत्त में आय के कई साधन बना सकते हैं। पेंशन की रकम को नियमित खर्चों के लिए निवेश कर सकते हैं। इस फॉर्मूले से महंगाई को मात देने वाले साधन से लाभ उठाने के लिए इक्विटी में निवेश की जाने वाली अतिरिक्त रकम का उपयोग कर सकते हैं। यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपके पास धन उत्पन्न करने के लिए पर्याप्त जगह है, जो महंगाई को मात देती है। सेवानिवृत्ति में जितना संभव हो सके, उतने वर्षों तक केवल पेंशन पर निर्भर रहने का प्रयास करें। रिटायरमेंट में हेल्थ केयर की लागत तेजी से बढ़ती है। लोग अपनी कंपनी से स्वास्थ्य बीमा प्राप्त करते हैं, लेकिन यह तब तक ही है, जब तक आप कार्यरत हैं। रिटायर होने से पहले खुद का स्वास्थ्य बीमा लें। सुनिश्चित करें कि इसमें आपकी उम्र 80 वर्ष और उसके बाद तक कवर हो। यदि आप कई वर्षों तक जीवित रहते हैं, तो संभावना है कि आप रिटायरमेंट बचत को अपनी योजना से अधिक वर्षों तक समाप्त कर देंगे। अगर आपने रिटायरमेंट में खर्च की उपरोक्त पांच बातों को ध्यान में रखा है तो संभावना है कि आप अपने रिटायरमेंट संबंधी खर्चों को आराम से प्रबंधन करने में सक्षम होंगे। कई लोग रिटायरमेंट के बाद भी आसानी से उसे स्वीकार नहीं कर पाते और न अपने खर्चों पर रोक लगाते हैं जिससे उन्हें परेशानी होती है। हमें इस बदलाव को मानसिक रूप से स्वीकार करना चाहिए और मान कर चलना चाहिए कि यह जीवन का एक अंग है जिसका स्वागत करना है।

### ट्रंप की 25% टैरिफ की धमकी फुस्स!

# आईफोन बोले-इंडिया में ही बनेगा, बॉस!

**उदय चंद्र सिंह**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत में निर्मित आईफोन पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की धमकी के बावजूद, एप्पल भारत में अपने उत्पादन को बढ़ाने की योजना पर कायम है। जानकारों का मानना है कि भारत में निर्माण लागत अमेरिका की तुलना में काफी कम है, जिसके कारण 25 फीसदी टैरिफ लगने के बाद भी एप्पल के लिए भारत में उत्पादन आर्थिक रूप से फायदेमंद बना रहेगा। ऐसे में सूत्रों का मानना है कि एप्पल भारत में अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की योजना पर कायम है, और ट्रंप की धमकी के बावजूद वह भारत में एप्पल फोन का निर्माण न सिर्फ जारी रखेगा, बल्कि उसे और बढ़ाएगा।



- एप्पल भारत में अपने उत्पादन को बढ़ाने की योजना पर कायम


ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के अनुसार, एक आईफोन की उत्पादन लागत भारत में अमेरिका की तुलना में काफी कम है। एप्पल को अपने ब्रांड, डिजाइन और सॉफ्टवेयर के लिए एक तय हिस्सा मिलता है। जबकि, भारत में कम मजदूरी और उत्पादन लागत के कारण शेष लागत भी कम रहती है। यहां तक कि 25% टैरिफ लगाने के बाद भी, भारत में निर्मित आईफोन की लागत अमेरिका में निर्मित आईफोन की तुलना में कम होगी। शेष पेज 11 पर




नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को आयोजित नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और अन्य

### विधि-व्यवस्था एवं अन्य विषयों का होगा विश्लेषण

# मुख्यमंत्री 27 मई को करेंगे उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगामी मंगलवार (27 मई) को राज्य की विधि-व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे। इस उच्चस्तरीय बैठक में अवैध घुसपैठ और बड़ी आपराधिक घटनाओं सहित कई विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होने वाली इस बैठक में मुख्यमंत्री सोरेन के साथ मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी व्यक्तिगत रूप से मौजूद रहेंगे। वहीं, जोनल पुलिस महानिक्षक (आईजी), रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी), सभी जिलों के उपायुक्त (डीसी) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय में तैयारियां की जा रही हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक से ठीक एक दिन पूर्व 26 मई को डीजीपी इन विषयों पर जिलों के एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे।

**रांची में प्रोजेक्ट भवन में होगी बैठक**

**कई अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग से लेंगे भाग**

## मुख्यमंत्री इन विषयों की करेंगे समीक्षा

- राज्य में घटित हुई प्रमुख आपराधिक घटनाओं की स्थिति, उनके खुलासे और अपराधियों की गिरफ्तारी पर समीक्षा।
- साइबर अपराधों पर नियंत्रण, रोकथाम के उपाय और ऐसे मामलों में कार्रवाई की प्रगति।
- अवैध हथियारों की तस्करी, निर्माण और उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए उठाए गए कदम।
- राज्य में अवैध घुसपैठ की समस्या और इसे रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई।
- महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनकी रोकथाम और पीड़ितों को न्याय दिलाने संबंधी प्रगति।
- अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के प्रति होने वाले अत्याचारों पर नियंत्रण और उनसे जुड़े मामलों में कार्रवाई।
- राज्य में बढ़ते भूमि विवादों और उनसे उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की चुनौतियों पर चर्चा।
- मॉब लिंचिंग की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और ऐसी घटनाओं में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई।
- विधायकों, सांसदों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा।
- न्यायालय परिसरों और न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर चर्चा।
- राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने और सांप्रदायिक घटनाओं की रोकथाम के उपाय।
- विभिन्न जातियों के बीच उत्पन्न होने वाले तनावों और उनसे निपटने के लिए पुलिस प्रशासन की रणनीति।
- एसिड अटैक की घटनाओं पर नियंत्रण और पीड़ितों को सहायता प्रदान करना।
- राज्य में जारी अवैध खनन गतिविधियों और उन पर रोक लगाने के लिए की गई कार्रवाई।
- अवैध लॉटरी कारोबार पर नकेल कसने और ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई।
- अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदम।

# समाज में भी स्थिरता और विश्वास स्थापित करती है सीए बिरादरी : मंत्री

- **राज्य के विकास पर आईसीएआई और वित्त विभाग करेगा टॉक शो**

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची।** दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई), रांची शाखा के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से भेंट की। प्रतिनिधिमंडल में शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया, सचिव सीए भुवनेश ठाकुर, सदस्य सीए अंकित राजगढ़िया और सीए विकास सहाय शामिल थे।

इस दौरान मंत्री ने संस्थान की रांची शाखा और सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन, रांची की ओर से प्रकाशित न्यूजलेटर के नवीनतम संस्करणों का अनावरण किया।

मौके पर मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने इन प्रकाशनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास राज्य में वित्तीय जानकारी के प्रचार-प्रसार और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने राज्य के आर्थिक विकास में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वित्तीय अनुशासन, ईमानदारी और विशेषज्ञता के साथ कार्य करने वाली यह बिरादरी शासन के साथ-साथ समाज में भी स्थिरता और विश्वास स्थापित करती है।

मंत्री ने आईसीएआई, रांची शाखा की पहल को समर्थन देते हुए भविष्य में सरकार और संस्थान के बीच सहयोग को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सीए अभिषेक केडिया ने संस्थान की विभिन्न गतिविधियों और छात्रों के लिए चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए मंत्री से आग्रह किया कि आईसीएआई, रांची शाखा और वित्त विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के विकास के लिए एक टॉक शो का आयोजन किया जाए। इसके लिए मंत्री ने भी अपनी सहमति व्यक्त कर दी। वहीं, सचिव सीए भुवनेश ठाकुर ने सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन की भूमिका और छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों को प्रस्तुत किया।

### भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए संस्कृत का उत्थान जरूरीः रामाशीष

**रांची।** यदि भारत को पुनः विश्वगुरू के रूप में प्रतिष्ठित करना है तो इसके लिए संस्कृत विद्या का पुनरुत्थान जरूरी है। यह बातें संस्कृत सेवा संघ के महासचिव और मारवाड़ी कॉलेज के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) रामाशीष पाण्डेय ने कही। पांडेय संस्कृत भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र की ओर से आयोजित क्षेत्रीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्‌घाटन अवसर पर रांची के विद्यानगर स्थित डीएवी स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से संस्कृत भाषा का प्रचार-प्रसार, जनसामान्य तक पहुंचने में अत्यंत सहायक सिद्ध हो सकता है। यह कार्य भारत की सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

# सीसीएल मुख्यालय में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता सत्र का आयोजन

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) मुख्यालय स्थित मानव संसाधन विकास केंद्र (एचआरडी) में शनिवार को एक महत्वपूर्ण साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का संचालन सुरेश बेहरा, महाप्रबंधक (सिस्टम) द्वारा किया गया। हाल के साइबर हमलों की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए सत्र में उद्यम-स्तरीय साइबर जोखिमों पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। साइबर खतरों से निपटने के लिए सतर्कता तथा रोकथाम संबंधी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, सुरक्षित डिजिटल व्यवहारों से जुड़ी अनेक सावधानियों - 'क्या करें' और 'क्या न करें' - की जानकारी दी गई। इस जागरूकता कार्यक्रम में सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से 68 कर्मचारियों, जिनमें विभागाध्यक्ष और कार्यपालक शामिल थे, ने सक्रिय भागीदारी की। अधिक से अधिक कर्मचारियों तक जागरूकता पहुंचाने के उद्देश्य से सत्र का सीधा प्रसारण (लाइव वेबकास्ट) सीसीएल के सभी क्षेत्रों में किया गया, जिसमें 130 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस पहल के अंतर्गत महीने के अंत में एक विस्तृत फॉलोअप सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसका संचालन साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा, ताकि संगठन में साइबर खतरों के प्रति सजगता और तैयारियों को और सुदृढ़ किया जा सके। ज्ञात हो कि सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में, सीसीएल समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों में साइबर धोखाधड़ी के प्रति समझ विकसित हो सके और वे डिजिटल संसाधनों का बेहतर एवं सुरक्षित उपयोग कर सकें।

# संजय सेठ मुठभेड़ में घायल जवान अवध सिंह से मिले

- **रक्षा राज्य मंत्री ने जवान से हालचाल जाना, शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की**

**नवीन मेल डेस्क**



**रांची।** देश के गृह मंत्री अमित शाह का संकल्प नक्सली मुक्त भारत अभियान के तहत लातेहार के इचावार जंगल में पुलिस ने जेजेएमपी के कुख्यात उग्रवादी पप्पू लोहरा समेत दो उग्रवादियों को मार गिराया। मुठभेड़ में घायल हुए पुलिस के जवान अवध सिंह का उपचार रांची के राज अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलने पर भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जवान अवध सिंह से मिलकर हालचाल जाना। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर सजय सेठ ने कहा कि नक्सली उग्रवादी अब देश से समाप्ति की ओर हैं। देश के गृह मंत्री अमित शाह के संकल्प 2025 के अंत तक नक्सली मुक्त भारत के तहत आज पूरे देश भर में नक्सलियों और उग्रवादियों के विरोध में अभियान चलाया जा रहा है। उसी का परिणाम है कि आज नक्सल और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सलियों व उग्रवादियों पर कार्रवाई हो रही है।

# बैंक घोटाला मामले में 10 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** सीबीआई ने 5.33 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले में दस लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इसमें तीन बैंक अधिकारी, एक सीए, एक वैलुअर, दो कर्जदार, दो सप्लायर और एक डॉयगनोस्टिक सेंटर का मालिक शामिल है। आरोपित लोगों में ट्रस्ट डायग्नोस्टिक सेंटर के जतिन सहाय, चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज अग्रवाल, वैलुअर संजय कुमार सहित अन्य लोगों का नाम शामिल हैं। बैंक ऑफ इंडिया के वरीय अधिकारियों की शिकायत पर सीबीआई ने यह प्राथमिकी दर्ज की थी। इसमें यह आरोप लगाया गया था कि मयंक साहा और रोमी साहा ने कर्ज और सूद का 5.33 करोड़ रुपये नहीं चुकाया। कर्ज लेने के लिए फर्जी दस्तावेज का सहारा लिया गया। कर्ज की रकम में 38 लाख का होम लोन, 1.50 करोड़ रुपये का कैश क्रेडिट लोन और 3.00 करोड़ रुपये का टर्म लोन शामिल है। सीबीआई रांची ने बैंक की इस शिकायत के आधार पर अगस्त 2024 में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच चंदन कुमार सिंह को सौंपी। सीबीआई ने जांच में पाया कि बैंक से कर्ज लेने के लिए मयंक साहा और रोमी साहा ने हीरा हाईट्स नाम के आवासीय भवन के चार फ्लैट को गिरवी रखा था। सेल डीड में हीरा हाईट्स में चारों फ्लैट होने का उल्लेख था। हीरा हाईट्स का निर्माण बिल्डर सह ट्रस्ट डॉयगनोस्ट के जतिन साह द्वारा किया जा रहा था। टर्म लोन के लिए यह मयंक साहा की ओर से यह दावा किया गया था कि उसने ट्रस्ट डायग्नोस्टिक के जतिन सहाय के साथ पार्टनरशिप किया है। कर्ज की इस रकम से एमआरआइ मशीन खरीद कर डायग्नोस्टिक सेंटर में लगाया जायेगा। सीबीआई ने जांच में पाया कि एमआरआई मशीन कभी खरीदी ही नहीं गयी। लेकिन एमआरआइ मशीन बेचने का कोटेशन कंप्यूटर व्यापार से जुड़े राजेश कुमार श्रीवास्तव और कुमार राकेश ने दिया था। बैंक से कर्ज लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज सीए पंकज अग्रवाल ने बनायी थी।

### प्रतुल शाहदेव ने जेपीएससी मुख्य परीक्षा के रिजल्ट पर उठाए सवाल, कहा

# पारदर्शिता दिखाते हुए जेपीएससी श्रेणीवार परिणाम प्रकाशित करे

- **बोले भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता**
- **श्रेणीवार परिणाम नहीं निकलने से रिजल्ट संदिग्ध बना**
- **लॉटरी का रिजल्ट ज्यादा दिख रहा है प्रकाशित रिजल्ट**

**नवीन मेल डेस्क**




**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने शनिवार को जेपीएससी द्वारा मुख्य परीक्षा के निकाले गए परिणाम पर प्रश्न खड़ा किया। प्रदेश मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रतुल ने कहा कि झारखंड लोकसेवा आयोग (जेपीएससी) की वेबसाइट में लिखा गया है कि आयोग का उद्देश्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया को बढ़ावा देना है। वहीं, भारत के संविधान के आर्टिकल 15 एवं 16 एससी, एसटी, ओबीसी वर्गों को आरक्षण की सुविधा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त ईडब्ल्यूएस एवं अन्य श्रेणियां में भी आरक्षण का प्रावधान है। परंतु, जेपीएससी ने बिल्कुल सपाट तरीके से किसी लॉटरी के परिणाम की तरह परीक्षा का रिजल्ट निकाल दिया है। इससे यह पता नहीं चल पा रहा की एससी, एसटी, ओबीसी एवं अन्य आरक्षित वर्गों को निर्धारित कोटा मिला और ढाई गुना से ज्यादा विद्यार्थियों को इंटरव्यू में बुलाने की प्रक्रिया का पालन हुआ है कि नहीं।

प्रतुल शाहदेव ने कहा, अगर आरक्षण के श्रेणीवार कोटा को स्पष्ट करते हुए जेपीएससी परिणाम निकालती, तो सिस्टम में पारदर्शिता दिखती। प्रतुल ने कहा की श्रेणीवार परिणाम निकालने से उम्मीदवारों को भी स्पष्ट होता कि उनकी मेरिट में क्या स्थिति है। प्रतुल ने कहा कि कार्मिक विभाग ने 19 दिसंबर, 2023 को गजट नोटिफिकेशन के अंतर्गत झारखंड कंबाइंड सिविल सर्विस एग्जामिनेशन रूल्स 2023 को लागू किया था। इस अधिसूचना में ही यह स्पष्ट किया गया है कि अलग-अलग वर्गों के लिए अलग-अलग कट ऑफ मार्क्स होगा। इसमें एससी, एसटी, महिलाएं, अति पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर 1, पिछड़ा वर्ग एनेक्सचर टू, आदिम जनजाति और ईडब्ल्यूएस शामिल हैं।

प्रतुल ने कहा कि इसी अधिसूचना में स्पष्ट लिखा गया है कि मुख्य परीक्षा के लिखित परिणाम में हर कैटेगरी के ढाई गुना से ज्यादा अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर कट ऑफ मार्क्स को भी कम करने का प्रावधान दिया गया है। लेकिन, जेपीएससी द्वारा प्रकाशित रिजल्ट में किसी भी श्रेणी का उल्लेख नहीं है, जो कि संदेह पैदा करता है। प्रतुल ने कहा कि परीक्षा परिणाम से यह भी संदेह उत्पन्न होता है कि क्या आरक्षित वर्गों को उनका हक मिल पाया या नहीं। या फिर इस बार भी झारखंड से बाहर के लोगों को ज्यादा सेलेक्शन हो गया?

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर संज्ञान लेना चाहिए और जेपीएससी को भी चाहिए कि वह अविलंब श्रेणीवार परीक्षा परिणाम प्रकाशित करे। अन्यथा, एक बार फिर से जेपीएससी का आचरण संदेह के घेरे में आ जाएगा। आज की प्रेस वार्ता में सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक भी उपस्थित थे।

# छः बाइक चोरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जियाउल अंसारी नामक व्व्याक्ति जेल से छूटने के बाद फिर से मोटर साईकिल चोरी कर ग्रामीण क्षेत्रों में बेचने रहा है। प्राप्त सूचना के आलोक में एक छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के द्वारा जियाउल अंसारी के घर पर छापामारी करते हुए घर की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में एक चोरी का मोटर साईकिल बरामद हुआ। जियाउल अंसारी के निशानदेही पर सजीबुल अंसारी के घर पर तलाशी लेने पर उसके घर से बिना कागज का तीन मोटर साईकिल बरामद किया गया। जिसके बाद सजीबुल अंसारी और इमरान अंसारी के निशानदेही पर कलीम अंसारी के घर से एक मोडिफाई किया हुआ एक पल्सर और एक बजाज डिस्कभर मोटर साईकिल बरामद हुआ। इमरान अंसारी के ही निशानदेही पर मोबीन अंसारी उर्फ गुड्डू और समीम अंसारी के घर से एक-एक मोडिफाई किया हुआ पल्सर मोटर साईकिल बरामद हुआ है। मोटर साईकिल की पहचान छुपाने की नियत से पल्सर मोटर साईकिल की तेल टंकी को बदलकर डिस्कवर की तेल टंकी लगा दिया, ताकि चोरीका मोटर साईकिल की पहचान ना हो सके।

# झारखंड में वक्त से पहले आएगा मानसून



नवीन मेल संवाददाात। रांची। झारखंड में मौसम अपना मिजाज बदल रहा है, मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक इस वर्ष मानसून जल्दी आने की संभावना है जिस वजह से मौसम में बदलाव नजर आ रहा है. वहीं मौसम विभाग ने कई जिलों के लिए येलो अलर्ट भी जरी किया है. साथ ही बताया कि झारखंड में 30 मई तक आंधी-तूफान के साथ बारिश के आसार हैं. गरज के साथ वज्रपात की भी आशंका है. मौसम में नमी रहेगी और 30 मई के बाद बारिश तेज होने की आशंका है।

**रांची में तापमान 30.9 डिग्री रिकॉर्ड**

**कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी, 30 मई के बाद बारिश तेज होने की संभावना**

## 10 जून तक झारखंड में आने की संभवना

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून शनिवार को केरल पहुंच गया है। अगले एक हफ्ते में यह पूरे केरल में पहुंच जाएगा। मॉनसून के 10 जून से पहले झारखंड में दस्तक देने की संभावना है। केरल में मॉनसून के पहुंचने की तिथि सामान्य तौर पर एक जून है। लेकिन अपने निर्धारित समय से यह लगभग एक सप्ताह पहले ही केरल में पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इस वर्ष झारखंड में मॉनसून की अच्छी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है।

## बादल छाए रहने से मौसम सुहावना

शनिवार को रांची और आसपास के इलाकों में बादल छाया रहा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। दिन में औसत गति से हवा चलने से मौसम सुहावना बना रहा। पिछले 24 घण्टों के दौरान पश्चिमी सिंहभूम के जगरनाथपुर में 56.2 मिमी रिकॉर्ड किया गया। वहीं राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला-खरसावां में 36.8 डिग्री, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री, जमशेदपुर में 34.3, डालटेनगंज में 37.3, बोकारो में 35.1 और चाईबासा में तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# इस वर्ष भी भव्य रूप से मनाएंगे दुर्गा पूजा : कुणाल अजमानी

- समर्थन के लिए दर्शनार्थियों का जताया आभार
- श्री रामलला पूजा समिति, रांची की हुई बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री रामलला पूजा समिति, रांची के सानिध्य में शनिवार को धुर्वा स्थित मेफेयर बैंक्विट हॉल में पूजा समिति के पदाधिकारी और सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने किया। मौके पर बैठक के स्वागताध्यक्ष और समिति के महामंत्री कुणाल अजमानी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। महामंत्री कुणाल अजमानी ने कहा कि श्री रामलला पूजा समिति के सानिध्य में पिछले वर्ष जिस तन, मन, धन के साथ आयोजन को सफल बनाने में अपना भरपूर योगदान दिया था। इस बार भी हम भव्य रूप से दुर्गा पूजा का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में दुर्गा पूजा पंडाल में श्री राम मंदिर के प्रारूप को लोगों ने खूब सराहा। पांच राज्यों से श्री राम मंदिर के पूजा पंडाल के प्रारूप को देखने के लिए लोग लाखों की संख्या में पहुंचे थे। मां भवानी के भक्तों से मिले अपार समर्थन और सहयोग के लिए हम सभी दर्शनार्थियों का आभार प्रगट करते हैं। आजमानी ने कहा कि आयोजन समिति के लिए गौरवान्वित होने की बात है कि 25 लाख से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने पंडाल में आकर मां भवानी के दर्शन किए। यह भीड़ अबतक की सबसे बड़ी भीड़ रही। इस अवसर पर विनय जायसवाल, कमल ठाकुर, शोभा यादव, नीलम चौधरी, कृष्णा महतो, उमेश यादव, धर्मेंद्र तिवारी, डॉ दिलीप कुमार सोनी, रवि कुमार टुंना, रोहित पांडेय, सुनील जायसवाल सहित कई विशिष्ट लोगों ने अपने-अपने सुझाव रखे।

# आनंदमार्गी धर्म महासम्मेलन के लिए पुंदाग स्टेशन पर रुकेंगी 13 ट्रेनें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आनंद नगर (पुनदाग) में आनंदमार्गी धर्म महासम्मेलन के लिए 24 मई से चार जून तक 13 ट्रेनें एक मिनट के लिए पुनदाग स्टेशन पर रुकेंगी। पुनदाग स्टेशन पर जो ट्रेनें रुकेंगी उनमें ट्रेन संख्या 13303 धनबाद-रांची एक्सप्रेस ट्रेन, ट्रेन संख्या 13304 रांची -धनबाद एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13403 रांची-भागलपुर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 13404 भागलपुर- रांची एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15027 संबलपुर- गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 15028 गोरखपुर -संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18105 राउरकेला-जयनगर एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18106 जयनगर-राउरकेला एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18619 रांची-दुमका एक्सप्रेस, ट्रेन संख्या 18620 दुमका-रांची एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 63520 बोकारो स्टील सिटि-वर्द्धमान मेमू शामिल हैं। यह जानकारी रांची रेल मंडल ने शनिवार को दी।

# सेना के सम्मान में रांची विवि ने निकाली तिरंगा यात्रा




- ऑपेरशन सिंदूर जिंदाबाद के लगाए गए नारे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस और एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सेना के पराक्रम के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा सह संकल्प सभा आरयू के मुख्य प्रशासनिक भवन परिसर में वित्त पदाधिकारी डॉ दिलीप प्रसाद की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। मौके पर आरयू के एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रम की चर्चा दुनिया भर में होती है और सेना साहस का लोहा सभी मानते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की ओर से चलाए गए आपरेशन सिंदूर की अपार सफलता पर पूरा देश गौरवान्वित है ।

**ऑपेरशन सिंदूर जिंदाबाद के लगाये गए नारे :** आरयू के मुख्य प्रशासनिक भवन से भव्य तिरंगा यात्रा गौरव अग्रवाल, पुरुषोत्तम कुमार, क्षणिका रानी और निवेदिता भेंगरा के नेतृत्व में निकाला गया जो एल्बर्ट एक्का चौक, शहीद चौक, जयपाल सिंह स्टेडियम होते हुए पुनः विश्वविद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुआ।तिरंगा यात्रा में 100 मीटर के तिरंगे के साथ एनएसएस के स्वयंसेवक और एनसीसी के कैडेट्स चल रहे थे। कार्यक्रम में गौरव अग्रवाल, अर्जुन राम, बीरेंद्र वर्मा, पूर्व छात्र नेता नीरज कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे।

# डीएसपीएमयू विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कुछ नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी स्थित डीएसपीएमयू विश्वविद्यालय में पुरे झारखंड राज्य से विद्यार्थी पढ़ाई करने आते हैं। कभी शिक्षकों की कमी के कारण तो कभी परीक्षाओं में अनियमितताओं के कारण डीएसपीएमयू अक्सर सुर्ख़ियों में रहा है। इन सभी परेशानियों के डीएसपीएमयू में सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा है। विश्वविद्यालय के अन्दर कोई भी बिना किसी झिझक के प्रवेश कर सकता है। वहां ना ही किसी से पूछा जाता है और ना ही कोई रोक टोक है। डीएसपीएमयू विश्वविद्यालय के विभागों की वर्दी पहने विद्यार्थियों के अलावा भी लोग प्रवेश करते हैं। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में कई अधिकारी, शिक्षक या प्रोफेसर अपनी आईकार्ड नहीं लगाते हैं।

## इतने बड़े विवि में कहां कहां देखें-प्रबंधन



- प्रवेश के लिए ना वर्दी जरुरी, ना ही आईडी कार्ड

डीएसपीएमयू विश्वविद्यालय के सुरक्षा व्यवस्था के बारे में प्रबंधन से पूछे जाने पर उन्होंने कहा विश्वविद्यालय में जितनी सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए उतनी है। उन्होंने कहा सभी अधिकारी और सभी प्रोफेसर अपनी आईडी कार्ड पहनते हैं। जबकि छात्र नेता दुर्गेश ने बताया की डीएसपीएमयू विश्वविद्यालय में सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है। ना ही सही तरीके से गार्ड्स की तैनाती है और ना ही यहां प्रवेश करने के लिए आईडीकार्ड पहनने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कई बार सुरक्षा की व्यवस्था और आईडी कार्ड को अनिवार्य करने की मांग भी छात्र नेताओं के द्वारा किया गया लेकिन प्रबंधन में मांगों को नजरंदाज करती आई है। शायद प्रबंधन को किसी घटना का इंतजार है। उन्होंने कहा महिला पुलिस पिकेट भी नही है। साथ ही उन्होंने प्रबंधन सिर्फ इमारतों को बनकर भ्रष्टाचार करने में मग्न है विश्वविद्यालय में क्या हो रहा है क्या नहीं है इसको देखने वाला कोई नही।

# मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा में डॉ अंजू कुमार ने किया टॉक शो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के अध्यक्षता में शनिवार को नागरमल मोदी सेवा सदन में टॉक शो के माध्यम से डॉ अंजू कुमार के द्वारा नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन डिलीवरी के बारे में लोगों को अवगत कराया गया कि जब एक महिला बच्चे को जन्म देती है तो दोनों डिलीवरी में क्या फर्क होता है। सेवा सदन के डॉ अंजू कुमार गायोकॉलॉजिस्ट, उपाध्यक्ष रेखा जैन, वर्किंग कमिटी कविता मित्तल, आलोक तुलस्यान उपस्थित थे जिन्होंने सेवा सदन के बारे में जानकारी दी। शाखा द्वारा अंग वस्त्र देकर इनका सम्मान किया गया।

डॉ अंजू कुमार के समझाने से काफ़ी लोगो को सही जानकारी मिली, मेंबर्स ने काफ़ी सवाल भी पूछे, जिस से सबको सही जानकारी मिली। हेल्थ कैंप में निशुल्क हीमोग्लोबिन बीएमडी और कैल्शियम टेस्ट की निशुल्क व्यवस्था थी। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला जी,राधा ड्रोलिया, आशा संथोलिया , सोनल शर्मा, कोमल पोद्दार,दीपिका मोतिका, स्मिता अग्रवाल, पायल जैन , सविता पटवारी, पूजा लाडीया,प्रीति अग्रवाल, नेहा शिवरामका उपस्थित थी ।

## आज / कल




# आईवीए की राष्ट्रीय प्रवक्ता बनीं बीएयू की डॉ नंदनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंडियन वेटनरी एसोसिएशन (आईवीए) ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ नंदनी कुमारी को एसोसिएशन का राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोनीत किया है। आईवीए देश के 60 हजार से अधिक पशुचिकित्सकों की शीर्ष संस्था है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और इसका इतिहास 75 साल से अधिक पुराना है।

आईवीए के अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र शर्मा द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार राष्ट्रीय प्रवक्ता संस्था की आधिकारिक आवाज हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता के रूप में डॉ नंदनी मीडिया में और पब्लिक प्लेटफार्म पर संगठन के मिशन, विजन और रणनीतिक उद्देश्यों अनुरूप सामयिक, स्पष्ट और सतत संप्रेषण करते हुए संस्था की आधिकारिक स्थिति और आख्यानों का प्रतिनिधित्व करेंगी और उसे बढ़ावा देंगी। वे संकट संचार (क्राइसिस कम्युनिकेशन) और छवि प्रबंधन में सहयोग करने के साथ-साथ समग्र जनसंपर्क और संचार रणनीति में योगदान करेंगी तथा सीधे आईवीए के अध्यक्ष/ महासचिव को रिपोर्ट करेंगी। डॉ नंदनी कुमारी पिछले एक दशक से बीएयू में पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विषय पढ़ा रही हैं और पूर्व में आईवीए के लेडी विंग की झारखंड राज्य संयोजिका और पूर्वी क्षेत्र संयोजिका का दायित्व संभाल चुकी हैं। वे प्रभावी वक्ता और कवियत्री हैं। कई राष्ट्रीय सेमिनार, सम्मलेन का संचालन कर चुकी हैं। आधा दर्जन से अधिक किताबें लिख चुकी हैं तथा विद्यार्थी जीवन में अखिल भारतीय विश्वविद्यालय युवा महोत्सवों में वाद-विवाद और वक्तृत्व कला प्रतियोगिता में बीएयू का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं।



- आठ राष्ट्रीय प्रवक्ता और सह प्रवक्ता में वे एकमात्र महिला हैं

आइवीए द्वारा मनोनीत आठ राष्ट्रीय प्रवक्ता और सह प्रवक्ता में वे एकमात्र महिला हैं। अन्य प्रवक्ता डॉ सलिल हांडे (महाराष्ट्र), डॉ रेयाज (जम्मू एवं कश्मीर), डॉ शंकरसेन (ओडिशा), डॉ भूपेंद्र (दिल्ली) तथा सह प्रवक्ता डॉ हिमांशु प्रताप सिंह (मध्य प्रदेश), डॉ सरप्रीत सिंह एवं डॉ आर सोक्कालिंगम (उत्तराखंड) हैं। आईवीए के अध्यक्ष डॉ उमेश चंद्र शर्मा वेटनरी कौंसिल ऑफ इंडिया के भी अध्यक्ष हैं, जिसका दायित्व पशुचिकित्सा प्रोफेशन और पशुचिकित्सा शिक्षा के मानकों के नियमन संबंधी प्रावधान बनाना है।

# श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में 2500 से ज्यादा भक्तों ने ग्रहण किया भंडारा प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल ने हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 157वें श्री श्याम भंडारे का भव्य आयोजन किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, प्रवीण मेवाड़ा, पूनम मेवाड़ा एवं सभी सदस्यों सेवकों ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश, बजरंगबली, शिव परिवार, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। मेवाड़ा परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज के जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल बिरयानी, आलू, चना दाल, लौकी मिक्स, सब्जी, केसरिया जलेबी, गुलाब शरबत एवं खीर चूरमा का प्रसाद वितरण किया गया।

आज भंडारे में लगभग 2500 से ज्यादा भक्तजनों ने प्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम भंडारे का प्रसाद अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में शुद्धता के साथ निर्मित किया गया था। श्री श्याम भंडारे में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, मंडल के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू, प्रवीण मेवाड़ा, पूनम मेवाड़ा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, स्नेह पोद्दार, अमित सरावगी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, राहुल मारू, मुकेश काबरा, मदन बगड़िया, प्रकाश काबरा, श्याम सुंदर जोशी, कौशल चौधरी, वेद भूषण जैन, अंकित सिंह, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार, रणधीर जायसवाल, मनोज खेतावत सहित 50 से ज्यादा कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने बताया कि आगामी मंगलवार को 156वें सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन होगा।



# मजदूर संघर्ष संघ ने बहाली का किया विरोध प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। पश्चिम सिंहभूम**



पश्चिम सिंहभूम जिला में बोकारो से आए तीन लोगों को गुवा सेल खदान में हुई बहाली सहित अन्य मांगों को लेकर झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन के बैनर तले सेल कर्मियों और ठेका मजदूरों ने शनिवार को गुवा सेल के जनरल ऑफिस में विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन बाहरियों को भगाने और गुवा के स्थानीय बेरोजगार युवक युवतियों की बहाली की मांग को लेकर की गई। इस दौरान गुवा सेल प्रबंधन के विरोध में विभिन्न नारे लगाए गए। यह मजदूर का प्रदर्शन तकरीबन एक घंटे तक चला उसके बाद सेल प्रबंधन ने वार्ता के लिए बैठक की गई। बैठक के दौरान झारखंड मजदूर संघर्ष संघ के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडेय ने कहा कि बीएसएल बोकारो से तीन लोगों को गुवा सेल में बहाली दी गई है। जबकि गुवा के स्थानीय बेरोजगार भी आईटीआई करके डिप्लोमा पास किए हुए हैं। जब गुवा में आईटीआई पास डिप्लोमा कर कर बेरोजगार बैठे हुए हैं तो उसकी सेल गुवा में बहाली न देकर बोकारो से जॉइनिंग करा कर गुवा सेल जॉइनिंग करा रही है। जिसे हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं। साथ ही विभिन्न समस्याओं को लेकर उन्होंने सेल प्रबंधन को अवगत कराया की गुवा में भी डिप्लोमा किए हुए बेरोजगार है, उसे अभिलंव सेल में बहाली ली जाए, जब तक स्थानीय बेरोजगारों को डिप्लोमा में बहाली नहीं दी जाती है तब तक उन्हें ठेका मजदूर में बहाली दी जाएं, ठेका मजदूर की बहाली में महिलाओं को भी प्राथमिकता दी जाए, सप्लाई मजदूरों का नाइट एलायंस 90 रुपए दी जाएं, स्कूल में एडॉंक टीचर की वेतन में बढ़ोतरी की जाए, नो वर्क नो पे पर विचार कर ठेका कर्मियों को लाभ दिया जाए, ठेका मजदूरों को कंप्यूटर की ट्रेनिंग कराई जाए, सेल के कन्टैक्टर स्वर्गीय प्रमोद वर्मा का तीन साल का बकाया रिचेंटमेंट बेनिफिट का पैसा दी जाए। इन सभी मांगों पर सेल प्रबंधन ने 15 दोनों का समय मांगा है और अश्वत किया कि इन सब मांगों को जल्द ही पूरी की जाएगी। इसके साथ ही मजदूरों का आंदोलन समाप्त हो गया। आंदोलन करने वालों में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ यूनियन के केंद्रीय अध्यक्ष रामा पांडे, महामंत्री अंतर महाकुड़, राजेश यादव, राजेंद्र पृष्टि, किशोर सिंह, केदार ठाकुर, संजय सांडिल, चंद्रिका खंडाईत, आरती होरो सहित काफी संख्या में सेल कर्मी एवं ठेका श्रमिक मौजूद थे।

## बकरी चोरी के शक में दो युवकों की पिटाई, एक गंभीर

**पूर्वी सिंहभूम।** बागबेड़ा थाना क्षेत्र के हरहरगुटु में शुक्रवार रात भीड़ ने बकरी चोरी के संदेह में दो युवकों को बेरहमी से पीट दिया। समय पर पहुंची पुलिस ने दोनों को बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना हरहरगुटु पेट्रोल पंप के पास की है, जहां बकरी चोरी के आरोप में भीड़ ने सन्नी यादव (कीताडीह निवासी) और चंदन मिश्रा (हरहरगुटु निवासी) की लाठी और रॉड से जमकर पिटाई कर दी। चंदन मिश्रा के अनुसार, वह अपने दोस्त सन्नी के साथ टेंपो में महुलडीह गया था और लौटते समय सिगरेट खरीदने के लिए रुके थे। इसी दौरान एक युवक से कहासुनी हो गई।

# लोटा हरि मंदिर में तीन दिवसीय श्री श्री अखंड हरि नाम संकीर्तन को लेकर हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



लोटा हरि मंदिर में तीन दिवसीय श्री श्री अखंड हरी नाम संकीर्तन को लेकर बैठक की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 4, 5 और 6 जून को श्री श्री अखंड हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कार्यक्रम 3 जून दिन मंगलवार गन्ध दिवस, 4 जून दिन बुधवार सुबह 7 बजे से श्री श्री अखंड हरि नाम संकीर्तन का शुभारंभ साथ ही 6 जून दिन शुक्रवार को जागरण एवं 7 जून दिन शनिवार को सुबह 7 बजे से हरि नाम संकीर्तन का समापन एवं नगर संकीर्तन का आयोजन होगा जिसमें मुख्य पुजारी चेईतन दास गोस्वामी उपस्थित रहेंगे।इस मौके पर श्री श्री अखंड हरी नाम संकीर्तन कमेटी के काफी सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी हरि नाम संकीर्तन कमेटी के सक्रिय सदस्य समीर महतो ने दी और बताया कि इस श्री श्री अखंड हरि नाम संकीर्तन कमेटी की ओर से सभी श्रद्धालु एवं सभी भक्तों का हार्दिक स्वागत एवं हार्दिक अभिनंदन है।

# कांग्रेस सरना धर्म कोड के नाम पर केवल कर रही है राजनीतिक ड्रामा : चंपाई



**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कांग्रेस पार्टी पर आदिवासी समाज के साथ धोखा करने का गंभीर आरोप लगाते हुए एक बार फिर तीखा हमला बोला है। सोरेन ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा है कि कांग्रेस सरना धर्म कोड के नाम पर केवल "राजनीतिक ड्रामा" कर रही है, जबकि ऐतिहासिक रूप से आदिवासियों के हितों की उपेक्षा करने में सबसे आगे रही है। सोरेन ने याद दिलाया कि आदिवासी धर्म कोड, जो 1871 से अस्तित्व में था, उसे 1961 में कांग्रेस की सरकार ने ही हटा दिया था। इसके अलावा, 2014 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने सरना धर्म कोड की मांग को अव्यावहारिक बताते हुए ठुकरा दिया था। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस सरना कोड की वकालत कर रही है, लेकिन सच्चाई यह है कि उन्होंने हमेशा आदिवासी समाज को ठगने का काम किया है। झारखंड आंदोलन के दौरान भी कांग्रेस ने कई बार आदिवासियों पर गोलियां चलवाईं।

# समर कैंप का सफल आयोजन




चान्हो। प्रखंड स्थित बाघवार एकेडमी में नौ दिवसीय समर कैंप का समापन शनिवार को हुआ। समर कैंप के दौरान प्रतिभागी बच्चों *क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, एथलेटिक्स* सहित विभिन्न खेलों की बारीकियों की जानकारी दी गई। इन गतिविधियों का संचालन विद्यालय के कोच अजय कुमार सिंह एवं शालिनी टोप्पो ने किया । नौ दिनों तक चले इस कैंप में बच्चों ने उत्साह और उल्लास के साथ भागीदारी की। कैंप की जानकारी देते हुए स्कूल के निदेशक अशोक बाघवार ने बताया कि इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। जिससे वे खेल, कला, विज्ञान एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक बन सकें।

## चुटिया थाना क्षेत्र में युवक का शव मिल

**रांची।** चुटिया थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के पास देर शाम एक युवक की हत्या। सूचना मिलने के बाद चुटिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर रिम्स भेज दिया है, वहीं एफएसएल टीम मौके पर जांच कर रही है।

## स्व. राजेंद्रप्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर रोहिणी परियोजना में दी गई श्रद्धांजलि



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत रोहिणी परियोजना में झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री एवं श्रमिक नेता स्वर्गीय राजेंद्रप्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोहिणी परियोजना के पदाधिकारी दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में कामगारों एवं कर्मचारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इंटक नेता संजीव सिंह ने कहा कि स्व. राजेंद्र बाबू कोल इंडिया के कर्मचारियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने श्रमिकों के हक और अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे मजदूरों की आवाज बनकर हर मंच पर उनका प्रतिनिधित्व करते थे। उनका जीवन और योगदान हम सभी के लिए अनुकरणीय है। इस मौके पर पीई (ईएंडएम) पीके सिंह, कार्यवाहक प्रबंधक केपी नायक, सुधीर कुमार, यशवंत पांडेय, ध्वजाराम धोबी, प्रधान मुंडा, रामा उरांव, किशुन राम, अनिल कुमार सहित रोहिणी परियोजना के कई अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित थे।

## डोभा में डूबने से दो बच्चों की मौत

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना अंतर्गत फूलझरी गांव में शनिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में दो मासूम बच्चों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में संजीत सरदार की तीन वर्षीय बेटी रस्मिता सरदार और राजेश सरदार का डेढ़ वर्षीय पुत्र आशीष सरदार शामिल हैं। दोनों बच्चे घर के पास एक छोटे तालाब (डोभा) में बतख देखने के बहाने निकले थे।

## पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर में शनिवार को कोल्हान नितिर तुरतुंग के चक्रधरपुर केंद्र में आदिवासी मित्र मण्डल की ओर से पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के बीच "पर्यावरण संरक्षण" विषय पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाना था। "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने" विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्लास्टिक के बढ़ते खतरे, पर्यावरण पर इसके दुष्प्रभाव और इसके उपयोग को कम करने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। इन योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्र उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्यक्रम में आदिवासी युवा मित्र मण्डल के सचिव रबिन्द्र गिलुवा, सुरजीत नाग और साधु हो।

### सपही नदी का मटमैला व गंदा पानी सप्लाई, लोगा परेशान

# आरसीएमएस ने जताया विरोध दी आंदोलन की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत चूरी मानकी स्थित आवासीय कॉलोनी में इन दिनों सपही नदी से आने वाला मटमैला और पूरी तरह प्रदूषित पानी सप्लाई किया जा रहा है। बिना समुचित शोधन के सीधे नलों में भेजे जा रहे इस पानी की गुणवत्ता इतनी खराब है कि उसका उपयोग पीने, नहाने या घरेलू कार्यों के लिए कर पाना मुश्किल हो गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पानी में इतनी गंदगी है कि फिटकरी डालने के बावजूद वह साफ नहीं हो रहा। बर्तनों में पीली परत और गाद जम रही है। लगातार चार दिनों से इसी तरह का दूषित पानी मिल रहा है, जिससे कॉलोनीवासियों में संक्रामक रोगों को लेकर भय व्याप्त है।

### वेलफेयर बैठकों में उठती है समस्या, लेकिन समाधान नहीं

आरसीएमएस चूरी शाखा के सचिव सोनू पांडेय ने इस गंभीर समस्या को लेकर सीसीएल प्रबंधन पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वेलफेयर कमेटी की हर बैठक में पेयजल आपूर्ति की बदहाली की बात उठाई जाती है, फिर भी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिविल विभाग हर वर्ष जल आपूर्ति प्रणाली के सुधार के नाम पर लाखों रुपये खर्च करता है, लेकिन इसका कोई प्रत्यक्ष लाभ कॉलोनीवासियों को नहीं मिल रहा। उन्होंने हाल ही में रोहिणी फिल्टर प्लांट को पुनर्जीवित करने के प्रयासों की सराहना के क्रम में कुछ लोगों द्वारा स्टाफ ऑफिसर सिविल को 'जल पुरुष' की उपाधि दिए जाने को भी हास्यास्पद करार दिया। उन्होंने कहा कि चूरी मानकी भी सीसीएल की ही कॉलोनी है, जहां लोग शुद्ध जल के लिए तरस रहे हैं। ऐसी स्थिति में इस प्रकार की उपाधि देना कोरी प्रशंसा प्रतीत होती है।

### साफ पानी नहीं मिला, तो होगा आंदोलन : आरसीएमएस

सोनू पांडेय ने स्पष्ट रुप से चेताया कि यदि शीघ्र ही शुद्ध व सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की गई, तो आरसीएमएस आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी एनके प्रबंधन की होगी। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां कर्मचारी अपने परिश्रम से कंपनी की प्रगति में योगदान दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें मूलभूत सुविधाएं भी समय पर नहीं मिल रही हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## नौ जुलाई को 2 घंटे का चक्का जाम करेगी सीपीआई झारखंड

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड राज्य परिषद की बैठक वरिष्ठ नेता कॉम सूरजपत सिंह की अध्यक्षता में हुई। संचालन अजय कुमार सिंह ने किया पहलगाम आतंकी घटना पर 2 मिनट के मौन रखकर शहीदों की श्रद्धांजलि दी गई। राजनीतिक एवं सांगठनिक रिपोर्ट राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने पेश किया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की 24 25 26 अगस्त को रांची में तीन दिवसीय राज्य का सम्मेलन होगा। 24 अगस्त को रांची में विशाल आम सभा किया जाएगा । 9 जुलाई को श्रमिक संगठनों के आवाहन पर आहूत आम हड़ताल के समर्थन में केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में दो घंटा का चक्का जाम पूरे झारखंड में किया जाएगा। जून महीने में ब्रांच से लेकर अंचल एवं जिला का सम्मेलन के साथ-साथ राज्य में मजबूत कम्युनिस्ट पार्टी के निर्माण के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जनसंगठन का निर्माण एवं जन संगठनों के सम्मेलन के माध्यम से पार्टी को मजबूत बनाया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राज्य सरकार झारखंड की विधानसभा परिसर में अभिलंब बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर एवं जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करें।

### ट्रेन में भटकते मिले बच्चे को खलारी आरपीएफ को सौंपा

# युवक की सजगता से बच्चा हुआ सुरक्षित

**नवीन मेल संवादादाता। खलारी**



- आदित्य ने तत्काल खलारी चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट के सदस्य मुन्नू शर्मा को इसकी सूचना दी

गोमो-चोपन डाउन सवारी गाड़ी (संख्या 53344) में बुधवार को एक लावारिस बच्चा ट्रेन के डिब्बे में भटकता हुआ पाया गया। ट्रेन में यात्रा कर रहे मोहन नगर निवासी आदित्यकुमार चौहान की नजर जब बच्चे पर पड़ी, तो उन्होंने मानवीय संवेदना दिखाते हुए उससे बातचीत की। पूछताछ में बच्चे ने खुद को अनाथ बताया। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए आदित्य ने तत्काल खलारी चाइल्ड प्रोटेक्शन यूनिट के सदस्य मुन्नू शर्मा को इसकी सूचना दी। मुन्नू शर्मा ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए धनबाद रेलवे सुरक्षा नियंत्रण कक्ष एवं बरकाकाना कंट्रोल को इसकी जानकारी दी। सूचना के आधार पर ईसीआर कंप्लेन संख्या 927 के तहत बच्चे को खलारी रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) की निगरानी में ट्रेन से उतारकर सुरक्षा में लिया गया। इसके बाद उसे संरक्षण में लेकर बरकाकाना चाइल्ड हेल्प डेस्क के समन्वय से आगे की प्रक्रिया की जा रही थी। हर को इस तरह के कार्यों से लोग काफी खुश नजर आ रहे हैं। लोगों को कहना कि जागरूकत बहुत ही जरूरी है।

मुन्नू शर्मा ने युवक आदित्य चौहान की जागरूकता और संवेदनशीलता की प्रशंसा की और साथ ही रेलवे सुरक्षा बल धनबाद, बरकाकाना व खलारी आरपीएफ पोस्ट को त्वरित सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया शहर में 38 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना



**कोडरमा।** जिले के झुमरी तिलैया शहर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, कोडरमा द्वारा 38 सीसीटीवी कैमरों की स्थापना की गई है। इन कैमरों का उद्घाटन समारोह 24 मई 2025 को झंडा चौक, तिलैया स्थित कैमरा कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया। इस पहल की नींव 22 दिसंबर 2024 को रखी गई थी, जब पुलिस अधीक्षक, कोडरमा ने चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों और व्यवसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विचार-विमर्श किया था। कोडरमा पुलिस और चेम्बर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त प्रयास से स्थापित इन कैमरों से झुमरी तिलैया शहर में निगरानी क्षमता में वृद्धि होगी, जिससे अपराधों की रोकथाम और त्वरित जांच में सहायता मिलेगी। यह कदम शहर की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो नागरिकों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

### रुडसेट संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ समापन

# विभिन्न स्थानों से आए 70 प्रशिक्षणार्थियों ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**



केनरा बैंक एवं श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 31 दिवसीय महिला वस्त्र निर्माण गारमेंट एवम् 12 दिवसीय लघु उद्यमी फास्ट फूड स्टॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। मुख्य अतिथि श्री निधि कान्त नीरज, डीपीएम, जे एस एल पीएस रांची, शिव कुमार रमन ,दीपक कुमार, प्रमोद कुमार,सचिन कुमार, डी.म रांची उपस्थित हुए तथा नौ ब्लॉक के सभी बीपीएम, बीपीओ,एफटीसी,सीसी और जीआरपी भी उपस्थित हुए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन प्रखंड सोनाहातू,राहे, नामकुम,लापुंग, ओरमांझी से आए 70 प्रशिक्षणार्थीयों ने सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त लिया। मुख्य अतिथि निशिकान्त नीरज ने प्रमाण पत्र देते हुए यह संदेश दिया फूलो झान्हो आशीर्वाद योजना के तहत सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र की वैसी गरीब महिलाएं दीदी जो हडिया- शराब बेचने का जो कार्य करती है वैसी महिलाएं दीदी को रूडसेट संस्थान के माध्यम से प्रक्षिशण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने की बात कही ।आप सभी लोग आत्मविश्वास से प्रशिक्षण प्राप्त किए है।यह मुझे देखने से ही लग रहा है क्योंकि आप का आत्मविश्वास कह रहा है क्योकि महिलाएं भी टेलरिंग और फास्ट फूड के क्षेत्र में आए और ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाए, क्योंकि आज के समय में काफी मांग है बाजारों में प्रशिक्षण के बाद आप अपना खुद का स्वरोजगार करे, यहां पर व्यक्तित्व विकास का भी प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि आप अपना स्वरोजगार बेहतर तरीका से कर सकते है। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह कहा कि आज के दौर में महिलाएं टेलर बहुत कम देखने को मिलता है, आप अच्छे से प्रशिक्षण लेकर अपना स्वयं का स्वरोजगार करे और आप बेहतर तरीका से कार्य करे,और आप एक सफल उद्यमी बने। मंच का संचालन मौके पर वरिष्ठ संकाय जगदीश कुमार महतो,और वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार,डीएसटी मौसमी गोराई,दशरथ कुमार महतो, महेश रुहिदास,सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## जिला अध्यक्ष शमीम अख्तर ने किया जयहिंद समारोह स्थल का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। इटकी**

जिला ग्रामीण अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष शमीम अख्तर ने शनिवार को मांडर विधानसभा के इटकी में 27 मई को हो रहे जयहिंद समारोह के स्थल का निरीक्षण किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सांसद और कांग्रेस के केन्द्रीय अल्पसंख्यक अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी होंगे। जानकारी के मुताबिक पुरे रांची जिला और झारखंड के पच्चास हजार लोग इस सभा में उपस्थित होंगे। मौके पर शमीम अख्तर के अलावा मांडर प्रखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आबिद अंसारी, अबुजर अंसारी, मांडर के युवा प्रखंड अध्यक्ष शमसुल शेख, जिला उपाध्यक्ष मो० खालीद,अबु माज, अबरार ईमाम , अब्बास अंसारी, अहमद अंसारी,मंजर अंसारी,जुनस केरकेट्टा, ताहिर अंसारी और अन्य लोग मौजूद थे।

## खूंटी में मोबाइल चोर गिरोह का खुलासा, छह आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र और आसपास के क्षेत्रों में विगत कुछ महीनो से हो रही मोबाइल चोरी की घटनाओं में संलिप्त मोबाइल चोर गिरोह का पुलिस ने खुलासा करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर चोरी के तीन मोबाइल फोन और मोबाइल फोन का लॉक तोड़ने में प्रयुक्त एक सीपीयू को पुलिस ने बरामद कर लिया है। यह जानकारी खूंटी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक ने शनिवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में मोबाइल चोरी में संलिप्त खूंटी के जन्नत नगर निवासी नाहिद अंसारी और हराण अंसारी के साथ ही चुराए गए मोबाइल का लॉक तोड़ने और उसे बेचने में शामिल खूंटी जन्नत नगर के सिल्लू उर्फ नाजिर जावेद एवं महफूज आलम तथा चोरी का मोबाइल खरीदने वाले मोबाइल दुकानदार जन्नत नगर के अयान अंसारी और गया बिहार के मूल निवासी बिंदेश्वर पासवान शामिल हैं। इस संबंध में खूंटी थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एसडीपीओ ने बताया कि इस गिरोह में कुछ अन्य लोग भी शामिल हैं।

### उपायुक्त ने की मध्याह्न भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

# जिले के सभी स्कूलों में गैस कनेक्शन सुनिश्चित करें

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान रामगढ़ विधायक रामगढ़ ममता देवी, बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ बबीता कुमारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त में सभी विद्यालय में गैस कनेक्शन सुनिश्चित करने के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए शेष बचे विद्यालयों में भी गैस कनेक्शन सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# प्राचार्य बसंत कुमार ने डॉ.सुनील कु.चतुर्वेदी को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो पंचायत अवस्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के तत्वावधान में विष्णुगढ़ स्थित बाल विकास विद्यालय स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान चलाया गया , जिसमें प्रशिक्षुओं नें स्वास्थ्य सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच साझा की। विद्यालय के संरक्षक नवल किशोर वर्मा एवं राजेन्द्र प्र सिंह,निर्देशक विवेक कुमार, प्राचार्य बसंत कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से मोमेंटो देकर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कु. चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया । अपने सम्बोधन में श्री कुमार ने कहा की"शिक्षा, स्वास्थ्य जागरूकता का एक महत्वपूर्ण पहलू है लोगों को अस्वास्थ्य जीवनशैली विकल्पों से जुड़े जोखिमों और उन्हें कम करने के तरीकों के बारे में जागरूक होना चाहिए।" मौके पर आईक्यूऐसी कॉर्डिनेटर एवं एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ० कुमारी स्वर्णा मिश्रा,स्वास्थ्य कर्मीयों में आशा सुपरवाइजर पिंकी चौरसिया,वीणा देवी, बीआईटी बेबी देवी, शशिभूषण देव, राघवेंद्र प्रताप,सरोज श्रीवास्तव, राजेश कुमार बर्मा,प्रवीण कु० जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ० सतीश चंद यादव,जयपाल राणा,डॉ० अम्बरीश कु० दुबे बाल विकास विद्यालय के शिक्षकों में मनोज कु० पाठक, छोटीनाथ गोस्वामी, विजेंद्र कुमार, संजना मिश्रइनके अलावे काफ़ी संख्या में अभिभावकों एवं सैकड़ों बच्चों की उपस्थित थे ।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा के भैया शिवम का चयन लाल-लाडली योजना में हुआ



**रामगढ़** । कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर,रजरप्पा प्रोजेक्ट के भैया शिवम मिश्रा पिता कुंदन कुमार मिश्रा का चयन सीसीएल के लाल-लाडली योजना में हुआ है। प्रत्येक वर्ष सीसीएल अपने कमांड क्षेत्र के दसवीं पास बच्चों के लिए उच्च शिक्षा हेतु ' सीसीएल के लाल-लाडली योजना ' लेकर आती है। जिसमें 20 मेधावी लाल और 20 मेधावी लाडली का नामांकन लिया जाता है। चयनित छात्र-छात्राओं को आईआईटी के लिए निः शुल्क कोचिंग सुविधा, प्लस टू के लिए डीएवी गाँधी नगर रांची में पढ़ने और छात्रावास की सुविधा दी जाती है। प्राचार्य उमेश प्रसाद सहित विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह,सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष झा,उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने भैया शिवम को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

### प्रांतीय खेल कूद प्रतियोगिता में स्कूल का उम्दा प्रदर्शन, कबड्डी में तीसरा स्थान



**बरही** । सरस्वती शिशु मंदिर कुमार टोली हजारीबाग में विद्या विकास समिति का अंडर - 17 ग्रुप के विद्यार्थियों के लिए 36वें प्रांतीय कबड्डी एवं खोखो प्रतियोगिता आयोजित हुआ. जिसमे झारखंड प्रांत के कुल 39 विद्यालय के कुल 87 टीमों ने हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के विद्यार्थियों का उम्दा प्रदर्शन रहा. इस प्रतियोगिता में इस विद्यालय के बाल वर्ग (6-8) की बहनों ने कबड्डी मे तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया. उक्त जानकारी प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने दी. उन्होंने बताया कि विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मानित भी किया गया. यह सम्मान प्रबंध करनी समिति के अध्यक्ष अमित साहू व विद्यालय प्रधान ने संयुक्त रूप से एक सादे कार्यक्रम में दिया. इस अवसर पर विद्यालय की कई आचार्य और आचार्या मौजूद थे.

### आवासीय विद्यालयों में नामांकन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी, बड़का गांव विधायक रोशन लाल चौधरी, सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग राजीव जायसवाल सहित अन्य बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम द्वारा उपायुक्त एवं विधायकों सहित अन्य को जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में रामगढ़ जिला अंतर्गत 4 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं 2 झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में नामांकन हेतु प्रखंड स्तरीय समिति से विद्यार्थियों की सूची प्राप्त है। मौके पर उनके द्वारा प्राप्त सूची के संबंध में विस्तृत जानकारी सभी को दी गई। बैठक के दौरान जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रखंड स्तरीय समिति से प्राप्त बच्चों की सूची पर चर्चा के उपरांत बच्चों के नामांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्कूल में अभिनव शतरंज बोर्ड का किया गया उद्घाटन



**बरही।** श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल (एसआईएस) देवचंदा मोड़ में शनिवार से एक बड़ा अभिनव शतरंज बोर्ड प्रारंभ हुआ. जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने फीता काटकर किया. मौके पर कई अभिभावक व शिक्षक व शिक्षाकेत्तर कर्मी मौजूद थे. प्राचार्य श्री सिंह ने कहा कि यह शतरंज बोर्ड विद्यार्थियों में खेल भावना के साथ मानसिक विकास, तर्कशक्ति और एकाग्रता को भी सशक्त बनाएगा. यह पहल क्षेत्र में शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को बढ़ावा देने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी. प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि श्रीदस स्कूल अपने विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास को लेकर गंभीर है. इसी उद्देश्य से प्रबंधन सतत नए प्रयासरत है. मौके पर उपस्थित अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रधान प्रबंधन की तारीफ किया. मौके पर मौजूद विद्यार्थियों ने शतरंज के कुछ चाल चलकर खेल का अभ्यास भी किया.

### छत्तर मांडू में हादसा, लपंगा के युवक की मौत, दूसरा घायल

**भुरकुंडा।** रजरप्पा प्रोजेक्ट से लौटने के दौरान भदानीनगर थाना क्षेत्र के लपंगा नायक टोला निवासी 24 वर्षीय युवक विशाल कुमार नायक की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात लगभग ढाई बजे रामगढ़ छतर-मांडू मार्ग पर हुआ, जब उनकी बाइक अनियंत्रित होकर एक दुकान के सामने रखे एडवेस्टेस सीटों से टकरा गई। इस हादसे में विशाल के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार उसका साथी राहुल कुमार घायल हो गया। राहुल को हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। मृतक विशाल भदानीनगर नायक टोला निवासी रामवृक्ष कुमार का पुत्र था। अपने मित्र राहुल के साथ रजरप्पा प्रोजेक्ट में आयोजित एक कार्यक्रम से घर लौट रहा था। तभी यह दुर्घटना हो गई। शनिवार को विशाल का अंतिम संस्कार आईएजी श्मशान घाट में किया गया।

# फूसरी गांव में चल रही विकास योजनाओं की जांचकर बीडीओ व सीओ ने उपायुक्त को सौंपी रिपोर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

उपायुक्त नैंसी सहाय के आदेशानुसार केरेडारी प्रखंड के दुरुस्त गांव मनातू पंचायत के फूसरी के सर्वांगीण विकास की जानकारी लेने प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी, केरेडारी ने गांव का दौरा कर ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ वर्तमान में चल रही विकास योजनाओं यथा मनरेगा योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विधायक मद की योजना, नल जल योजना, प्रधानमंत्री सड़क योजना आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान गांव/ग्रामीणों के विकास के लिए आवश्यक योजनाओं का सर्वे कर अनुशंसा के साथ उपायुक्त को भेजा गया। इसमें स्वरोजगार से संबंधित मत्स्य पालन, सुकर पालन, कुक्कुट पालन सहित पुल पुलिया, संपर्क पथ निर्माण की योजना भी शामिल है। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि सरकार की यह योजना है कि राज्य का कोई भी ऐसा गांव न हो जो विकास में पीछे रह जाए। हर गांव में बिजली, पानी, स्वास्थ्य और सड़क से लैस होनी चाहिए। तभी आपका देश और राज्य तरक्की कर सकता है। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल के साथ उक्त पंचायत के मुखिया, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय निःशुल्क लोकनृत्य कार्यशाला सह झार उत्सव का हुआ उद्घाटन

# प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करेगी सांस्कृतिक कार्यशाला

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



झारखंड के साथ भारतीय लोक संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिभाओं को निखारने एवं उनको बेहतर मंच प्रदान करने के लिए , प्रतिष्ठित संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग द्वारा एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद ,युवा कार्य विभाग, झारखंड सरकार वित्तीय सहायता अनुदान के अंतर्गत जिला स्तरीय सात दिवसीय निःशुल्क लोकनृत्य,लोककला, लोकगीत एवं लोकनाट्य कार्यशाला सह झार उत्सव 2025 प्रधान कैफेटेरिया स्थित बैंक्वेट हॉल में किया गया। बतौर मुख्य अतिथि जिला योजना पदाधिकारी हजारीबाग पंकज तिवारी के साथ राष्ट्रपति पुरुस्कार सम्मानित डॉक्टर सरिता सिंह के साथ सचिव तरंग ग्रुप अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज पुरी,सुबोध आकाश ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। अतिथियों का स्वागत गणेश वंदना से सामिष्ठा डांस एकेडमी की छात्रा अदिति शुक्ला ने किया जिसका निर्देशन रूबी राणा के द्वारा किया गया था। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि हजारीबाग में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस जरूरत है उन्हें बेहतर मंच और मार्गदर्शन की और इस तरह का कार्यशाला का आयोजन मिल का पत्थर साबित होगी। हम प्रयास करेंगे कि हजारीबाग के कुछ गांव को गोद लेकर कर उसको भी सोहराई के साथ विकसित करें। इस कार्यशाला में लगभग 160 बच्चों को इस कला का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में सभी प्रशिक्षुओं को झारखंड के अंतराष्ट्रीय कला सोहराई एवं कोहबर के साथ झूमर नृत्य गीत का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। सात दिवसीय कार्यशाला का समापन 01 जून को प्रधान कैफेटेरिया में ही प्रस्तावित है ,जहां कार्यशाला में तैयार पेंटिंग,नृत्य ,गीत एवं नाटक प्रदर्शन किया जाएगा एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में चित्रकला कार्यशाला की मुख्य प्रशिक्षक रुक्मिणी देवी के साथ सहायक प्रशिक्षक संतोष प्रजापति, कृष्णा दांगी लोक नृत्य में सुनील सोनी ,रूबी राणा,लोक गीत में राजू कुमार ,शुभी तनवी एवं लोक नाट्य में दीपक झा के साथ अमित कुशवाहा शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का सम्मान आयुषी और आंशिक सिंह के पेड़ बचाओ विषय पर नृत्य नाटिका के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्यों के साथ प्रशिक्षकों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

### सीएससी ओलंपियाड- 6 का पंजीकरण प्रारंभ 213 विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का लक्ष्य




**बरही** । भारत सरकार के आईटी डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित होने वाली सीएससी ओलंपियाड की परीक्षा के लिए पंजीकरण प्रारंभ हो चुका है. इसमें कक्षा तीन से लेकर 12वीं के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं. जिसमे निजी या सरकारी विद्यालय के कोई भी विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकते हैं. परीक्षा नवंबर 2025 में ऑनलाइन होंगे जो सभी सीएससी सेंटर पर आयोजित किए जाएंगे. इसके लिए कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थी अपना पंजीकरण करवा सकते है. परीक्षाफल अगले वर्ष फरवरी में प्रकाशित किए जायेंगे. परीक्षा के लिए पंजीकरण सितंबर 2025 तक किया जायेगा. परीक्षा प्रपत्र ऑनलाइन भरे जाएंगे. इसके लिए प्रति विषय 299 रुपए शुक्ल निर्धारित है. कोई भी विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार एक या एक सेवाधिका विषय के लिए आवेदन कर सकता है. उक्त जानकारी देते हुए सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन बरही सह रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज के एसआरसी प्रबंधक जयदीप कुमार सिन्हा ने दी. उन्होंने यह भी बताया कि सीएससी ओलंपियाड परीक्षा में जिस विद्यालय से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे उस विद्यालय को भीं सम्मानित किया जायेगा.

### कोल इंडिया के चेयरमैन से मिले हजारीबाग सांसद

# दुर्घटना में अपंग हुए कामगारों के आश्रितों को मुआवजा व रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



सांसद मनीष जायसवाल ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित कोल इंडिया के मुख्यालय में कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम.प्रसाद से भेंट कर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर उनसे विस्तृत चर्चा की। सांसद मनीष जायसवाल ने क्षेत्र के विकास एवं कामगारों के हित में दुर्घटना में अपंग हुए कामगारों के आश्रितों को शीघ्र मुआवजा एवं रोजगार उपलब्ध हो, इसके लिए एक समिति के गठन का प्रावधान पहले से मौजूद है। लेकिन इस समिति के अभाव में इन मामलों के निपटारे में अनावश्यक विलंब हो रहा है, जिससे प्रभावित परिवारों का जीवन-यापन प्रभावित हो रहा है। अतः लंबित सभी मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु समिति गठन की मांग की। कर्मचारियों के आवासों एवं उनके आस-पास के क्षेत्रों की अवस्थापना गुणवत्ता में सुधार की आवश्यकता जताई गई। सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की नई व बंद पड़ी हुई कोल परियोजनाओं की प्रगति पर उनसे वार्ता करते हुए बताया कि हजारीबाग क्षेत्र की कई कोल परियोजनाएं, जो हाल के दिनों में प्रारंभ होने की स्थिति में / या बंद पड़े हुए हैं, उनकी प्रगति धीमी है। इनमेंअरगड्डा काजू बगान, आरा कुजू, पुंडी कुजू, केदला, के.के. कोलियरी, सौंदा डी, रजरप्पा-दामोदर क्षेत्र प्रमुख हैं। इन परियोजनाओं के शीघ्र संचालन हेतु विशेष आग्रह किया गया। इसके अलावे सीएसआर मद से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीसीएल कोलियरी क्षेत्रों में हाइ मास्ट लाइट्स लगाए जाने की मांग की गई। कोल इंडिया के चेयरमैन पी.एम. प्रसाद ने सांसद मनीष जायसवाल द्वारा बताए गए उपर्युक्त सभी बिंदुओं पर सकारात्मक पहल का उन्हें आश्वासन दिया है ।

### 72 लाख से अधिक की राशि से गार्डवाल और पीसीसी पथ निर्माण का हुआ शिलान्यास

**रामगढ़।** डीएमएफटी मद के 72 लाख 11 हजार 8 सौ की राशि से बड़गांव में बनने वाले गार्डवाल और पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शनिवार को मांडू विधायक तिवारी महतो ने शिलान्यास किया। उक्त पथ बड़गांव के डूब से लेकर मदन ठाकुर के खेत तक बनना है। जिसे छह महीने में पूर्ण करना है। शनिवार को मांडू विधानसभा के आजसू विधायक निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो और भाजपा सांसद प्रतिनिधि अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के बाद नारियल तोड़ कर विधिवत रूप से शिलान्यास किया। मौके पर विधायक महतो ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र के हरेक गांव तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए हर संभव कार्य कर रहा हूं। जिसके तहत आज अपने उन्हीं वादों को पूरा करने की दिशा में ये पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाना एक महत्वपूर्ण कदम है।

### ताइक्वांडो अकादमी में राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों का हुआ सम्मान


# खिलाड़ियों की मेहनत ही हजारीबाग की असली पहचान है : हर्ष अजमेरा

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



नॉकआउट ताइक्वांडो अकादमी के द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ियों की उपलब्धियों को सार्वजनिक मंच पर पहचान देना और उन्हें आगे और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उनके साथ हजारीबाग ताइक्वांडो संघ के सचिव हेमंत कुमार, संयुक्त सचिव चंदन राणा, रौशन गुप्ता तथा प्रशिक्षक निरंजन कुमार यादव और सचिन कुमार भी मंच पर उपस्थित रहे और खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणा प्रदान की। अकादमी के निदेशक रौशन कुमार चौहान ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों के भीतर आत्मविश्वास पैदा करना और उनके कठिन परिश्रम की सराहना करना है। उन्होंने बताया कि ताइक्वांडो जैसी खेल विधा में अनुशासन, समर्पण और लगन के बल पर ही ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचे हैं, और आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी प्रदर्शन करेंगे। मुख्य अतिथि हर्ष अजमेरा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा की हजारीबाग के लिए यह गौरव का विषय है कि यहां के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर जिले और राज्य का नाम रौशन कर रहे हैं। मैं व्यक्तिगत रूप से खेलों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम मानता हूं और हमेशा खिलाड़ियों के साथ खड़ा रहूंगा। हमारी युवा पीढ़ी जब खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मबल और नेतृत्व सीखती है, तब वह न केवल एक अच्छा खिलाड़ी बल्कि एक जिम्मेदार नागरिक भी बनती है। आने वाले समय में भी मैं अकादमी और खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देता रहूंगा। इस अवसर पर जिन राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया उसमें सलोनी नयन शर्मा, उदित किशोर, विश्वजीत राज सिंह, राजन कुमार, रितेश कुमार, राखी सिन्हा, अस्वेल तिग्गा, नीरा हैं. इन सभी खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों एवं भार वर्गों में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए हैं, जिससे न सिर्फ अकादमी बल्कि पूरे झारखंड को उन पर गर्व है।

# सुरक्षा विभाग ने कोयला चोरी कर रहे चार बाइक को पकड़ा



**केदला।** सीसीएल हजारीबाग कोयला क्षेत्र के परेज ईस्ट प्रोजेक्ट के सुरक्षा प्रभारी अजय दास ने अवैध रुप से परियोजना के कोल डिपो से कोयला चोरी कर ले जा रहे चार बाइक को पकड़ा। सुरक्षा विभाग ने कोयला चोरी में शामिल बाइक जेएच 02 एफ 5901, जेएच 02 बी पी 2482, जेएच 02 एजी 7538, जेएच 02 1325 को पकड़ कर वेस्ट बोकारो ओपी पुलिस के हवाले किया है। पुलिस को दिए आवेदन में परेज सुरक्षा प्रभारी अजय दास ने कहा है कि आए दिन अल सुबह दर्जनों की संख्या में ग्रामीण परियोजना के कोल डिपो से जबरन बाइक में कोयला लोड कर चोरी करते हैं। बार-बार मना करने पर भी लोग नहीं मान रहे थे। कोल डिपो में वाहनों का आना जाना लगा रहता है। जिससे आए दिन अप्रिय घटना होने की संभावना कोयला डिपो में बनी रहती है। इस चोरी से अप्रिय घटना के साथ साथ सरकार को भी आर्थिक नुकसान हो रहा था। इसलिए कोयला चोरी की घटना को रोकने के लिए कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से चार बाइक को जब्त किया है। सुरक्षा प्रभारी ने सभी बाइक मालिक पर उचित कानूनी कार्रवाई करने के लिए पुलिस से आग्रह किया है।

डोंगाइत टोली गांव में पेयजल संकट

# सालों से नदी का पानी पीने को मजबूर ग्रामीण





**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित डोंगाइत टोली गाँव में ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ के लोग सालों भर नदी का पानी पीते हैं। यहाँ दो चापाकल हैं, किन्तु एक चापाकल से लाल रंग का गंदा पानी निकलता है, जो पीने लायक नहीं है। वहीं दूसरे चापाकल में पाइप नहीं है, जिसे मरम्मत के दौरान मिस्त्री लोग खोल कर ले गए थे पेयजल की समस्या की सूचना मिलने पर प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा ने ग्रामीणों से मुलाकात कर गाँव की सारी समस्याओं की जानकारी ली और पानी की समस्या का तत्काल समाधान करने की बात कही। प्रमुख सुनीता केरकेट्टा ने ग्रामीणों द्वारा शंख नदी के बालू पर बनाए गए छोटे-छोटे चुआं को देखा और कहा कि यह अत्यंत अफसोसजनक है कि यहाँ शंख नदी पर करोड़ों रुपए की लागत से जलमीनार बनाया गया, और वहीं के लोगों को जलमीनार से एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि फिलहाल चापाकल मरम्मत के लिए फंड उपलब्ध है। जहाँ भी चापाकल खराब पड़ा है, उसके लिए तत्काल आवेदन जमा करें, ताकि चापाकल की मरम्मत कराई जा सके।

### दिखावा साबित हो रही है करोड़ों रुपए की लागत से बनी बोलबा की जलमीनार

बोलबा शंख नदी पर करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई जलमीनार अब केवल हाथी का दांत बन कर बनकर रह गई है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग ढाई साल से यहाँ के लोगों को पीने के लिए एक बूंद भी पानी नहीं मिल रहा है। इस संबंध में विभाग के अभियंता ने बताया कि शुरुआत में जब यह जलमीनार पीएचईडी द्वारा संचालित हो रही थी, तब नियमित रुप से लोगों को पानी मिल जाता था। इसके बाद इसे पंचायत को हैंडओवर कर दिया गया। इसी क्रम में पानी आपूर्ति करने वाली मशीन में कुछ खराबी आ गई, और तब से अब तक पानी की आपूर्ति बंद है।अभियंता ने बताया कि इस संबंध में उपायुक्त सिमडेगा को एक पत्र लिखा गया है। जल्द ही पुन: पेयजल आपूर्ति शुरु की जाएगी।

# तोरपा विधायक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने शनिवार को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया तथा अस्पताल में भर्ती रोगियों से मिलकर उनका हाल चाल जाना। मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। डॉक्टर मोहम्मद शहबाज अली से अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों के बारे में पूछा.विधायक ने अस्पताल में नया एक्स रे मशीन लगाने की बात कही।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि स्वास्थ्य लोगों की आधारभूत आवश्यकता हैं,लोग बड़े उम्मीद से अस्पताल में ईलाज के लिए आते है।डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं।अस्पताल में आने वाले मरीजों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएं।उन्होंने कहा कि डॉक्टर और अस्पताल की जरूरतों को लेकर जल्द स्वास्थ्य मंत्री से मिलेंगे,वहीं सिविल सर्जन से बात कर एक्स रे मशीन इनस्टॉल कर चालू करने को कहा। निरीक्षण के क्रम में निजी सचिव अरमान तोपनो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल लुगुन, उपाध्यक्ष आलोक बारला, लोरेंस बागे, तनवीर हुसैन, कोषाध्यक्ष जगदीश बागे, वरिष्ठ कार्यकर्ता आनंद मसीह तोपनो, बिरसा मुंडा खेल समिति अध्यक्ष संतोष साहू, दुलार बा, सुधीर लुगुन, अनुज गुड़िया, जोन कंडुलना, सबन डांग, संतोष जोजो, सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद, सिम्हातु पंचायत अध्यक्ष विजय किड़ो, अलावा स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।



# बिरसा हरित ग्राम योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने प्रखंड कार्यालय कुरडेग का निरीक्षण किया और वहां के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मनरेगा एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उपायुक्त ने सर्वप्रथम बिरसा हरित ग्राम योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि कुरडेग प्रखंड में इस वित्तीय वर्ष में 200 एकड़ भूमि पर पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप गड्ढा खुदाई का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में फर्जी लाभुकों को भुगतान न हो। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को वास्तविक रोजगार उपलब्ध कराना है। यदि फर्जी भुगतान के मामले सामने आते हैं, तो संबंधित पदाधिकारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में पंचायतवार मानव दिवस सृजन की भी समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि हेठमा पंचायत एवं खिंडा पंचायत में बहुत कम मानव दिवस सृजन हुआ है। उपायुक्त ने इन पंचायतों के रोजगार सेवकों से योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली और निर्देश दिया कि श्रमिकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन बढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि महिला श्रमिकों की भागीदारी को भी सभी पंचायतों में प्राथमिकता दी जाए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने हेठमा पंचायत अंतर्गत बागवानी योजना का स्थलीय जायजा लिया और लाभुकों से सीधे संवाद किया। एक लाभुक ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष कच्चे आम की बिक्री से लगभग 50,000 रुपये की आमदनी की है। उपायुक्त ने आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत प्रस्तावित गड्ढा खुदाई कार्य का भी निरीक्षण किया और निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। मजदूरी भुगतान 15 दिनों के भीतर करने और लंबित भुगतान मामलों का शीघ्र निपटारा करने के आदेश भी दिए गए।उपायुक्त ने सभी रोजगार सेवकों को निर्देशित किया कि सोकपिट योजनाओं को सोमवार तक ऑनगोइंग की स्थिति में लाया जाए। साथ ही, बिरसा सिंचाई कूप योजना, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मिट्टी-मोरम पथ, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की भी समीक्षा की गई और कई महत्त्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए।

उरूमकेला में रेड क्रॉस का स्वास्थ्य शिविर

# सैकड़ों ग्रामीणों को मिला इलाज और योजनाओं का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, सिमडेगा इकाई द्वारा शनिवार को झारखंड और छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित सुदूरवर्ती गांव उरूमकेला में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था, जहां सामान्यतः चिकित्सकीय सुविधाओं की भारी कमी रहती है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षणों तथा निशुल्क दवाओं का लाभ उठाया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा के उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु उपस्थित थे। उनके साथ बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, सिविल सर्जन, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने शिविर का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जानकारी ली।

उपायुक्त ने ग्रामीणों को मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर बल देते हुए बताया कि किस प्रकार संतुलित आहार, विशेषकर जंगलों से मिलने वाले फल-सब्ज़ियाँ तथा स्थानीय हरी साग-सब्जियों के सेवन से दीर्घकालिक स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सकता है। शिविर के दौरान उपायुक्त ने पीएम जनमन योजना के तहत बने आवास का फीता काट कर लाभुक सुगल कोरवा को गृह प्रवेश कराया। सुगल कोरवा पहले मिट्टी एवं खपरैल से बने घर में अपने परिवार के साथ निवास करते थे। उन्होंने स्वयं राजमिस्त्री का कार्य कर घर का निर्माण कार्य पूरा किया है। उन्होंने उपायुक्त महोदय को बताया कि उन्हें अभी तक पेंशन एवं राशन की सुविधा प्राप्त नहीं हुई है। इस पर उपायुक्त ने अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि कैंप के माध्यम से उनका पेंशन एवं राशन कार्ड शीघ्रता से निर्गत किया जाए।इस अवसर पर ग्रामीणों ने उपायुक्त को विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र सौंपे। विशेषकर ग्रामीणों ने बड़कीबिउरा पंचायत से उरूमकेला तक की सड़क के निर्माण की मांग की। उन्होंने बताया कि वन विभाग से फॉरेस्ट क्लीयरेंस न मिलने के कारण यह कार्य वर्षों से लंबित है। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर वन प्रमंडल पदाधिकारी से शीघ्र बैठक कर समाधान निकालेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यह पथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत है, और जैसे ही सरकार से राशि प्राप्त होगी, निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक आदिम जनजाति की महिला ने उपायुक्त को बताया कि पहाड़ पर बसे 11 परिवारों को पेयजल की सुविधा उपलब्ध नहीं है और उन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा।शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच के उपरांत निशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। साथ ही कई ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड भी मौके पर बनाए गए। शिविर में प्रखंड कार्यालय कुरडेग द्वारा जनसमस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें राजस्व, आधार सेवा, केसीसी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मनरेगा आदि शामिल थे। राजस्व स्टॉल पर पंजी टू सुधार, लगान रसीद निर्गत करना, उत्तराधिकारी दाखिल-खारिज जैसे कार्य किए गए। मनरेगा के अंतर्गत कई लाभुकों को जॉब कार्ड भी निर्गत किए गए। साथ ही, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बगिया योजना एवं अन्य योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया।

# केरसई में मनरेगा की समीक्षा बैठक संपन्न, गड़बड़ियों पर सख्त रुख

**नवीन मेल संवाददाता**



**केरसई।** केरसई प्रखंड के सभागार में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की एक अहम समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ने की, जिसमें अंचल अधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, अभियंता, पंचायत प्रतिनिधि, रोजगार सेवक और मेट उपस्थित थे।बैठक में योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि मनरेगा का मूल उद्देश्य गांव के लोगों को सम्मानजनक रोजगार उपलब्ध कराना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही, हेराफेरी या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित कर्मियों पर सख्त विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि योजनाओं में बिचौलियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। मजदूरों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में और तय समय पर किया जाए, यह हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा। यदि किसी स्थान से बिचौलियों की शिकायत मिलेगी तो तत्क्षण जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मस्टररोल में हेरफेर, फर्जी उपस्थिति या खातों से अवैध निकासी की स्थिति में पंचायत सचिव, मेट और संबंधित प्रतिनिधि जिम्मेदार होंगे। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता न हो, इसके लिए अभियंताओं को नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए।रोजगार सेवकों को निर्देशित किया गया कि वे योजना की जानकारी समय पर मजदूरों तक पहुंचाएं और मार्गदर्शन करें। जिन पंचायतों ने बेहतर कार्य किया, उनकी बैठक में सराहना की गई। बैठक का उद्देश्य योजनाओं को प्रभावी, पारदर्शी और गड़बड़ी मुक्त बनाना था, जिसमें अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाते हुए साफ कर दिया कि अनियमितता अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, चालक गंभीर रूप से घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के कुरडेग -कुटमाकछार मुख्य मार्ग के खुंटाटोली खालीजोर के समीप सोलह चक्का ट्रक चेचीस अनियंत्रित होकर पेड़ में जोरदार ठोकर मार दी । टक्कर इतना जोरदार था कि ट्रक का स्टेयरिंग वॉक्स टुट कर चेचिस से अलग हो गया । वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पेड़ मे टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक से पक्की सड़क पर गीर पड़ा और ट्रक कुछ दुर जाकर दुबारा एक पेड़ मे ट्रक मारी। वहीं ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । चालक की पहचान राहुलमोटो 30 वर्ष पिता पोलियोमोटो निवास गोबिन्दपुर थाना गोबिन्दपुर जिला जमशेदपुर के रूप में हुई दुर्घटना की सुचना मिलते ही तत्काल कुरडेग पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायल चालक को इलाज के लिए कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लायी जहाँ डॉ. शालिनी ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दी ।

# स्टेडियम निर्माण में अनियमितता पर विधायक ने जताई नाराजगी

**नवीन मेल संवाददाता**

- सिमडेगा डीसी को फोन कर निरीक्षण और कार्रवाई की मांग की

**बानो।** तोरपा विधायक ने बानो एस एस प्लस टू मैदान में बन रहे स्टेडियम का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की।उन्होंने सिमडेगा उपायुक्त को फोन करके घटिया निर्माण मामले की जानकारी देते हुए तथा स्टेडियम निर्माण में हो रहे विलंब को लेकर उपायुक्त को अवगत कराते हुए तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। मालूम हो की एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में बाउंड्री वॉल स्टेडियम गैलरी का निर्माण लगभग 94 लाख रुपया की लागत से किया जा रहा है।उक्त मैदान में प्रतिवर्ष 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर झंडोत्तोलन, फुटबॉल का महाकुंभ तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। स्टेडियम निर्माण में विलंब होने से आयोजन होने में परेशानी की संभावना को देखते हुए बानो बिरसा मुंडा खेल समिति और ग्रामीणों ने घटिया निर्माण कार्य की जानकारी विधायक को दी। सूचना मिलते ही विधायक निरीक्षण के लिए बानो स्थित मैदान पहुंचे निरीक्षण के क्रम में निर्माण कार्य में खामियों को पाकर नाराजगी जाहिर किया।निर्माण कार्य पूर्ण होने से पूर्व ही बाउंड्री वॉल और गैलरी में दरार पड़ने लग गया है।मैदान में भी काफी काम बाकी है मैदान के बीचों-बीच पेड़ की जड़ें जगह-जगह पर हैं जिससे खिलाड़ियों को खेलने में काफी परेशानी होगी।विधायक ने संवेदक को फोन करके एक माह के अंदर स्टेडियम तथा मैदान का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# कोलेबिरा में एनएच-143 पर पुल के समीप सड़क में गड्ढा, हादसे की आशंका

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा स्थित एनएच-143 पर लकी टीवीएस शोरूम के समीप बने पुल के ऊपर सड़क में बना गड्ढा हादसों को न्योता दे रहा है। जलजमाव के कारण इस स्थान पर सड़क बार-बार क्षतिग्रस्त हो जाती है, जिससे गड्ढे बन जाते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस गड्ढे के कारण वहां से गुजरने वाले दुपहिया और चौपहिया वाहनों को अचानक झटका लगता है, क्योंकि उन्हें गड्ढे का अंदाजा नहीं होता। विशेषकर रात्रि के समय जब दृश्यता कम होती है, तो तेज रफ्तार में आने वाले वाहनों को यह गड्ढा पास आने पर ही दिखता है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थिति काफी समय से बनी हुई है, लेकिन अब तक संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। यदि जल्द मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस गड्ढे को भरवाकर सड़क की मरम्मत कराई जाए ताकि आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# कांग्रेस का भाजपा पर हमला, सरना धर्म कोड को लेकर आदिवासी आंदोलन की घोषणा

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें सरना धर्म कोड को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा गया। इस प्रेस वार्ता में कांग्रेस की जिला पर्यवेक्षक रमा खलखो, जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा तथा कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पर्यवेक्षक रमा खलखो ने कहा कि भाजपा हमेशा से आदिवासियों की भावनाओं से खिलवाड़ करती रही है। जब चुनाव आता है, तब आदिवासियों के हितैषी बनने का नाटक करती है, लेकिन असल मुद्दों पर मौन साध लेती है। सरना धर्म कोड की मांग वर्षों से की जा रही है, लेकिन भाजपा सरकार इसे आज तक टालती आ रही है। इससे स्पष्ट होता है कि भाजपा की नीयत आदिवासी समाज के प्रति साफ नहीं है।सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि झारखंड विधानसभा ने सर्वसम्मति से सरना धर्म कोड के प्रस्ताव को पारित किया था, जिसे केंद्र सरकार के पास भेजा गया। लेकिन आज तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। उन्होंने कहा कि धर्म, संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए आदिवासी समाज अब चुप नहीं बैठेगा। कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि यह आंदोलन किसी पार्टी का नहीं, बल्कि आदिवासियों के अस्तित्व और अस्मिता का है। उन्होंने बताया कि 26 मई को राज्य भर के आदिवासी राजभवन का घेराव करेंगे, और यह जन आंदोलन ऐतिहासिक होगा। उन्होंने सभी संगठनों, युवाओं और बुद्धिजीवियों से इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से इस आंदोलन में शामिल है और सरना धर्म कोड की मान्यता के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष करेगी। मौके पर जोनसन मिंज, सामरोम पॉल टोपनो, जोसिमा खाखा, आकाश सिंह, रावेल लकड़ा, मो सम्मी आलम,सुनील मिंज,अजित लकड़ा, नॉमिता बा, लीला नाग,शोभेन तिग्गा, जेफरेन कुजूर उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### संत मारकुस चर्च में आयोजित हुआ संस्कार दिवस, विशप और विधायक हुए शामिल



**ठेठईटांगर।** प्रखंड अंतर्गत बांसपहार स्थित संत मारकुस चर्च में शनिवार को को भव्य रूप से संस्कार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रांची के बिसप स्वामी भिन्सेंट बरवा और कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक नृत्य-गान और अतिथियों को फूल-मालाओं से स्वागत कर की गई। चर्च परिसर को सुंदर रूप से सजाया गया था और श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया।बिसप विंसेंट बरवा ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु यीसु मसीह का आगमन मानवता के उद्धार हेतु हुआ था। उन्होंने कहा प्रभु का सन्देश हमें प्रेम, शांति और सहयोग की ओर प्रेरित करता है। एक संतुलित और संस्कारित जीवन जीने के लिए राजनीति, समाज, संस्कार, शिक्षा और धर्म इन पांच स्तंभों का संतुलन आवश्यक है।कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा, ईश्वर ने मानव जाति की रचना प्रेम और सेवा के लिए की है। आज जब हम इस गिरजाघर का संस्कार दिवस मना रहे हैं, तो यह प्रतीत होता है कि प्रभु यीसु स्वयं हमारे बीच विराजमान हैं। जैसे हम गिरजाघर को सुंदर और साफ रखते हैं, वैसे ही अपने शरीर और आत्मा को भी शुद्ध और सुसंस्कृत बनाना चाहिए।कार्यक्रम में जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, मुखिया संगीता मिंज सहित फा. मारियानुस एक्का, फा. एनसेलेम केरकेट्टा, फा. मेडाड, फा. संजीव डुंगडुंग, विक्टर बारला, तोफियूस केरकेट्टा, मुकेश, विनय केरकेट्टा, जेवियर आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### गुटखा और पान मसाला के खिलाफ छापामारी अभियान, जब्त सामग्री को किया गया नष्ट



**कोलेबिरा।** झारखंड सरकार द्वारा राज्यभर में पान मसाला और गुटखा की बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध के तहत शनिवार को कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर छापामारी अभियान चलाया गया। अंचलाधिकारी अनुप कच्छप और थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। इस अभियान में कोलेबिरा पुलिस बल भी मौजूद रहा। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में रण बहादुर सिंह चौक, देवीगुड़ी चौक, एस.के. बागे कॉलेज के पास, नई बाजार और मेन रोड सहित कई स्थानों पर दुकानों की जांच की गई। इस दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा और पान मसाला जब्त किए गए, जिन्हें बाद में आग के हवाले कर नष्ट कर दिया गया। अंचलाधिकारी ने जानकारी दी कि पहले भी दुकानदारों को चेतावनी दी गई थी कि पान मसाला और गुटखा की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इसके बावजूद कई दुकानों में यह सामग्री खुलेआम बेची जा रही थी। उन्होंने कहा कि गुटखा का सेवन स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है और सरकार ने इसे रोकने का निर्णय जनहित में लिया है। छापामारी के दौरान कई दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई छोटे-बड़े दुकानदारों ने पहले से ही अपनी दुकानें बंद कर दी थीं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा और जो दुकानदार नियमों का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जुर्माना भी लगाया जाएगा।

### नेशनल सब जूनियर पुरुष पावरलिफ्टिंग में सिमडेगा के लाल ने जीता ब्रोंज मेडल

**कोलेबिरा।** नेशनल सब जूनियर-जूनियर क्लासिक महिला पुरुष पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिमडेगा के लाल ने ब्रोंज मेडल जीतकर सिमडेगा का मान बढ़ाया है। महाराष्ट्र के कोल्हापुर में आयोजित नेशनल सब जूनियर-जूनियर क्लासिक महिला पुरुष पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड के लसिया गांव के अकरम ने कांस्य पदक जीता है। 23 मई महाराष्ट्र के कोल्हापुर में जूनियर और सब जूनियर नेशनल क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। इसमें अरकम अहमद ने 93 केजी सब जूनियर कैटिगरी में 267.5केजी उठाकर तीसरा स्थान प्राप्त करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया।इस चैम्पियनशिप में कुल 400 लड़के और लड़कियों ने पूरे देश से आकर अपना दम दिखाया। इस उपलब्धि से अकरम ने सिमड़ेगा के साथ-साथ झारखंड का नाम रोशन किया है.अवसर पर अरकम ने अपना जीत का सारा श्रेय अपने कोच राहुल कुमार साहू को दिया। इनके वजह से वो इस मुकाम तक पहुंच पाया।वही कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाडी की सहायता से हमारी टीम महाराष्ट्र जा पाई । साथ ही खेल प्राधिकारी प्रवीण कुमार के द्वारा हमेशा खिलाड़ी का मनोबल बढ़ाया गया तभी हम यहां तक पहुंच पाए। वही अकरम के इस सफलता पर जिले के खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है और उनकी इन उपलब्धियां को लेकर खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए और आगे बढ़ाने की कामना की है।

### रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी, जिला सिमडेगा की ओर से शनिवार को महान नारी शक्ति की प्रतीक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा जिला कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव उपस्थित थे।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण से की गई। संगोष्ठी में पूर्व विधायक विमला प्रधान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि समीर उरांव ने अपने संबोधन में कहा कि रानी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में जनकल्याण, न्याय और धर्म को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। वे नारी सशक्तिकरण और सुशासन की प्रतीक थीं। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसी महान विभूतियों को भुला दिया गया, जबकि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार उन्हें पुनः स्मरण कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अहिल्याबाई के आदर्शों पर चलते हुए महिलाओं के सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही है। पूर्व विधायक विमला प्रधान ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन पूरी तरह जनसेवा को समर्पित था। उन्होंने धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों के पुनर्निर्माण में अहम भूमिका निभाई। वहीं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्ग विजय सिंह देव ने कहा कि रानी अहिल्याबाई धर्म, सेवा और नारी शक्ति की प्रतीक थीं।

### राम पुरी जेएससीए में जिला प्रतिनिधि नियुक्त सिमडेगा के लिए गौरव का क्षण:अनिल कांडुलना

**सिमडेगा।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ में सिमडेगा से राम पुरी को जिला प्रतिनिधि चुने जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा सिमडेगा जिला इकाई ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना के नेतृत्व में किया गया।इस अवसर पर कांडुलना ने कहा, राम पुरी का चयन सिमडेगा के लिए गर्व की बात है। वे कर्मठ, ऊर्जावान और बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। जिला सचिव मो. सफीक खान ने कहा कि उनके चयन से सिमडेगा में खेलप्रेमियों में खुशी की लहर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुरी के नेतृत्व में जिले में क्रिकेट को नई ऊंचाई मिलेगी।अपने संबोधन में राम पुरी ने कहा, सिमडेगा में क्रिकेट के लिए बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि क्रिकेट को राज्य खेल नीति में शामिल किया जाए और जिले में मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाए। इस मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए कांडुलना ने कहा कि वे खेल मंत्री और मुख्यमंत्री के समक्ष इन मांगों को मजबूती से रखेंगे।

# बंद खाद्यान्न में मिला विवाहिता का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**




गांडेय थाना क्षेत्र के मेदनीसारे गांव स्थित बंद पड़े खदान में शनिवार को एक विवाहित महिला का शव पानी में तैरता हुआ मिला। शव की पहचान मेदनी सारे गांव निवासी सरिता कुमारी 22 वर्ष पति अनिल किस्कू के रुप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर गांडेय थाने की पुलिस बल स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। हालांकि घटना को लेकर थाना में आवेदन नहीं दिया गया है पर गांडेय पुलिस ने पुछताछ के लिए महिला के पति को हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार मेदनी सारे गांव निवासी सरिता कुमारी एवं उसके पति अनिल किस्कू अपने बच्चे के साथ 13 - 14 म ई को शादी समारोह में शामिल होने जगदीशपुर के सिकटिया गांव गये थे।शादी समारोह में शामिल होने के बाद सरिता कुमारी बच्ची के साथ वही रह गयी।पन्द्रह म ई को सरिता कुमारी को बच्ची के साथ वापस घर आना था पर नहीं आयी। पता करने पर मालुम हुआ कि 15 म ई को ही सरिता कुमारी को ट्रेन में बैठा दिया गया था। सोलह म ई की शाम को सरिता कुमारी बच्ची के साथ घर आयी।इसी बात को लेकर पति पत्नी में कहा सुनी हुई। तथा मार पीट भी हुआ।सोलह म ई की रात को ही सरिता कुमारी ससुराल से गायब हो गयी।घटना को लेकर सरिता के पति एवं परिजनों ने काफी खोजबीन की पर उसका कहीं पता नहीं चला।तब 23 म ई को सरिता कुमारी के पति ने पत्नी की गुमशुदगी का एक आवेदन गांडेय थाना में दिया। इसी क्रम में शनिवार की शुबह मेदनी सारे के एक बंद खदान में सरिता कुमारी का शव मिला। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है । हालांकि घटना को लेकर गांडेय थाना में आवेदन नहीं दिया गया है।पर गांडेय पुलिस ने पुछताछ के लिए मृतका के पति को हिरासत में लिया है।

# ढिबरा चुनने के दौरान चाल धंसने से महिला की मौत



**कोडरमा।** जिला मुख्यालय स्थित सिविल कोर्ट के पीछे जंगल (वन्य प्राणी आश्रयणी) में ढिबरा चुनने के दौरान चाल धंसने से एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि शनिवार को कई अन्य लोगों के साथ महिला भी ढिबरा चुनने गई थी तभी हुए हादसे में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिव मुहल्ला निवासी 45 वर्षीया कंचन देवी (पति पप्पू पासवान) अन्य महिलाओं के साथ सिविल कोर्ट के पीछे जमा ढिबरा के ढेर में चाल बनाकर ढिबरा चुन रही थी। इसी दौरान अचानक चाल धंस गई जिसमें वह दब गई। घटना के बाद महिलाओं के द्वारा शोर किया गया। आसपास के लोग महिला को बाहर निकालकर कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### दो बाइक की टक्कर में तीन घायल, एक गंभीर



**गावां गिरिडीह।** माल्डा पिहरा पथ पर गड़गी के पास विपरीत दिशा से आ रहे दो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। घटना में तीन लोग सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार गड़गी निवासी मो मुजाहिद अपने पिता मो सलीम मियां के साथ पिहरा की ओर जा रहे थे। वहीं पिहरा से बाजार कर के लौट रहे झाराढाब निवासी सुनील यादव अपने दो मित्रों के साथ पिहरा से लौट रहा था। दोनो की बाइक में टक्कर हो गई। आनन फानन में गंभीर रूप से घायल तीनो घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉ महेश्वरम व डॉ नवीन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सुनील यादव को गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### आंधी में सोलर पैनल गिरा, किसानों ने लगाई मदद की गुहार



**गावां गिरिडीह।** गावां प्रखंड के निमाडीह पंचायत के बिश्नीटीकर गांव के नीतीश कुमार पिता केदार प्रसाद यादव ने जिला कृषि पदाधिकारी को पत्र लिखकर सिंचाई के लिए मिली सोलर पैनल के आंधी में क्षतिग्रस्त होने पर मुआवजा की मांग की है। नीतीश कुमार ने बताया कि गत दिनों कृषि विभाग की ओर से उन्हें पचास फीसद अनुदान पर सिंचाई के लिए सौलर पैनल दिया गया था। इससे वे कृषि कार्य कर रहे थे। सब्जी की खेती में सोलर पैनल काफी उपयोगी है। गुरुवार की शाम को आई तेज आंधी व बारिश के दौरान उनकी जमीन में लगे सोलर पैनल धाराशायी हो गया। सोलर प्लेट टूट गर बर्बाद हो गए है वहीं पूरा पैनल ही क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान के लिए विभाग से मदद की गुहार लगाई है।

### नोडल अधिकारियों ने विभिन्न प्रखंडों और नगर निकाय क्षेत्रों का किया निरीक्षण





**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिले में सरकारी विकास और जनकल्याण योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देश पर नामित नोडल पदाधिकारियों की ओर से विभिन्न प्रखंडों एवं नगर निकाय क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण अभियान का उद्देश्य योजनाओं की जमीनी हकीकत को परखना और लाभुकों से सीधे संवाद कर उनकी स्थिति का मूल्यांकन करना था। घाटशिला के भादुवा पंचायत में आईटीडीए परियोजना निदेशक दीपांकर चौधरी, बोड़ाम पंचायत में धालभूम अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार, बिडरा पंचायत में अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, कोकपाड़ा पंचायत में एसओआर राहुल आनंद, चालुनिया पंचायत में एसडीओ घाटशिला सुनील चंद्र, बहुलिया पंचायत में डीसीएलआर नीत निखिल सुरीन तथा हाड़तोपा पंचायत में डीसीएलआर गौतम कुमार ने योजनाओं से संबंधित आधारभूत ढांचों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र, जन वितरण प्रणाली दुकानें, पंचायत भवन और स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने लाभुकों, महिला समूहों और ग्रामीणों से संवाद कर योजनाओं की पारदर्शिता एवं प्रभावशीलता की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए गए ताकि योजनाओं के संचालन में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे।

## फर्जी हस्ताक्षर कर एलपीसी प्रमाण पत्र बनाने का मामला आया सामने, प्राथमिकी दर्ज

**बरही** । अंचल कार्यालय में फर्जी हस्ताक्षर कर भूमि प्रमाण पत्र निर्गत करने के मामला सामने आया है. इस संबध में प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक रीतलाल रजक ने तीन लोगो के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है. प्राथमिकी के अनुसार, भूमि प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए उनके हस्ताक्षर और लिखावट का जालसाजी कर दुरुपयोग किया गया. विवादित भूमि के मामले में पहले से आपत्ति आवेदन भी दाखिल था और मामला अनुमंडल पदाधिकारी की अदालत में विचाराधीन है. मामले की जांच की जा रही है.

# पुलिस की तलाशी के दौरान बोलेरो वाहन से शराब बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**



गुप्त सूचना मिली कि ललमटिया थाना अंतर्गत एक सफेद बोलेरो, रजि० नं0-BR10PA-2541 से अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर बिहार राज्य ले जा रहा है। वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुये पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार में एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना से बोआरीजोर की ओर प्रस्थान किया जैसे ही लोहंडिया बाजार से थोड़ा आगे बढ़े ही थे की बोआरीजोर के तरफ से आ रही एक सफेद बोलेरो पुलिस गाड़ी को आते देख बोलेरो के चालक कुछ दूर पहले ही गाड़ी को खड़ा कर भागने लगे एवं उक्त चालक को पुलिस बल के सहयोग से दौड़ा कर पकड़ा गया पकड़ाए बोलेरो के चालक से नाम पता पूछने पर वो अपना नाम प्रिंस कुमार पोद्दार, उम्र 25 वर्ष, पिता- निरंजन पोद्दार, सा०- गोरगामा, थाना-बॉसी, जिला बांका (बिहार) बताया एवं उक्त वाहन पर रजि० नं0-BR10PA-2541 लिखा पाया। उक्त बोलेरो वाहन की तलाशी लेने पर उसमें अलग-अलग ब्रॉड का शराब पाया गया। ड्राईवर द्वारा इसका कोई बैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। तत्पश्चात उक्त बोलेरो एवं शराब को विधिवत जप्त करते हुये, चालक प्रिंस कुमार पोद्दार को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## शराब नीति में हेमंत सरकार ने 2018 की नियमावली को माना सर्वश्रेष्ठ : रघुवर दास

**नवीन मेल संवाददाता। पूर्वी सिंहभूम**



झारखंड सरकार ने हाल ही में पारित 2025 की नई शराब नीति में स्वीकार किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में वर्ष 2018 में बनाई गई शराब बिक्री नियमावली ही राज्य हित और जनहित में सबसे उपयुक्त रही है। शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने एग्रिको आवासीय कार्यालय, जमशेदपुर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सरकार ने एक बार फिर यह स्वीकार किया है कि उनकी सरकार की नीतियां, विशेषकर शराब बिक्री को लेकर बनाई गई 2018 की नियमावली, वर्तमान सरकार की नीतियों की तुलना में कहीं अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनकल्याणकारी थीं। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैबिनेट द्वारा पारित झारखंड उत्पाद (मदिरा की खुदरा बिक्री हेतु दुकानों की बंदोबस्ती एवं संचालन) नियमावली 2025 में 2018 की नियमावली को ही मुख्य आधार बनाया गया है। यह स्पष्ट संकेत है कि वर्तमान सरकार को अपनी पिछली दो बार की नीति परिवर्तनों से हुए नुकसान का अहसास हो चुका है। रघुवर दास ने बताया कि 2018 की नीति के लागू होने के बाद राज्य को शराब से प्राप्त राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। जहां 2018-19 में यह राजस्व 1082 करोड़ रुपये था, वहीं 2019-20 में यह बढ़कर 2009 करोड़ रुपये हो गया था। इसके विपरीत, वर्तमान सरकार की ओर से 2020 के बाद दो बार नियमावली में परिवर्तन किए गए, लेकिन इससे राजस्व में गिरावट आई और शराब व्यापार में अव्यवस्था फैली। सरकार की नई रिपोर्ट में यह भी स्वीकार किया गया है कि खुदरा दुकानों में ग्राहकों को लोकप्रिय ब्रांड की उपलब्धता नहीं थी, एमआरपी से अधिक मूल्य पर बिक्री की शिकायतें आईं, बिक्री की अंडर रिपोर्टिंग की गई और समय पर ऑडिट भी नहीं कराए गए। रघुवर दास ने आरोप लगाया कि स्वार्थ आधारित नीति के चलते झारखंड की छवि राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल हुई है और जनहित को गहरी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि नीति का प्रभाव तभी देखने को मिलेगा जब उसका ईमानदारी से पालन किया जाए। अंत में उन्होंने कहा, "जब सरकार की नीति स्पष्ट, नियत साफ और नेतृत्व मजबूत होता है। तभी निर्णयों में नीतिगत मजबूती झलकती है।

### सेनेगढ़ा फैक्ट्री प्रबंधन को 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**गिद्दी।** डाड़ी भाग एक के जिप सदस्य सर्वेश कुमार सिंह ने आनंदिता स्टील लिमिटेड सेनेगढ़ा फैक्ट्री प्रबंधन को 6 सूत्री मांग पत्र सौंपा है। जिसमें कंपनी में कार्यरत सभी मजदूरों को सरकार के निर्धारित न्यूनतम मजदूरी लागू करने, सभी मजदूर के पीएफ काटने, सप्ताह में एक दिन मजदूरी के साथ अवकाश देने, आई कार्ड, उपस्थिति कार्ड निर्गत करने, प्रदूषण पर रोक लगाने, जूता देने की मांग शामिल है। जिप सदस्य ने मांग पत्र में कहा है कि फैक्ट्री प्रबंधन 10 दिन के अंदर उनके मांग पर विचार नहीं किया तो मजदूर 11 वें दिन अपने मांग के समर्थन में आंदोलन करेंगे। प्रबंधन को इस पर विचार करना होगा तभी सभी मजदूर अपने कार्यों को करने में रुचि लेंगे। सामान की सुविधा नहीं होने से काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है।

## खोरठा गायक पर नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोप, गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**




खोरठा गायक पर नाबालिग से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगा है। वहीं आरोप के बाद पुलिस ने सिंगर व डांसर बलराम तुरी उर्फ बलमा बिहारी को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी बलमा बिहारी गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के भुराई का रहने वाला है. वह कई वर्षों से गायकी की दुनिया से जुड़ा था. मिली जानकारी के अनुसार बलमा बिहारी अपने गानों की शुटिंग के लिए एक नाबालिग किशोरी को अपने पास रखा था. कुछ समय बाद उस किशोरी ने उसके साथ काम करने से मना कर दिया.जिसके बाद किशोरी की माँ ने साइबर थाना गिरिडीह में आवेदन देकर बलमा बिहारी पर दुष्कर्म व अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है. जिसके बाद कांड संख्या 22/25 दर्ज कर केस का आइओ तिसरी के पुलिस इंस्पेक्टर पासकल टोप्पो को बनाया गया. इस्पेक्टर ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोविड मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया. इधर इन आरोपों को बलमा बिहारी ने बेबुनियाद बताया है, उसका कहना है कि उसे फंसाया जा रहा है.

### झुमरीतिलैया में महिला से चेन छिनतई



**झुमरीतिलैया।** झुमरीतिलैया की घटना को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में झुमरीतिलैया में शनिवार को अहले सुबह चेन स्नैचरों ने एक अन्य घटना को अंजाम दे दिया। स्मार्ट बाजार के सामने स्थित गली में चेन स्नेचर एक महिला के गले से चेन छीन कर फरार हो गए। घटना की जानकारी देते हुए सावित्री देवी (65) ने बताया कि हर दिन की तरह सुबह भी वे अपने घर के बाहर पूजा पाठ के लिए फूल तोड़ने के लिए निकली थीं। इसी बीच दो अनजान युवक एक बाइक से आए और मेरे गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि बाइक सवार एक युवक हेलमेट पहने हुए था, जबकि दूसरे ने अपना मुंह ढका हुआ था, जिस जगह पर यह घटना घटी है, वह शहर का सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। घटना के बाद तिलैया पुलिस आसपास के सीसीटीवी को खंगालने में जुटी है। वहीं थाना के पीछे भादोडीह में भी एक महिला से चेन छीनने की असफल प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार शाम कोडरमा थाना क्षेत्र के दुधीमाटी में एक महिला के गले से चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया गया था।

## पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर में शनिवार को कोल्हान नितिर तुरतुंग के चक्रधरपुर केंद्र में आदिवासी मित्र मण्डल की ओर से पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के बीच "पर्यावरण संरक्षण" विषय पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जागरूकता फैलाना था। "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने" विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्लास्टिक के बढ़ते खतरे, पर्यावरण पर इसके दुष्प्रभाव और इसके उपयोग को कम करने के व्यावहारिक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। रौशनी फाउंडेशन की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उपस्थित छात्रों को विभिन्न स्कॉलरशिप योजनाओं की जानकारी दी गई। इन योजनाओं का लाभ लेकर आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्र उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर हो सकते हैं। इस कार्यक्रम में आदिवासी युवा मित्र मण्डल के सचिव रबिन्द्र गिलुवा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों ने भी लिया रक्तदान में हिस्सा

# रक्तदान करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

● **रक्तदान महादान, आपकी छोटी सी पहल किसी की जान बचाने में उपयोगी**

समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के अध्यक्षता में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपयुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रक्तदान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया इसके उपरांत रक्त की महत्ता को बताते हुए उन्होंने सर्वप्रथम रक्तदान कर जिले के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मियों को भी रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया। रक्तदान के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में रक्त के महत्व एवं जरूरतमंद व्यक्तियों तक रक्त की पहुंच सुनिश्चित करने को लेकर समाहरणालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है रक्तदान करना चाहिए रक्तदान से हम किसी की जान भी बचा सकते हैं इसके साथ ही साथ यह हमारे शरीर के लिए भी काफी फायदेमंद साबित होती है। रक्तदान शिविर के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो ने रक्तदान कर बताया कि रक्तदान करना है और किसी व्यक्ति की जान बचाना यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात होती है रक्तदान से हमारा शरीर स्वस्थ एवं तंदुरुस्त भी रहता है। रक्तदान से डरे नहीं जरूरतमंदों को रक्तदान जरूर करें। रक्तदान शिविर के दौरान गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने रक्तदान कर बताया कि रक्तदान करना अपने आप में एक सुखद अनुभूति है रक्तदान कर हम किसी व्यक्ति की जान तो बचा ही सकते हैं साथ ही साथ अपने शरीर को भी स्वस्थ और निरोग बना सकते हैं। इसी क्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, कार्यपालक अधिकारी नगर परिषद, अंचल अधिकारी दुलमी, एसएमपीओ रामगढ़, सहित दर्जनों पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने बढ़ चढ़कर रक्तदानशील में हिस्सा लिया और रक्तदान किया। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित रक्तदान शिविर के दौरान रक्तदान करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। रक्तदान सिविल में सिविल सर्जन रामगढ़ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, यक्ष्मा पदाधिकारी, डीआरसीएचओ, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## अंगारों पर चलकर भक्तों ने दिखाया विश्वास

**नवीन मेल संवाददाता। पश्चिम सिंहभूम**

पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर प्रखंड के सरजोमहातू गांव में आयोजित दो दिवसीय मेला सह छऊ नृत्य कार्यक्रम आस्था और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण बना। शिव मां पाउड़ी पूजा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में सांसद जोबा माझी ने शिरकत कर लोगों का उत्साह बढ़ाया। चक्रधरपुर प्रखंड के केनके पंचायत अंतर्गत सरजोमहातू गांव में शिव मां पाउड़ी पूजा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय मेला सह छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में पारंपरिक संस्कृति, भक्ति और लोक कला की झलक देखने को मिली। शनिवार को हुए समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जोबा माझी उपस्थित रहीं। उन्होंने मेला स्थल का भ्रमण किया, ग्रामीणों से मुलाकात की और आयोजन की सराहना की। सांसद ने कहा कि सरजोमहातू मेला क्षेत्र का एक ऐतिहासिक और आस्था से जुड़ा आयोजन है, जहां वर्षो से श्रद्धालु अपनी भक्ति का प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि छऊ नृत्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे संरक्षित करने की आवश्यकता है। समापन के अवसर पर महिला और पुरुष श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। सबसे आकर्षक क्षण वह रहा जब पुरुष भक्तों ने अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी गहरी आस्था का प्रदर्शन किया। इससे पहले शुक्रवार की रात भर पारंपरिक छऊ नृत्य का आयोजन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े। मेले में विभिन्न प्रकार के दुकानों के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और खेल सामग्री भी उपलब्ध थी, जिससे आयोजन और भी जीवंत हो उठा।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**नाम– बसन्ती देवी, उम्र करीब–45 वर्ष, रंग–गोरा, ऊँचाई–5 फीट, भाषा–नागपुरी एवं सादरी बोलती है**

उपरोक्त लापता महिला बसन्ती देवी, उम्र करीब–45 वर्ष, पति–स्व0 मुकेश राम, सा0–चोरेया, थाना–चान्हों, जिला–राँची जो अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिसके संबंध में चान्हों थाना सनहा संख्या–14/2025, दिनांक–18.05.2025, दर्ज कर खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, खलारी, राँची। –9431742777
थाना प्रभारी चान्हों राँची। –9431706189

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 353439 (Police)25-26*D

# टूटते संवाद



डॉ सुरिन्दर कौर नीलम

रविवार सबेरे नाश्ता कर, मीता एक पत्रिका लेकर बैठी ही थी कि मोबाइल बज उठा। अपरिचित नंबर देख, अनमने भाव से फोन रिसीव किया तो उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। देश की एक प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था ने इस वर्ष का साहित्य सम्मान देने हेतु उसके नाम का चयन किया था।यह उसका पहला सम्मान था। उसे तो मानो पंख लग गए हों.... कई वर्षों से लिख और छप रही थी मीता। दो उपन्यास और तीन कहानी संग्रह की ख्याति भी थी उसके नाम। वह लपकी...." सबसे पहले पति को सुनाऊँगी यह खुशखबरी...।"

"बहुत ताने मारते थे न ! कि छोड़ो ये सब लिखना - विखना , कोई अवार्ड नहीं मिलने जा रहा तुमको..."
दौड़ी - दौड़ी गई ड्रांइग रूम में...
"सुनिए ! सुनिए !" " क्यों शोर मचा रखा है..?"
" चुप रहो ! दिखता नहीं है ? टीवी पर इंडिया - पाक का क्रिकेट मैच चल रहा है..." " इस ' ओवर ' के बाद कहना जो भी...." रुआँसी होकर मीता बेटे के कमरे में गई ... कंप्यूटर में नजरें धंसाए बेटे ने पहले ही कह दिया" रुको मम्मी ! अभी टाइम नहीं है'' बहू ने भी कानों में इयर फोन लगाए कोई धुन गुनगुनाते हुए हाथ के इशारे से'अभी नहीं ' जतला दिया। मीता अपने पंख समेटकर अपनी खास सहेलियों से फोन पर अपनी खुशी साझा कर लौट आई अपनी दुनिया में। दोपहर के खाने पर बेटे - बहू ने रोष व्यक्त करते हुए कहा " ये क्या मम्मी..! आपको इतना बड़ा सम्मान मिला और आपने हमें बताया भी नहीं..? हमें बाहर वालों से ये खबर मिल रही है..?" तानों की सीढ़ी पर एक कदम ऊपर चढ़ते हुए पतिदेव बिफरे -" आजकल तेरी मम्मी के लिए घर वालों से ज्यादा बाहर वाले सगे हो गये हैं.."

# माँ की चप्पल



सविता गुप्ता

सुधांशु टीन के बक्से में कुछ काग़ज़ात संभाल कर रख रहा था कि तभी उसकी माई एक पॉलिथीन में अपने हाथों बनाया आम और कटहल का आचार बाँध कर ले आई। बबुआ ! लो रख लो वहाँ शहर में जौन दिन बढ़िया तरकारी ना मिली तो इसके साथ खा लेना। सुधांशु ने माँ को पूरा मर्तबान ख़ाली कर प्लास्टिक में भरते देख लिया था इसलिए माँ से कुछ अपने लिए भी रखने का आग्रह करने लगा क्योंकि वह जानता था कि यहाँ इसकी ज़्यादा ज़रूरत है। घर पर कभी-कभी नून रोटी खाने की नौबत आ जाती है। सुधांशु के आग्रह पर बड़ी मुश्किल से गाँव का ही एक लड़का अपने साथ सूरत किसी फ़ैक्ट्री में काम दिलाने ले जा रहा था। घर से चलते समय माँ के नंगे पैर में फटी बिवाई देख सुधांशु ने मन ही मन सोच लिया था कि अपनी पहली कमाई से माई के लिए सबसे सुंदर, आरामदायक चप्पल ख़रीदूँगा ।लेकिन माँ के चप्पल का नाप क्या बताऊँगा? तभी उसे विचार आया और उसने माँ के कीचड़ सने पाँव के छाप को एक सफ़ेद पन्ने पर ले माथे से लगा संदूक में सहेज कर रख लिया।

# फैशन तेरे रूप अनेक

हास्य-व्यंग्य







ललन शर्मा

बैलगाड़ी युग और लालटेन युग में रहते-जीते हम फैशन युग में प्रवेश कर गये हैं। इसका आभास मुझे तब हुआ जब मैंने एक भद्र महिला को मेले के भीड़-भाड़ से बचने के लिए कहा - मैडम इस रास्ते में तो भीड़ है। आप उस रास्ते से चले जाये। प्रतिक्रिया स्वरूप जवाब आया - अबे ये ! दिखता नहीं है क्या ? मैं ठहरा हाईपावर का चश्माधारी इन्सान, उस पर रात का वक्त, फलस्वरूप मैं घबरा गया और बोला - माफ कीजिए भाई साहब, गलती हो गई। आईंदा आदमी-औरत पहचान कर कुछ बोलूँगा। और हाथ जोड़कर कॉलर उसके हाथ से छुड़ाया। बात यहीं खत्म हो जाती तो फैशन-युग का शायद आभास भर हो कर रह जाता। पर चार कदम आगे बढ़ाया ही था कि देखा एक लड़का विचित्र चाल में लड़कियों के झुण्ड में घुसा चला जा रहा था। मैंने टोका - अबे ! लड़कियों के बीच कहाँ घुस रहा है, छेड़खानी करेगा क्या ? इतना सुनते ही वह पलटा, मेरा मतलब पलटी और बोली - क्यों रे मुए ! रात-बेरात मुझसे छेड़खानी करता हैं तेरे घर में माँ-बहन.......... और शुरू हो गई। इससे पहले कि मुझपर कोई घटना घटती मैं संभला और बोला - माफ कीजिए मैडम ! मेरी कमजोर आँखों पर रहम कीजिए, मैंने समझा आप पुरूष जाति से हैं और इस तरह स्त्री समुदाय में प्रवेश...........लड़की ने कहा - ठीक है - ठीक हैं आईंदा ऐसी गलती भीड़-भाड़ में मत करना, अकेले में करना, जा माफ किया और कुछ विशेष गर्वित मुस्कान लिए भीड़ में गुम हो गई।

इस दुर्घटना से बचने के बाद मुझे लगा कि इस फैशन युग के आगमन से अब सड़कों पर या मुहल्लों में खुले आम चलने-फिरने से पहले फैशन के रूपों पर जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए वर्ना राह चलते किसी भी किस्म की घटनाएँ जन्म ले सकती है सो आदत के अनुसार इसी-विषय पर शोध कार्य प्रारंभ किया। पहले अपने अनुभवों के आधार पर खट्टे-मीठे आँकड़े इकट्ठे किए ।

सबसे पहले पड़ोस के एक कनछेदू लड़के से मिलने का प्रोग्राम बनाया। उसका नाम हैं मैल जोंकसन। मिस्टर मैल जोंकसन दिन में चार बार कपड़े बदलताहैं और गमकउआ ईत्र लगाता है क्योंकि वह महिने में चार बार ही नहाता है। उसके घर पहुँचा तो देखा कि घर की एक-एक चीज फैशन के साबुन से नहाई हुई थी। मैंने उस लड़के से पूछा - बेटा कनछेदू, ये सब क्या हैं। तो बोला - चश्मू अंकल, ये फैशन है और विज्ञापन की चीजों का इस्तेमाल करना हमारा धर्म हैं और दूसरों के दिलों में जलन और ईर्ष्या पैदा करना हमारा कर्तव्य हैं।

इसी क्रम में एक मूँछमुंडे से मुलाकात हुई जो सिरमुंडा भी था, कानों में बाली पहने था उसने बताया कि बाली पहनकर और मूँछमुंडा कर वह लड़कियों को बराबरी का दर्जा देता है इससे लड़का-लड़की एक दूसरे को जल्दी समझ लेते हैं और इल्लू-इल्लू गाड़ी में प्यार का पैट्रोल भर जाता है और गाड़ी छैंया-छैंया करती हुई चल पड़ती हैं। उसने यह भी रहस्योदघाटन किया कि आने वाले समय में लड़के सोलह श्रंगार भी करेंगे।

एक दिन मैंने इंटर कॉलेज की सीढ़ी पर कदम रखा तो एक शिक्षिका से भेंट हो गई। मैंने फैशन प्रसंग छेड़ा तो गदगद् हो गई और बोली "शर्मा जी फैशन का मतलब ही हुआ कि लोग हमें देखें, कुछ बोले, कुछ फेंके और फिर रास्ता रोके। ऐसा कह वह आगे बढ़ गई। पास से गुजरते एक विद्यार्थी ने बताया कि वह शिक्षिका कपड़े ऐसे पहनती है कि जब वो बोर्ड पर कुछ लिखती हैं तो विद्यार्थी बोर्ड पर कम देखते हैं, उनकी पीठ पर निगाहें ज्यादा केन्द्रित होती हैं कुछ विद्यार्थी अपना मेडिटेशन क्लास यहीं पूरा कर लेते हैं। कुछ कलाकार विद्यार्थी पीरियड समाप्त होते-होते अपने नोटबुक पर अच्छी खासी चित्रकारी भी कर लेते हैं।

फैशन का आजकल समाजीकरण भी हो गया है। शिष्टाचार का उल्लंघन भी आज फैशन में आता हैं, बड़ों के पैर छूना मजबूरी हो तो घुटने तक हाथ ले जाना ।किसी को आदर न देना, पिता को बुढ़ा और माँ को बुढ़िया कहना इत्यादि। फैशन का एक और रूप है। बच्चे पहले स्लेट पर शिक्षा-दीक्षा शुरू करते थे। आजकल यह स्लेट प्रथा आउटडेटेड हैं। बच्चें, जैक एंड जील, बा-बा ब्लैक शीप से भाषा पढ़ते हैं। आक्सफोर्ड स्कूल में बच्चों को पढ़ाना फिर उन्हें हरेक विषय के लिए अलग-अलग ट्यूशन लगवाना, अपने बच्चों को मुहल्ले के बच्चों से बढ़ा-चढ़ा कर बताना भी फैशन है।

कुल मिलाकर मुझे यही अंतर्ज्ञान प्राप्त हुआ है कि फैशन की कोई गिनती नहीं हैं यह सर्वव्यापी है और इसकी ही पूजा सभी जगह हो रही हैं। फैशन के भगवान हर दुकानों या मकानों में मिलते हैं। इनकी पूजा न करने वाला इन्सान पिछड़ा कहलाता हैं। मेरी तो राय हैं कि इस देश को पिछड़ापन से बचाने के लिए फैशन योजना, फैशन बॉण्ड, फैशन शेयर चलाया जाना चाहिए ताकि देश का हर समझदार फारवर्ड होकर फैशन के गुण गाए, भले ही खाने को दाल-रोटी मयस्सर न हो।

# जीवन संघर्ष, अनुभूतियां व कविता



पद्मा मिश्रा

कविता मानवीय अनुभूतियों की वाहक होती है,भावनाओं से जुड़कर कविता और अधिक संवेदनशील और भी अधिक मर्म स्पर्शी बन जाती है,लेकिन व्यंग्य का दर्द मन को झकझोरता है, कवि डा,श्यामलाल सिंहल जी द्वारा उपहार में में दी गई पुस्तक' दूल्हों की दुकान'' ने चेतना को जगा दिया-, एक बार पढना शुरु किया तो पढती ही चली गई,काव्य संग्रह की कवितायें संवेदित करती हैं,कवि कुशल व्यंग्यकार होते हुए भी संवेदनाओं पर अपनी गहरी पैठ रखते हैं..एक एक शब्द मन के, दरवाजे खोल शीतल वातायन से छन कर आती बयार की तरह कहीं गुदगुदाते हैं, तो कही अधरों पर एक मंद समिति भी छोड़ जाते हैं तो कहीं मानवीय पीड़ा का दर्द रुलाता भी है-और झकझोरता भी है,,, भीड़ की मनोदशा का वर्णन हृदय द्रावक लगता है,गरीबी की मार से त्रस्त युवाओं का दल अपना खून बेचने आया है, पुलिस डंडे बरसाती है, 'जिन्हे पुलिसवालों ने -
पिछले चौराहे पर मारा था, इसमें वही था
जो पिछली भीड़ में जिन्दा बच पाया था--
आज अपना खून बेचने -
इस देश का आम आदमी आया था,
कश्मीर में फैले आतंकवाद पर लेखक की कलम चली है और खूब चली है,जहां आतंकवाद की भयावहता भय और दहशत भरे माहौल की सृष्टि करती हैं,वहीं राजनीतिक छल छद्मों की ओर भी इशारा करती हैं डल झील में
शिकारों की जगह अब लाशें तैरती हैं,
चांदनी रात में अब परियां नहीं
काले लिबासों में लिपटी मूर्तियां उतरती हैं,...
साथ ही देश और समाज में पनपते अलगाववाद को लक्ष्य कर लिखी गई पंक्तियाँ मन को छू लेती हैं,और द्वेष -वैमनस्यता के बीच विपरीत परिस्थितियों में कविता की धार पैनी हो जाती है,व्यंग्य के माध्यम से व्यक्त की गई भावनाएं ...
एक सवाल छोड़ जाती हैं शायद समाधान कहीं नहीं,
तोड़ डालो, सरहदों पर पर लगी कंटीली बाड़
अलगाववाद के सारे बोल बदल दो,
कश्मीर का इतिहास तो नहीं बदलेगा, पर
भूगोल बदल दो।
इस पुस्तक ने जीवन के सभी पहलुओं -संघर्षों के एक एक क्षेत्र को छुआ है,,कवि की सशक्त लेखनी जीवन आकाश का कोना कोना झांक आई है,हर्ष,विषाद के मर्म स्थलों पर भी अनेक भाव मुखरित हुए हैं,----
जिंदगी जिंदादिली से कैसे जियें हम
मुश्किलों के भंवर में फंसकर रह गई है जिंदगी,
कागज की कश्ती सी, बनकर रह गई है जिंदगी,
कविता के स्वयं भोगे गये यथार्थ -जीवन अनुभवों एवं संघर्षों की करुण गाथा भी बखूबी बयान हुई है,कई बार पलकें भींगीं,,मन भावुक हुआ,पर यही समय की मांग हैं या नियति का प्रकोप यह मानकर अगला पृष्ठ पलटकर आगे बढ गई हूं,सिंहल जी का समूचा व्यक्तित्व समाहित है इस खूबसूरत कृति में,,,,आम आदमी का दर्द उभर कर सामने आया हैं इस पुस्तक के लिए,-खूबसूरत जीवंत,एवं मार्मिक भावनाओं केलिए ,कवि आदरणीय सिंहल जो मेरी अनंत शुभ-कामनाएं,एवं हार्दिक बधाई,,यह सृजन-यात्रा अनवरत चलती रहे, यही कामना है ।

# मेरे प्यारे आदिवासी दोस्त



डॉ आकांक्षा चौधरी

मेरे प्यारे आदिवासी दोस्त
मेरे अपने सलोने दोस्त।।
लाल पथरीली राहों में बेफिक्र
दो चोटियों
वाली तितलियां
उड़तीं
झूलते थे इमली
की शाखों पर
बेर की गुंडी
अमरंगा खातीं
जंगलों के
निवासी दोस्त
सुलभ सुंदर
सुहाने दोस्त।।
आलूपरांठे कभी मटर पनीर
शहरी टिफिन को बांट कर
उत्साही बालमन कूद पड़ते
कुदरुम चटनी लाल भात पर
सीधे सच्चे सुहासी दोस्त
कोहिनूर से नगीने दोस्त।।
प्यार और स्नेह से भरे
सब सीधे सच्चे मन वाले
दुनिया घूम कर जाना
यही हैं भोलेपन वाले
हो उरांव संताली दोस्त
दुनिया से निराले दोस्त।।

काव्य कोना

## खेवइया

खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
लहरों पर लहरें उठती है
शीतल चले बयार रे
ले चल सागर पार रे।
खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
प्रीत की रीत लगी रे
घन बरसे उस पार रे
ले चल सागर पार रे।
खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
मनवा में है पंख लगी रे
पॉखी बन उड़ जाऊँ रे
ले चल सागर पार रे
खेवइया, हो रे खेवइया
ले चल सागर पार रे
व्याकुल मन में धीर कहाँ है?
श्याम दिखे उस पार रे
ले चल सागर पार रे।

नाग मणि

# पत्रात्मक लघुकथा :- नजरअंदाज



मनीषा सहाय सुमन

**प्यारी बेटी रिदिमा,**

जानती हो आज सुबह मंदिर गयी थी। वहाँ कौशल्या से मिली। वही कौशल्या आंटी तुम्हारी फ्रेंड रिंकी की मम्मी। रिंकी के साथ उसका भाई विकास भी था । मुझे तो सभी को देख बड़ी प्रसन्नता हुई पर कौशल्या थोड़ी झेंप सी रही थी,जब ध्यान से देखा तो रिंकी की फटी जींस व छोटा सा बैकलेस टॉप देख शायद वह असहज हो रही थी। विकास का भी हुलिया अजब ही था, शायद आजकल का फैशन हो! खैर जैसे ही उसने आरती का थाल रिंकी के आगे किया कि रिंकी झुंझलाती बोल पड़ी .... "what the hell is this ! stop these stupid rituals!" शायद कौशल्या ठीक से समझ नही पाई । इसलिये सिर्फ आँख दिखा कर रह गई ,पर मुझसे रहा नही गया...! "बेटा लोक लाज ,आँखों की शरम,बड़ों का सम्मान तो आज वासना और अंग प्रदर्शन, दिखावे की समार्ट एजुकेटड दुनिया का हिस्सा बन ,स्मार्ट शहरी होने का तुम दंभ भर रहे हो! तुम्हे यह भी अहसास नही कि तुम कहाँ खड़ी हो ! यदी ध्यान से खुद को देखो तो तुम पूरे जोकर लग रहे हो!"तभी मंदिर के पुजारी जी, "भगवान का मान सम्मान करना तो बहुत दूर की बात है, तुमलोग अपनी माँ बाप को भी बीच बजार अपमानित करने से नही चूकते! हमारी गलती है कि पाश्चात्य,अर्द्धनग्न परिधान में तुम्हें अंदर आने दिया....!" एकाएक ही बेटी मुझे तुम्हारी बात याद आ गयी- "मम्मी पब्लिक प्लेस में तमाशा मत किया करो!" जब देखा तो थोड़ी शरमिंदा होते हुए, जो लोग मुझे घेरे थे,उन सभी से सॉरी कह कर मंदिर की सीढ़ियों से जल्दी -जल्दी उतरने लगी तभी कौशलया मेरे पीछे भागते हुए आई , हाथ पकड़ कर आँखों मे नमी लिये कहा ---"धन्यवाद तुमने इतना साहस तो किया। बच्चे तो बच्चे हैं, दोषी हम है जो उन्हें नजर अंदाज करते है।" सभी माँ बाप की आँखें तरल संवाद कर रही थी !.....

बेटी ! मैने सही किया या गलत तुम जरूर मुझे बताना, इधर कई घटनाओं ने एक माँ की चिंता को बढ़ा दिया है ।" जवाब के इंतजार में...

**तुम्हारी माँ।**

# तैयार सेना है



खुशबू बरनवाल 'सीपी'

देश को बचाने, तैयार सेना है।
उत्सव हम मनाएँ, तैयार सेना है।
यहाँ खुशी से निकलती टोलियाँ ।
सरहद में खाते हैं वो गोलियाँ ॥
सुरक्षा-भार उठाने हर बार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
अमृत महोत्सव या मनाओ तुम होली।
गुरुपर्व, ईद या मनाओ दिवाली॥
देश-प्रीत बसाने हर बार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
आतंकियों से सामना कर। प्राकृतिक विपदा
से बचा कर ॥
कर्तव्य निभाने हर बार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
सिसकियाँ छोड़ तैनात सीमाओं पर ।
दृढ शैल-प्रहरी हिम हवाओं पर ॥
रिश्ते-खुशियाँ बलिदान को तैयार सेना है।
देश को बचाने तैयार सेना है ॥
देश को बचाने तैयार सेना है।
उत्सव हम मनाएँ तैयार सेना है ॥

# छोटी माँ



रंजना वर्मा उन्मुक्त

सौम्या ! तुम्हारी छोटी माँ बहुत बीमार हैं तुम्हें उन्हें देखने जाना चाहिए ।.....रोहित ने सौम्या से कहा सौम्या सोचने लगी..... उसे छोटी माँ को देखने जाना चाहिए ......आखिर उनकी थी कि घर के सभी लोग उनके साथ इतनी बुरी तरह पेश आते थे।क्या उनकी गलती यह थी कि उनकी सौतेली माँ ने उनसे उनकी मर्जी पुछे बिना उनकी शादी दो बच्चे के पिता जो उनसे उम्र में काफी बड़े थे ,के साथ कर दिया था।दादी ने उसके और उसके भाई के मन में छोटी माँ के प्रति इतना जहर भर दिया था कि वे दोनों उन्हें अपना दुश्मन मानते थे तथा उनसे नफरत करते थे।छोटी माँ उनसे प्यार करने की कोशिश करती ,लेकिन उन दोनों के बुरा बर्ताव के कारण चुप हो जाती।बचपन में अपनी सौतेली माँ का अत्याचार सहने के बाद, ससुराल मे सभी के बुरा व्यवहार का प्रहार सहते सहते वह पत्थर की तरह बेजान सी हो गयी थी।सौम्या उन्हें अपनी माँ के कपड़े और गहनों को हाथ तक नहीं लगाने देती थी।पिताजी उन्हें एक बिना वेतन की नौकरानी से अधिक नहीं समझते थे।वह मायके से दो चार साधारण सी साड़ियाँ लेकर आयीं थी, उसे ही वह पहना करती थी।नयी नवेली दुल्हन सा न तो श्रंगार था न उल्लास ,और ससुराल में न वैसा मान ही था। उनके चेहरे पर कभी भी प्रतिकार के नामों निशान नहीं रहते थे।बचपन से सबकुछ सहते सहते उनकी सहनशीलता इतनी बढ़ गयी थी कि उन्होंने ससुराल में सभी के अत्यंत कठोर और बेरुखी भरे व्यवहार को बड़ी सहजता के साथ स्वीकार कर लिया था। कुछ दिनों बाद उनकी कोख में एक फूल खिला, " आरज़ू " जिसे वो प्यार से अज्जू कहती थी।वह भी परिवार के बेरुखी और तिरस्कार का शिकार था कोई उसे गोद में उठाना तो दूर ,हाथ तक नहीं लगाता था।लेकिन वह बचपन से ही माँ का साथ देने लगा।उसकी अतरियाँ पेट से सटी रहतीं, फिर भी वह नहीं रोता था।छोटी माँ को जब काम से फुरसत मिलती, तभी वह उसे दूध पिला पाती।सौम्या की जब शादी हुई, तब विदाई के वक़्त उन्होंने अपना एकमात्र गहना, एक जोड़ा कंगन उसके हाथों में रखाऔर बोली," तुम्हारी इस अभागन माँ के पास बस यही है,इसे मेरा आशीर्वाद समझ कर रख लो।" सौम्या ने चुपचाप कंगन रख लिये थे।आज सोचकर पता नहीं क्यों,उसकी आँखों में आँसू आ गये। इसके बाद सौम्या अपने पिता की मृत्यु के पश्चात अपने मायके गयी थी।वहाँ छोटी माँ के उदास, निर्विकार चेहरे को देखकर उसका मन अन्दर से बहुत पसीजा, फिर भी वह उनके पास नहीं गयी वह अपनी दादी से ही लिपट कर रोती रही।दादी रो रोकर छोटी माँ को ही कोसती रही," मेरे बेटे को खा गयी कलमुंही ।" किसी ने भी ऊनकी तकलीफ को जानने की कोशिश नहीं की।दादी की मृत्यु के बाद सौम्या और उसके भाई ने पैतृक घर का बंटवारा कर लिया ।दो बढ़िया हिस्सा दोनों भाई बहन ने ले लिया और छोटी माँ को घर का छोटा सा हिस्सा दे दिया ।छोटी माँ ने इसका भी कोई विरोध नहीं किया ।आज वो इतनी बीमार हैं, दोनों भाई-बहनों ने कभी उनकी चिन्ता नहीं की।वो कैसे रहती हैं, उनका खर्चा पानी कैसे चलता होगा।सौम्या को बहुत ग्लानि होने लगी।उसने निश्चय कर लिया कि वह उनसे मिलने अवश्य जायेगी। सौम्या ने छोटी माँ को देखा तो उसका कलेजा मुँह को आ गया ।वह बीमार,अत्यंत कमजोर निरीह सी बिस्तर पर पड़ीं थीं। उसे देखकर उन्होंने उठने का प्रयत्न किया,परन्तु उठ नहीं पायीं। "अज्जू कहाँ है? आपको ऐसी अवस्था में छोड़ कर मटरगश्ती कर रहा है।".....सौम्या गुस्से से बोली। तब तक आरजू आ चुका था।उसने सौम्या से कहा," मेरे पास मटरगश्ती करने का न तो समय है और न ही औकात ।मैं बच्चों को पढ़ाने जाता हूँ जिससे घर का खर्चा चलता है।मैं पढ़ाई भी कर रहा हूँ। मेरा सपना है जब मेरी नौकरी लगेगी तो मैं अपनी छोटी माँ का आँचल खुशियों से भर दूँगा ।" "बहुत बढ़िया, लेकिन तुम भी अपनी माँ को छोटी माँ बोलते हो।".......सौम्या ने आश्चर्य के साथ कहा। "हाँ! ये छोटी माँ हैं ।बड़ी माँ तो वो हैं ।" अज्जू ने सौम्या की माँ की तस्वीर की ओर इशारा करते हुए कहा।

सौम्या रो पड़ी उसने छोटी माँ के पैरों पर अपना सर रखते हुए कहा," तुम किस मिट्टी की बनी हो छोटी माँ ....
जो इस दुनिया में नहीं है,उसके भी अस्तित्व को तुमने सम्भाल कर रखा है। एक हम हैं जो तुम्हारे जिन्दा रहने पर भी हालचाल पूछने नहीं आये।मुझे माफ कर दो छोटी माँ ।"...
सौम्या की आँखों से पश्चाताप के आँसू बह रहे थे।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

# जनता और नेता

लुट में खसोट में और जोरा जोरी में,
जनता को और भी कितना घुमाएंगे।
झूठ सच बोलकर सत्ता हथियाई है,
जीत की खुशी में आप जश्न भी मनाएंगे।
जनता औ नेता का संबंध बस एक यही,
हारकर या जीतकर जनता को रुलाएंगे ।।
खुशी तो आपको अपना ही प्यारा लागे,
धन जन गुणगान आपको भी न्यारा लागे,
झूठ सच बोलकर कितना फंसाएंगे ।
भ्रष्टाचार छोड़कर प्यार कर पाएंगे ।
या कि छल छंद से ही जनता भरमाएंगे ।
झूठ में जो पकड़े गए तो आप भाग जाएंगे ।।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

# अहम् - पुष्टि की भूल



ब्रजेन्द्र नाथ मिश्र

मैं अपनी पत्नी के साथ रात की बस से यात्रा समाप्ति के बाद स्टैंड पर उतरा था. सामान डिकी से निकाला गया था. मेरी ओर दो रिक्शे वाले बढ़े थे. रात की यात्रा के बाद निवास पर पहुंचने की जल्दी होती है. मैंने तुरंत एक रिक्शे वाले से बात की. भाड़ा तय कर लिया गया. वैसे मैं ऑटो से भी जा सकता था. तब तक श्रीमती जी ने एक ऑटो वाले से बात कर ली. अब मैं बड़े पेशोपेश में फंस गया. अगर ऑटो पर सवार होता हूँ, तो रिक्शा वाले का दिल टूट जाएगा. मैंने उसके साथ बात कर ली, तो सुबह - सुबह उसकी आँखों में एक उम्मीद की किरण जगी. उसने सोचा होगा कि आज की शुरुआत, जिसको उनकी भाषा में 'बोहनी' कहा जाता है, अच्छी हुई. इतने में ऑटो वाले ने सारा सामान अपने ऑटो पर लाद दिया. उस रिक्शा वाले की सुबह - सुबह आँखों में जगी उम्मीद की किरण को बुझते हुए मैं नहीं देख सकता था. मैं बच्चों और पत्नी सहित ऑटो पर बैठ गया. ऑटो स्टार्ट हो चुका था. मैं ऑटो से उतर गया. ऑटो वाले ने ऑटो रोक दिया था. मैं उस रिक्शा वाले के पास दौड़कर पहुँचा. उसे वाजिब किराया जो रिक्शा से जाने पर लगता, मैंने उसकी शर्ट की आगे वाली जेब में डाल दिए. वह आश्चर्यचकित था. उसने अपने जेब से नोट निकाले. उसने मुझसे कहा, "आप बिना मेरे मेहनत किए पैसे कैसे दे सकते हैं? मैंने कहा, "पहले मैंने आपसे बात की थी न. इसलिए आपके ये पैसे बनते हैं. जहाँ तक आप कहते हो कि बिना मेहनत के आपसे पैसे कैसे ले सकता हूँ. तो आप चलिए मैं आपके साथ ही चलूँगा." कहकर मैं उसके रिक्शा पर बैठ गया. उधर मेरी पत्नी और बच्चे मेरा इंतजार कर रहे थे. रिक्शा वाले ने संजीदा होकर कहा, "आप रिक्शा से उतरिए." मैं उसके रिक्शे से उतर गया. उसने मेरे दिए हुए नोट मेरी शर्ट की पॉकेट में डालते हुए कहा, " आप उधर जाइए. आपकी पत्नी और बच्चे आपका इंतजार कर रहें हैं." मैं चुपचाप सिर झुकाए अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ऑटो में बैठ गया. मेरा अंतर्मन मुझे झकझोर रहा था, जैसे अंदर से आवाज़ आ रही हो, 'किसी को गरीब और लाचार समझते हुए दान देकर अपने अहं - पुष्टि को चैरिटी समझने की भूल नहीं करनी चाहिए।'

## आज का दोहा

नदियाँ ज्यों पाती हुईं, चिट्ठी हुए पहाड़।
घूम घूम कर हर जगह, मौसम रहा दहाड़।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## पाकिस्तान से लौटे बीएसएफ जवान ने सुनाई आपबीती

# छोड़ दी थी घर लौटने की उम्मीद : पूर्णम

**हुगली (हि.स.)**



● जवान ने कहा, अपने परिवार में लौट कर मेरा पुनर्जन्म हुआ



तकरीबन 22 दिनों तक पाक रेंजर्स की हिरासत में रहने के बाद शुक्रवार शाम अपने रिषड़ा स्थित घर लौटे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार साव ने शनिवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दस दिन पाक रेंजर्स की हिरासत में बिताने के बाद उन्होंने घर लौटने की उम्मीद छोड़ दी थी। उन्होंने इस कठिन समय में उनके परिवार के साथ खड़े रहने के लिए देशवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्णम का मानना है कि अपने परिवार में लौट कर उनका पुनर्जन्म हुआ है। बहरहाल, शनिवार सुबह भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्णम के घर गया। उन्होंने पूर्णम का अभिनंदन किया। पूर्णम ने नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी से वीडियो कॉल पर बात की। उल्लेखनीय है कि गत 23 अप्रैल को पूर्णम ने ड्यूटी के दौरान गलती से भारत की सीमा पार कर ली थी। इसके बाद पाकिस्तानी रेंजर्स ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। इसके बाद 14 मई को पूर्णम को रिहा किया था। इसके नौ दिनों बाद शुक्रवार को पूर्णम रिषड़ा स्थित अपने घर लौटे।

### "सोचा था तीन दिन में छूट जाऊंगा, फिर लगा कभी लौट नहीं पाऊंगा"

पूर्णम को पाक रेंजर्स ने 22 दिनों तक बंदी बनाकर रखा था। जब उनसे पूछा गया कि उस समय वे क्या सोच रहे थे, "जब मुझे पहली बार हिरासत में लिया गया था, तो मैंने सोचा था कि मैं तीन या चार दिनों में रिहा हो जाऊंगा। लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ, दस दिन बीत जाने के बाद, मैंने सोचा कि मैं कभी घर वापस नहीं लौटूंगा। जो भी होगा, वहीं होगा।" पूर्णम के पाक रेंजर्स की हिरासत में रहने के दौरान ही भारत ने पहलगांव आतंकवादी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस बारे में पूछे जाने पर पूर्णम ने कहा, "जब मैं वहां था तो मुझे कुछ भी पता नहीं था। जब मैं घर लौटा और समाचार देखा तो पता चला कि ऑपरेशन चल रहा था।"क्या पाक रेंजर्स ने उन पर कोई अत्याचार किया? इस प्रश्न के जवाब में पूर्णम ने कोई टिप्पणी नहीं की।


## अब मतदान केंद्र के बाहर मोबाइल जमा कर सकेंगे वोटर

**नई दिल्ली।** मतदान दिवस की गतिविधियों को सुव्यवस्थित करने और मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने मतदाताओं के लिए मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा को सुविधाजनक बनाने और मतदान केंद्रों के पास प्रचार मानदंडों को तर्कसंगत बनाने पर केंद्रित दो व्यापक निर्देश जारी किए हैं। ये कदम कानूनी अनिवार्यताओं का पालन करते हुए चुनावी प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाने के आयोग के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं। शहरी और ग्रामीण दोनों जनसांख्यिकी में मोबाइल फोन के व्यापक उपयोग को देखते हुए और मतदान के दौरान अपने फोन को संभालने में वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) सहित विभिन्न समूहों द्वारा सामना की जाने वाली कठिनाइयों को देखते हुए - ईसीआई ने निर्देश दिया है।

# दिल्ली में कोविड-19 के 23 मामले सामने आए, अस्पतालों के लिए परामर्श जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### दिल्ली सरकार अलर्ट मोड में, कोविड से निपटने के लिए अस्पतालों को किया तैयार



राजधानी में कोविड-19 के 23 मामले सामने आये हैं। संक्रमण के मामलों के मद्देनजर दिल्ली सरकार ने सभी अस्पतालों को बिस्तरों, ऑक्सीजन, दवाइयों और टीकों की उपलब्धता के लिए तैयार रहने को लेकर परामर्श जारी किया है। यह पहली बार है जब दिल्ली में लगभग तीन वर्षों के बाद कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज सिंह ने शुक्रवार को कहा कि बृहस्पतिवार तक कोविड-19 के 23 मामले सामने आए हैं और सरकार मरीजों के दिल्ली के निवासी होने या उनके शहर से बाहर की यात्रा करने को लेकर जानकारी जुटा रही है। इस बीच, स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को कोविड-19 की तैयारियों के बारे में एक परामर्श जारी किया। यह परामर्श कई राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद जारी किया गया है। सरकार ने स्वास्थ्य संस्थानों से जीनोम अनुक्रमण के लिए सभी सकारात्मक नमूने लोक नायक अस्पताल भेजने को कहा है। इसमें कहा गया है, ''अस्पतालों को बिस्तर, ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, अन्य दवाओं और टीके की उपलब्धता के मामले में तैयारी सुनिश्चित करनी चाहिए। 'दिल्ली सरकार किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने राजधानी के सभी अस्पतालों के चिकित्सा अधीक्षकों, चिकित्सकों और उनकी टीम के साथ पहले ही समन्वय कर लिया है।''बयान में कहा गया है कि तैयारियों के संदर्भ में अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट पर रखा गया है तथा त्वरित प्रतिक्रिया और देखभाल सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और जनता को समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले, स्वास्थ्य विभाग ने कोविड-19 की तैयारियों के संबंध में दिल्ली सरकार के सभी अस्पतालों को एक परामर्श जारी किया था।

## देश की एकता और अखंडता पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत : सिंधिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आदत है कि वे देश की एकता पर सवाल उठाते हैं, भले ही भारतीय एकजुट हों। यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछे गए तीन सवालों के बारे में पूछे जाने के बाद आई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि देश की एकता, अखंडता और सम्मान पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत है, खासकर ऐसे समय में जब 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और कुछ तत्व भारत की संप्रभुता और एकता पर सवाल उठा रहे हैं। केंद्रीय संचार मंत्री ने जयशंकर से पूछे गए सवालों के समय को लेकर भी कांग्रेस नेता की आलोचना की। सिंधिया ने कहा कि यहां तक कि जब आतंकवादियों और दुश्मनों का सामना करना पड़ रहा हो? ऐसे गंभीर समय में इस तरह के सवाल उठाना-यह किस तरह की विचारधारा है? न तो आप और न ही हम इसे समझ सकते हैं। कभी गांधी के करीबी रहे सिंधिया 2018 में कांग्रेस से अलग होकर भाजपा में शामिल हो गए थे। कांग्रेस की एक पोस्ट को टैग किया जिसमें जयशंकर का एक वीडियो क्लिप था जिसमें वे डच ब्रॉडकास्टर एनओएस के साथ साक्षात्कार के दौरान पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत-पाक संघर्ष पर सवालों के जवाब दे रहे थे।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी अपराधी गुरुदेव मंडल ढेर

**भागलपुर (हि.स.)।** नवगछिया पुलिस जिला में रंगरा थाना क्षेत्र में बीते देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में 25 हजार रुपये का इनामी कुख्यात अपराधी सनोज मंडल उर्फ गुरुदेव मंडल मुठभेड़ में मारा गया। घटना रंगरा थाना क्षेत्र के मुरली चौक की है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गुरुदेव मंडल अपने साथियों के साथ किसी बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की तैयारी में है। सूचना के आधार पर एसटीएफ और नवगछिया पुलिस ने मौके पर छापेमारी की। पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान गुरुदेव मंडल और उसके साथियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलियां चलाईं जिसमें गुरुदेव मंडल मारा गया। घटनास्थल से पुलिस ने हथियार भी बरामद किए हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी।

**वृष :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे।

**मिथुन :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, इक्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। किसी नजदीकी शुभङ्क्षचतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी।

**कर्क :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें।

**सिंह :** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वविवेक से कार्य करें।

**कन्या :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। आलस्य का त्याग करें।

**तुला :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की दौड़-भाग से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं।

**धनु :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**मकर :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय हैं मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। "आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

### आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

# गुजरात एटीएस ने किया पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार

● जासूसी के बदले आरोपी को 40,000 रुपये नकद दिए गए, जो कच्छ के दयापर चौकी क्षेत्र में प्राप्त किए गए

**अहमदाबाद (हि.स.)**

गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने कच्छ से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में सहदेव सिंह गोहिल (28) को गिरफ्तार किया है। आरोपित गुजरात के विभिन्न स्थानों की गुप्त जानकारी एकत्र करके पाकिस्तान को भेज रहा था। एटीएस ने आरोपी के पास से महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए हैं। उसे आगे की पूछताछ के लिए अहमदाबाद ले जाया गया है। गुजरात एटीएस के पुलिस अधीक्षक के. सिद्धार्थ ने शनिवार को अहमदाबाद में प्रेसवार्ता में कहा कि कच्छ के दयापर क्षेत्र से गुजरात एटीएस ने सहदेव गोहिल को गिरफ्तार किया है। आरोपित पीएचसी मातानी मढ़ी में संविदा पर मल्टीपर्पज हेल्थ वर्कर के रूप में तैनात है। वह जल सेना (नेवी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की गुप्त जानकारी पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था। एटीएस की जांच में पता चला कि सहदेव ने नए निर्माण क्षेत्रों के फोटो और विवरण एक पाकिस्तानी महिला एजेंट, जो अदिति भारद्वाज नाम से जानी जाती है को वाट्सएप के जरिए भेजे थे। एटीएस के मुताबिक जून-जुलाई 2023 से आरोपित सहदेव पाकिस्तानी महिला एजेंट के संपर्क में था। पाकिस्तानी एजेंट के पास ऐसे संवेदनशील लोगों की सूची होती है, जिनसे वे संपर्क करते हैं। इसके लिए व्हाट्सएप में भारतीय नंबर का इस्तेमाल किया जाता था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कुछ वीडियो डिलीट कर दिए हैं, जिन्हें वापस पाने की कार्रवाई जारी है। युवक ने भारत से एक सिमकार्ड खरीदा था, जिसे पाकिस्तानी महिला जासूस एक्सेस करती थी।

### पाक महिला से व्हाट्सएप पर साझा की जानकारियां



पुलिस अक्षीधक ने बताया कि सूचना मिली थी कि कच्छ जिले का एक युवक बीएफएप और नेवी की जानकारी पाकिस्तान को भेज रहा है। बाद में एक विशेष टीम बनाकर उसे गिरफ्तार किया गया। आदिति भारद्वाज नामक महिला के सम्पर्क में आने के बाद सहदेव सीमावर्ती क्षेत्र की संवेदनशील जानकारी वाट्सएप के जरिए भेज रहा था। आरोपित को 40 हजार रुपए नकद भी दिए गए थे। कच्छ के दयापर चौकी के पास सहदेवसिंह गोहिल ने पैसे प्राप्त किए थे। आरोपित के फोन को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। इसी फोन से उसकी पाकिस्तान की महिला आदिती भारद्वाज से पाकिस्तान में बातचीत होती थी।

### गुजरात: घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी को बीएसएफ ने ढेर किया

**पालनपुर (हि.स.)।** गुजरात के बनासकांठा जिले में 23 मई की रात बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवानों ने भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को ढेर कर दिया। बॉर्डर सिक्युरिटी फोर्स (बीएसएफ) की तरफ से शनिवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक बीएसएफ जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करते हुए भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करते देखा। जवानों ने उसे रोकने की कोशिश की और चेतावनी दी, फिर भी वह आगे बढ़ता रहा, जिसके बाद स्थिति को देखते हुए बीएसएफ जवानों ने गोली चलाई, जिसमें घुसपैठिए की मौके पर ही मौत हो गई।

## बिहार के बक्सर में 3 लोगों की गोली मारकर हत्या, 2 लोग गंभीर रूप से घायल

**पटना (हि.स.)**

● शुक्रवार को गिट्टी-बालू बेचने को लेकर हुआ था विवाद, शनिवार सुबह हथियारबंद लोगों ने हमला किया

बिहार में बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में शनिवार सुबह आपसी विवाद में एक ही परिवार के 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को पहले कोचस स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें वाराणसी रेफर कर दिया गया है। घायल मंटू सिंह के पेट और पैर में गोली लगी है, जबकि पुंज सिंह यादव के पेट में गोली लगी है। मृतकों की पहचान विनोद सिंह यादव, सुनील सिंह यादव और वीरेंद्र सिंह यादव के रूप में की गई है। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल, शुक्रवार को अहियापुर निवासी विनोद यादव और सुनील यादव का गिट्टी-बालू बेचने को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से विवाद हुआ था। जिसे लेकर शनिवार की सुबह हथियारबंद लोगों ने उनके परिवार के लोगों को निशाना बनाकर गोलियां चलाईं, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए।

## रक्षा कार्यालय ने दिल्ली हवाई अड्डे के पास दो एकड़ जमीन से अवैध कब्जा हटाया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

● दिल्ली छावनी के इस इलाके में वर्षों से चल रहा था अवैध क जा

दिल्ली क्षेत्र के रक्षा संपदा कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1डी के पास दो एकड़ महत्वपूर्ण रक्षा भूमि से अवैध कब्जे को हटाने के लिए अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। दिल्ली छावनी के मेहरम नगर इलाके में स्थित इस जमीन पर कथित तौर पर कई वर्षों से अवैध कब्जा था। दिल्ली क्षेत्र के रक्षा संपदा अधिकारी वरुण कालिया ने बताया कि यह संयुक्त अभियान दिल्ली छावनी बोर्ड, स्थानीय सैन्य अधिकारियों और दिल्ली पुलिस के सहयोग से चलाया गया। कालिया ने कहा कि इस अभियान के तहत अनधिकृत पार्किंग क्षेत्रों को हटाया गया, वाहनों को जब्त किया गया तथा अवैध पशु आश्रय स्थलों को ध्वस्त किया गया। इस जमीन पर बने कई छोटे-बड़े ढांचों को भी हटा दिया गया। हाल के सप्ताहों में इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने का यह दूसरा बड़ा अभियान है। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह मेहरम नगर में रक्षा भूमि के अन्य हिस्सों को फिर से कब्जे में लेने के लिए भी इसी तरह की कार्रवाई की गई थी।

## 'ऑपरेशन सिंदूर देश की रक्षा में एक अपरिहार्य कदम था': चंद्रबाबू नायडू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा किए गये ऑपरेशन सिंदूर की देशभर में तारीफ हो रही है लेकिन अचानक से सीजफायर पर कुछ लोग नराज भी नजर आये। इसमें कांग्रेस के कुछ नेता भी शामिल है जो केंद्र सरकार की अलोचना कर रहे हैं और सीजफायर के पीछे के कारणों को जनता को बताने की बात कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर को देश की सुरक्षा के लिए एक 'अपरिहार्य' कदम बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी ऐसे अभियानों की आलोचना नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह आतंकवाद को समर्थन देने के समान है।

### ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई है

मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को "आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई" बताया और पूछा कि क्या इसके आलोचक आतंकवादी गतिविधियों का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा, "क्या आप आतंकवाद का समर्थन कर सकते हैं? किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधि की हम सभी को निंदा करनी चाहिए। अन्यथा, आपके यहां बैठने से क्या सुरक्षा मिलेगी? हम एक सभ्य दुनिया में रह रहे हैं। सभ्य दुनिया किसी भी प्रकार की आतंकवादी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं कर सकती।

## फर्जी बैनामा करने की आरोपी महिला और 4 बेटों पर मामला दर्ज

**भदोही।** भदोही जिले में एक भूखंड को अपना बता कर एक व्यक्ति के नाम फर्जी बैनामा करने के आरोप में एक महिला और उसके चार बेटों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में शुक्रवार को मुकदमा दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अनिल केशरी की शिकायत पर शहर कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं में मालती देवी और उनके चार बेटों-अशोक कुमार जायसवाल उर्फ़ दादा, सुभाष चंद्र, अमित कुमार और रवि कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शहर कोतवाली इलाके के गंगापुर निवासी अनिल केशरी को हरियांव क्षेत्र के भूखंड को अपना बता कर इन लोगों ने 84 लाख रुपये तथा 6 लाख रुपया स्टांप शुल्क के नाम पर लिया।

# मानसून ने केरल में 16 वर्षों में पहली बार समय से पहले दी दस्तक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

### पिछले साल 30 मई को दक्षिणी राज्य में मानसून पहुंचा था

1. 2023 में 8 जून को
2. 2022 में 29 मई को
3. 2021 में 3 जून को
4. 2020 में 1 जून को
5. 2019 में 8 जून को
6. 2018 में 29 मई को



केरल। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून शनिवार (24 मई) को केरल पहुंचा, जो 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर सबसे पहले दस्तक देने वाला है। 2009 में 23 मई को मानसून की शुरुआत हुई थी। आम तौर पर, दक्षिण-पश्चिम मानसून 1 जून तक केरल में दस्तक देता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से पीछे हटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून, जो भारत में वार्षिक वर्षा का 75 प्रतिशत से अधिक लाता है, ने केरल तट पर अपनी शुरुआत की है, जो पिछले 16 वर्षों में इसका सबसे पहले आगमन है। पिछली बार यह इतनी जल्दी 2009 में आया था, जब यह 23 मई को भारतीय तट पर पहुंचा था। पिछले सप्ताह से केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश के साथ दक्षिणी प्रायद्वीप में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, केरल-माहे और कर्नाटक में 27-29 मई तक व्यापक बारिश जारी रहने की संभावना है। अगले पांच दिनों में तेलंगाना, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, रायलसीमा में भी भारी बारिश जारी रहने का अनुमान है, खासकर 25 और 26 मई को अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, शुरुआत की तारीख और मौसम के दौरान देश भर में कुल वर्षा के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। केरल में जल्दी या देर से आने वाले मानसून का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

# बिहार में मंडप से दूल्हे को उठा ले गए किन्नर

**एजेंसी। गोपालगंज**



● मंडप से दूल्हे के गायब होने के बाद शादी रुक गई, घर में मचा कोहराम

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज से शादी समारोह के दौरान अजब कारनामा देखने को मिला है। यहां पर शादी समारोह में लौंडा यानी किन्नर नाच करने आए किन्नरों ने जमकर हंगामा मचाया और मारपीट कर दुल्हन के घर से गहने लूट लिए और साथ में दूल्हे का भी अपहरण कर फरार हो गए। मंडप से दूल्हे के अपहरण के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई है।

इस वारदात के बाद शादी भी रुक गई। जिससे शादी वाले घर में कोहराम मच गया है। घटना नगर थाना क्षेत्र के अरार मोड की है। बताया जाता है कि बैकुंठपुर से सुरेंद्र शर्मा की बेटी की बारात बीती रात गोपालगंज में आई थी। बीती रात शादी थी। इसी शादी समारोह में बारातियों के मनोरंजन के लिए लौंडा नाच का आयोजन किया गया था। इसी नाच के दौरान कुछ लोगों और लौंडा डांस करने आए कलाकारों में जमकर मारपीट हुई।

मारपीट और झड़प के बाद लौंडा नाच करने आए कलाकारों ने दुल्हन के घर में घुसकर घर के महिलाओं के साथ मारपीट की। दुल्हन के शादी के लिए रखे गए महंगे कपड़े, गहने सबकुछ लेकर फरार हो गए। दुल्हन पक्ष का आरोप है कि लौंडा नाच करने आए कलाकारों ने ही दूल्हे का भी अपहरण कर लिया है। इस घटना के बाद से ही दूल्हा लापता है।

मंडप से दूल्हे के अपहरण और इस झड़प की सूचना जैसे ही स्थानीय लोगों को मिली। मौके पर भारी संख्या में लोग मौजूद हो गए। वहीं इस शादी समारोह में हुए कांड के बाद दुल्हन को सदमा लगा है। वह बार-बार बेहोश हो जा रही है। दूल्हे के बरामदगी को लेकर पुलिस के द्वारा भी लगातार छापेमारी की जा रही है।

### नेहा सिंह राठौर पर वाराणसी में एफआईआर

# पीएम मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी का है आरोप

**एजेंसी। वाराणसी**



लोकगीत गायिका नेहा सिंह राठौर पर एक बार फिर मामला दर्ज किया गया है। इस बार वाराणसी में यह मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने अपने एक हालिया वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की है। सामाजिक संगठन साधना फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मौर्य की शिकायत के आधार पर सिगरा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, राठौर ने प्रधानमंत्री को कायर और जनरल डाय" जैसे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए संदर्भित किया और कथित तौर पर उनका वीडियो पाकिस्तानी मीडिया चैनलों पर प्रसारित किया गया है। डॉ. मौर्य ने दावा किया कि यह कृत्य न केवल प्रधानमंत्री का अपमान करता है, बल्कि देश की वैश्विक छवि को भी नुकसान पहुंचाता है।



# इंग्लैंड दौरे के लिए गिल बने भारत के कप्तान

**मुंबई।** इंग्लैंड दौरे के लिए शुभमन गिल को भारत का नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है जबकि विकेटकीपर ऋषभ पंत को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। करुण नायर की भारतीय टीम में वापसी हुई है जबकि बी साई सुदर्शन और अभिमन्यु ईश्वरन को भी टेस्ट टीम में जगह दी गई है। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम की शनिवार को घोषणा की। शार्दुल ठाकुर और नीतीश कुमार रेड्डी भारतीय दल में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर होंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले तेज गेंदबाजी आक्रमण में मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह को शामिल किया गया है। वहीं स्पिन विभाग में कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा का साथ देते दिखाई देंगे। हालांकि चयनित दल में सरफराज खान जैसे चेहरे नदारद हैं। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को जगह नहीं मिल पाई है, वह इंग्लैंड दौरे के लिए फिट नहीं हैं। मुख्य चयनकर्ता अजीत आगरकर ने कहा कि इंग्लैंड दौरा चुनौतीपूर्ण होगा लेकिन गिल पर उन्हें पूरा विश्वास है।

## 37वें टेस्ट कप्तान होंगे शुभमन गिल

इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), के एल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

## इंग्लैंड दौरे का कार्यक्रम

| पहला टेस्ट | दूसरा टेस्ट | तीसरा टेस्ट | चौथा टेस्ट | पांचवां टेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| 20 जून - हेडिंग्ले | 2 जुलाई - एजबस्टन | 10 डुलाई - लॉर्ड्स | 23 जुलाई - ओल्ड ट्रैफर्ड | 31 जुलाई - द ओवल |



## गिल की कप्तानी में जायसवाल के लिए एक नए सफर की शुरुआत : ज्वाला सिंह

**नई दिल्ली।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह को लगता है कि नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलना बाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए लाल गेंद के प्रारूप में एक नए सफर की शुरुआत होगी। 20 जून से शुरू होने वाले इंग्लैंड के महत्वपूर्ण पांच टेस्ट के दौरे से पहले गिल को भारत का नया टेस्ट कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को उप कप्तान नियुक्त किया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में समाप्त होने के बाद जायसवाल ने दौरे के लिए 18 सदस्यीय टीम में अपनी जगह बरकरार रखी है।




# मैगनस कार्लसन और गुकेश के बीच टक्कर पर दुनिया की नजरें

एजेंसी

**ओस्लो ,नॉर्वे ( निकलेश जैन )।** सोमवार से यहाँ शुरू होने वाले नार्वे शतरंज के तेरहवें संस्करण में भारत के वर्तमान विश्व चैंपियन डी गुकेश और मेजबान देश के पाँच बार के विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन दोनों भाग लेने जा रहे है और शतरंज प्रेमियों के लिए यह पहला मौका होगा जब विश्व चैंपियन बनने के बाद गुकेश क्लासिकल शतरंज में कार्लसन का मुकाबला करेंगे । आज भी कार्लसन एक दशक से भी अधिक समय से दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी है जबकि गुकेश दुनिया के फ़िलहाल नम्बर तीन खिलाड़ी है ।इन दोनों के अलावा भारत के अर्जुन एरिगैसी , यूएसए के फैबियानो कारूआना और हिकारू नाकामुरा आवर चीन के वे यी भी इस प्रतियोगिता का हिस्सा होंगे , यह सभी खिलाड़ी दोहरे राउंड रॉबिन के आधार पर कुल दस राउंड खेलेंगे ,मतलब हर खिलाड़ी आपस में एक बार सफेद और एक बार काले मोहरो से मुकाबला खेलेंगे । कार्लसन नॉर्वे शतरंज का खिताब रिकॉर्ड छह बार जीत चुके है आवर अब देखना होगा की क्या गुकेश इस बार उन्हें यह खिताब हासिल करने से रोक पायेंगे ।

# श्रीकांत रविवार को फाइनल में ली शि फेंग से भिड़ेंगे

एजेंसी



**कुआलालंपुर।** भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत शनिवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी तनाका पर सीधे गेम में जीत के साथ छह साल में बीडब्ल्यूएफ इवेंट में अपने पहले पुरुष एकल फाइनल में पहुंचे। 2023 विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता 32 वर्षीय श्रीकांत ने शानदार प्रदर्शन किया, उन्होंने अपने पुराने फॉर्म की झलक दिखाते हुए तेज नेट प्ले और आक्रामक शॉट-मेकिंग के साथ दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी तनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से हराया। 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहने के बाद श्रीकांत का यह पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल है। उनका आखिरी खिताब 2017 में आया था, जिस साल उन्होंने चार रजत पदक जीते थे। कभी विश्व में नंबर 1 रहे श्रीकांत हाल के वर्षों में फॉर्म और फिटनेस में गिरावट से जूझते हुए रैंकिंग में 65वें स्थान पर खिसक गए हैं। छह साल के अंतराल के बाद फाइनल में पहुंचने पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए श्रीकांत ने कहा, "काफी खुश हूं। शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं, लेकिन यह भी तथ्य है कि मैंने आज रात या पिछले साल क्वालीफाइंग में नहीं खेला है, इसलिए शायद मैच खेलने का वह स्पर्श खो दिया है। किसी तरह इस बार सब कुछ ठीक चल रहा है।'उन्होंने कहा, "मैंने वास्तव में कुछ भी योजना नहीं बनाई है। यह सिर्फ शारीरिक रूप से फिट होने, चोट से मुक्त होने और फिर जितने घंटे संभव हो उतने खेलने के बारे में है। मेरे पास वास्तव में खेलने का कोई लक्ष्य नहीं है, इसलिए यह सिर्फ प्रशिक्षण और शारीरिक रूप से फिट होने और फिर खेलने के बारे में है। जाहिर है, अगर मैं खेलता, तो मैं बस थोड़ा खेलता। इसलिए, मैं वास्तव में खुद को ठीक होने, प्रशिक्षण लेने और फिर इस बार खेलने के लिए पर्याप्त समय देना चाहता हूं।



# नेपोली ने इंटर पर एक अंक की बढ़त के साथ जीता चौथा सीरी ए खिताब

**रोम।** नेपोली ने शुक्रवार को कैग्लियारी के खिलाफ अंतिम दौर में 2-0 की घरेलू जीत के बाद इंटर मिलान के दबाव को दूर करते हुए अपना चौथा सीरी ए खिताब दर्ज किया, जिससे नेराज़ुरी की कोमो पर जीत बेकार हो गई।शुक्रवार से पहले स्कुडेटो रेस व्यावहारिक रूप से दो टीमों की रेस थी। नेपोली ने अपने अंतिम मैच में 79 अंकों के साथ प्रवेश किया, जो इंटर से एक अंक आगे था, इसलिए एंटोनियो कॉन्टे की टीम को इंटर के परिणाम की परवाह किए बिना, अपने सीरी ए चैंपियन खिताब को सुरक्षित करने के लिए केवल एक जीत की आवश्यकता थी। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार कैग्लियारी ने 37वें दौर के बाद अपनी सीरी ए स्थिति की पुष्टि की थी और शुक्रवार को उनके पास खेलने के लिए कुछ नहीं था, लेकिन नेपोली ने हाफटाइम के स्ट्रोक पर गतिरोध को तोड़ दिया जब माटेओ पोलिटानो ने एक क्रॉस को घुमाया, स्कॉट मैकटोमिने ने एक आश्चर्यजनक एक्रोबेटिक कैंची किक के साथ नेट पाया।

रोमेलु लुकाकू ने ब्रेक के छह मिनट बाद ही बढ़त को दोगुना कर दिया, जब बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने मिडफील्ड से गेंद को संभाला और आगे बढ़ते हुए, चुनौतियों का सामना किया और फिर लो-स्ट्राइक के साथ गोल कर दिया ।यह तीन वर्षों में नेपोली की दूसरी सीरी ए चैंपियनशिप है, क्योंकि इसने लुसियानो स्पैलेटी के नेतृत्व में 2022-2023 सीजन में भारी बढ़त के साथ गौरव का आनंद लिया था, जिससे 33 साल का इंतजार खत्म हुआ। यह कॉन्टे के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण है, जो तीन अलग-अलग क्लबों के साथ सीरी ए खिताब जीतने वाले पहले कोच बन गए हैं, इससे पहले वे जुवेंटस और इंटर मिलान को खिताब दिला चुके हैं।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 'मेड इन अमेरिका' एप्पल आईफोन की कीमत करीब 3 लाख रुपए हो सकती है : विश्लेषक



### आईफोन मैन्युफैक्चरिंग का विस्तार देश के विनिर्माण पर एप्पल के भरोसे को दर्शाता है : राजीव चंद्रशेखर

**नई दिल्ली।** भाजपा की केरल इकाई के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में चुनौतियों के बावजूद आईफोन मैन्युफैक्चरिंग का विस्तार करने का एप्पल का निर्णय देश के मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम में बढ़ते वैश्विक विश्वास को दिखाता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा, "उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना जैसी दूरदर्शी नीतियों और भारत सरकार के निरंतर प्रयासों की बदौलत, भारत तेजी से हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक ग्लोबल हब बन रहा है।" एप्पल के एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता फॉक्सकॉन ने भारत में 12,700 करोड़ रुपए का निवेश किया है, साथ ही पेगाट्रॉन और विस्ट्रॉन जैसे अन्य साझेदार भी परिचालन बढ़ा रहे हैं।

**नई दिल्ली।** शीर्ष विश्लेषकों ने कहा है कि पूरी तरह से इंटीग्रेटेड सप्लाई चेन के अभाव में 'मेड इन यूएस' एप्पल आईफोन की कीमत 3,500 डॉलर (2,98,000 रुपए से अधिक) हो सकती है। वेडबश सिक्योरिटीज में टेक्नोलॉजी रिसर्च के वैश्विक प्रमुख डैन इवेस ने सीएनएन को बताया कि पूरी तरह से घरेलू आईफोन उत्पादन का विचार एक काल्पनिक कहानी है। इवेस ने यह भी चेतावनी दी कि अमेरिका में एप्पल की जटिल एशियाई सप्लाई चेन की नकल करने से लागत में भारी वृद्धि होगी। रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है, "आप वेस्ट वर्जीनिया और न्यू जर्सी में फैब के साथ अमेरिका में सप्लाई चेन बनाएं। वे 3,500 डॉलर के आईफोन होंगे।" इसके अलावा, बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, एप्पल को अपनी सप्लाई चेन का 10 प्रतिशत अमेरिका में शिफ्ट करने के लिए कम से कम तीन साल और 30 बिलियन डॉलर की भारी भरकम राशि की जरूरत होगी। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कंपनी की लेटेस्ट तिमाही अर्निंग कॉल के दौरान कहा कि जून तिमाही के लिए अमेरिका को भेजे जाने वाले अधिकांश आईफोन जल्द ही भारत से आएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आईफोन अमेरिका में नहीं बनाए जाने पर यूरोपीय संघ से सभी आयातों पर 50 प्रतिशत कर लगाने की धमकी दी है और साथ ही एप्पल उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। हालांकि, जानकार सूत्रों के अनुसार, भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त इसे एप्पल जैसी तकनीकी दिग्गजों के लिए एक स्वाभाविक विकल्प बनाती है। इसके अलावा, तकनीकी दिग्गज ने सरकार को अपने उत्पादों के निर्माण और 'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया है। देश ने एप्पल जैसी बड़ी कंपनियों को 'मेक इन इंडिया' का महत्व दिखाया है। मामले से जुड़े लोगों के अनुसार, "भारत में एप्पल की निवेश योजनाओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है।" हाल के वर्षों में भारत एप्पल की ग्लोबल सप्लाई चेन के लिए एक प्रमुख केंद्र बन गया है।

# भारत ने भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं के बावजूद ऊर्जा के क्षेत्र में अच्छा काम किया: केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने, एलपीजी कवरेज का विस्तार करने और देशभर में रिफाइनिंग और वितरण क्षमता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के सक्रिय उपायों के बारे में जानकारी दी। हरियाणा के मानेसर में मंत्रालय की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, केंद्रीय मंत्री पुरी ने विस्तार से बताया कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत भू-राजनीतिक प्रतिकूलताओं से पार पाते हुए नागरिकों के लिए बिना किसी कमी के ऊर्जा की वहनीयता और उपलब्धता सुनिश्चित करने में सफल रहा। विशेष रूप से, सरकार ने दो बार उत्पाद शुल्क में कटौती की, जिसमें पहली कटौती 4 नवंबर, 2021 को और दूसरी कटौती 22 मई, 2022 को पेट्रोल पर 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 16 रुपए प्रति लीटर के रूप में की गई। अप्रैल 2025 में की गई हालिया बढ़ोतरी को तेल विपणन कंपनियों ने वहन कर लिया, जिससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त बोझ से बचाया जा सके। एलपीजी सुधारों पर प्रकाश डालते हुए, केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के परिवर्तनकारी प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। इसकी शुरुआत के बाद से, एलपीजी कवरेज 2014 में 55 प्रतिशत से बढ़कर आज लगभग सार्वभौमिक पहुंच तक पहुंच गया है। एलपीजी की खपत में शानदार वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें प्रतिदिन 56 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी हुई है। अब देश भर में 25,000 से अधिक एलपीजी वितरक काम कर रहे हैं, जिनमें से 86 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, जो अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करते हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने बताया कि भारत में एलपीजी की कीमतें वैश्विक स्तर पर सबसे कम हैं। अंतरराष्ट्रीय एलपीजी कीमतों में 58 प्रतिशत की भारी वृद्धि के बावजूद, पीएमयूवाई उपभोक्ता अब 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर के लिए केवल 553 रुपए का भुगतान करते हैं। एलपीजी की कीमतें किफायती रखने के लिए तेल कंपनियों को पिछले साल 40,000 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है।



# सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को दी मंजूरी




**नई दिल्ली।** केंद्र ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (पीएफ) जमा पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। यह ब्याज दर पिछले वित्त वर्ष के समान ही रखी गई है। फरवरी में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने वित्त वर्ष 2025 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने की घोषणा की थी। राष्ट्रीय राजधानी में एक बैठक में ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने यह निर्णय लिया। वित्त मंत्रालय ने अब वित्त वर्ष 2025 के लिए कर्मचारियों के पीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को मंजूरी दे दी है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इस सप्ताह श्रम मंत्रालय की ओर से एक अधिसूचना भी सेवानिवृत्ति निधि निकाय को भेजी गई है। 2024-25 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर ईपीएफओ सदस्यों के खातों में जमा की जाएगी। ईपीएफओ ने इससे पहले अपने 7 करोड़ सदस्यों के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को 2022-23 में 8.15 प्रतिशत से बढ़ाकर 2023-24 के लिए 8.25 प्रतिशत कर दिया था। इस बीच, ईपीएफओ ने मार्च में 14.58 लाख नेट मेंबर जोड़े और मार्च 2024 की तुलना में नेट पेरोल एडिशन में 1.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की पीएफ संगठन ने मार्च 2025 में लगभग 7.54 लाख नए ग्राहक नामांकित किए, जो फरवरी की तुलना में 2.03 प्रतिशत की वृद्धि और मार्च 2024 की तुलना में सालाना आधार पर 0.98 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। श्रम मंत्रालय के अनुसार, नए ग्राहकों की वृद्धि का श्रेय बढ़ते रोजगार अवसरों, कर्मचारी लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और ईपीएफओ के सफल आउटरीच कार्यक्रमों को दिया जा सकता है। आंकड़ों का एक महत्वपूर्ण पहलू 18-25 आयु वर्ग का प्रभुत्व है, क्योंकि 18-25 आयु वर्ग में 4.45 लाख नए ग्राहक जोड़े गए, जो मार्च 2025 में जोड़े गए कुल नए ग्राहकों का 58.94 प्रतिशत है।

# इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन मिलाजुला रहा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार ने इस सप्ताह का समापन सुस्ती के साथ किया, क्योंकि निवेशक वैश्विक अनिश्चितताओं से जूझ रहे थे और प्रमुख घरेलू घटनाक्रमों पर नजर बनाए हुए थे। भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, सेंसेक्स और निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद होने से पहले एक सीमित दायरे में रहे। निफ्टी 24,853.15 और सेंसेक्स 81,721.08 पर बंद हुआ, जो निवेशकों की सतर्क भावना को दर्शाता है। बाजार पर नजर रखने वालों के अनुसार, सुस्त प्रदर्शन वैश्विक और घरेलू कारकों के संयोजन की वजह से दर्ज किया गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (रिसर्च) अजीत मिश्रा ने कहा, "ग्लोबल फ्रंट पर, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में वृद्धि और अमेरिका के बढ़ते कर्ज के बोझ को लेकर चिंताओं ने विदेशी पोर्टफोलियो से निकासी को बढ़ावा दिया, जिससे भारत सहित उभरते बाजारों पर दबाव बढ़ा।" इसके अलावा, अमेरिका-चीन व्यापार सौदे में अनुकूल घटनाक्रमों के बारे में अटकलों ने भारतीय बाजारों में संभावित पूंजी निकासी या कम प्रवाह के बारे में चिंताएं बढ़ा दीं, जिससे सेंटीमेंट और भी खराब हो गया। उन्होंने कहा कि डोमेस्टिक फ्रंट पर, मिश्रित कॉर्पोरेट आय और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देरी ने अनिश्चितता को बढ़ा दिया, जिससे बाजार सहभागियों के बीच मुनाफावसूली और सतर्क रुख को बढ़ावा मिला। इस सप्ताह सेक्टोरल परफॉर्मेंस भी मिलाजुला रहा। रियलिटी और मेटल लगातार दूसरे सप्ताह शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सेक्टर बने रहे।

### सतत विकास लक्ष्य को लेकर उपायुक्त ने की विभागीय समीक्षा बैठक

# प्रवेश, पोषण व स्वास्थ्य से जुड़े संकेतकों पर दिया गया विशेष जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** समाहरणालय स्थित कार्यालय वेश्म में शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में सतत विकास लक्ष्य को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीजी के विभिन्न संकेतकों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को लक्ष्यों की पूर्ति हेतु ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

शिक्षा विभाग से संबंधित चर्चा में उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षाओं में बच्चों के नामांकन को प्राथमिकता देने को कहा। इसके लिए प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित करने का निर्देश भी दिया गया।

समाज कल्याण विभाग के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के नामांकन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और सटीक डेटा संग्रह की आवश्यकता पर बल दिया।

स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों के इंडिकेटरों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर एकत्र किए गए आंकड़ों का सही मिलान करें और केवल सत्य एवं अद्यतन जानकारी ही ऑनलाइन प्रविष्ट करें।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लोहरदगा स्टेशन पर आरपीएफ की मानवीय संवेदनाओं ने बचाई एक जिंदगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लोहरदगा स्टेशन पर ट्रेन संख्या 18636 (एसएसएम-आरएनसी इंटरसिटी एक्सप्रेस) के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक बुजुर्ग यात्री के साथ हुई घटना ने आरपीएफ के उपनिरीक्षक एल.के. मिश्रा और उनके साथियों कल्पना कुमारी, संतराज चौहान, तथा भरत सिंह की इंसानियत को जीवंत किया। 65 वर्षीय राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी ट्रेन से उतरते समय भारी भीड़ में गिर पड़े और उनके बाएं टखने में गंभीर मोच आ गई। कठिन परिस्थिति में आरपीएफ के जवानों ने तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया और उनकी सेवा भावना के चलते रामनाथ जी और उनकी पत्नी को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाने के लिए ऑटो रिक्शा की व्यवस्था भी की। इस सहायता ने बुजुर्ग दंपति के दिलों में गहरी कृतज्ञता और भरोसा जगा दिया। इस घटना ने साबित कर दिया कि जब सेवा दिल से हो, तो कोई भी कठिनाई इंसानियत के रास्ते में बाधा नहीं बनती। आरपीएफ के इन जवानों ने अपनी तत्परता और समर्पण से 'ऑपरेशन सेवा' को सफल बनाते हुए मानवता की एक मिसाल पेश की। रामनाथ चंद्रवंशी ने बताया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। ट्रेन से उतरते समय अचानक पीछे से भीड़ बढ़ गई, जिससे वह गिर पड़े और उनके ऊपर से कई लोग गुजर गए। गिरने के कारण उनके घुटने में चोट आई और वे चल पाने में असमर्थ हो गए। इसी दौरान आरपीएफ की टीम ने उनकी मदद की। राजद के वरिष्ठ नेता रामनाथ ने इस सेवा के लिए आरपीएफ का हार्दिक आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी तत्परता और सेवा से उनकी जान बची।

# ग्रामीण डॉक्टर के गलत इलाज से एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुंदा (चतरा)।** ग्रामीण डॉक्टर के लापरवाही से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान स्व. मनोइया भारती के पुत्र 35 वर्षीय बुगल भारती के रूप में हुई है। वह मांझीपारा टोला मुस्टगंवा गांव का निवासी था।आरोप है कि ग्रामीण ने बुगल भारती को गलत इंजेक्शन लगा दी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। कुंदा में लगातार गलत इलाज के कारण लोगों की जान जा रही है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग बेखबर है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करती है और ग्रामीण डॉक्टर को क्या सजा मिलती है। मृतक की पत्नी प्रमिला देवी ने बताया कि कुंदा निवासी महेश साव के घर में क्लीनिक खोले प्रतापपुर प्रखंड के ऐघारा गांव निवासी डॉक्टर ने उसके पति को दो सुई लगा कर दवा दिया। जैसे ही सुई दिया उसके पति की तुरंत मौत हो गई। ग्रामीणों ने ग्रामीण चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामीण चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जरूरत है, ताकि लोगों की जान बचाई जा सके। मृतक अपने पीछे पत्नी प्रमिला देवी समेत 11वर्षीय पुत्र दिवेश कुमार,9 वर्षीय पुत्री रुपन्ति कुमारी, 5 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार को छोड़ गए। शव को आनन फानन में मामले को दबाते हुए दाहसंस्कार कर दिया गया है।

# मुखिया ने लगाया प्रखंड प्रमुख पर आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** मनिका प्रखंड प्रमुख पर कोपे पंचायत की मुखिया विनिता देवी ने आरोप लगाया है। शनिवार को बीडीओ संदीप कुमार को मुखिया विनिता देवी ने प्रखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए प्रखंड प्रमुख पर पंचायत के विकास कार्य मे हिस्सेदारी को लेकर बेवजह दखल देने का आरोप लगाया है। मुखिया ने दिये गये आवेदन में कहा है कि प्रखंड प्रमुख अपने पद का धौंस दिखाकर अपना पति सहित परिजनों के नाम पर सरकारी योजना में हिस्सेदारी देने का दबाव बनाते रहती है। इतना ही नही पंचायत के बगैर सुचना दिये पंचायत सचिवालय का जनरेटर अपना घर में ले जाकर उपयोग कर रही है। मुखिया ने बीडीओ से उक्त जनरेटर को पंचायत सचिवालय में जमा करवानी की मांग की है। प्रखंड कार्यालय परिसर में पत्रकारों से कहा किप्रखंड प्रमुख कोपे पंचायत में विकास कार्य को बाधित करने का प्रयास करती है। उनकी बात को नजरअंदाज करने पर अपने पद का हवाला देते हुए मुझपर कारवाई करवा देने की धमकी देती रहती है। इस मामला को लेकर बीडीओ संदीप कुमार ने कहा की मामले की जांच की जायेगी। वही प्रखंड प्रमुख पर लगा आरोप के बावत जिले के आला अधिकारियो को भी अवगत कराया जायेगा।

# संविधान को धीरे-धीरे बदलने का प्रयास हो रहा है : धीरज साहू

**नवीन मेल संवादादाता**

- कांग्रेस ने किया संविधान बचाओ रैली का आयोजन

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में शनिवार को कांग्रेस पार्टी जिला इकाई द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लातेहार कांग्रेस के प्रभारी पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने किया। धीरज साहू ने कहा कि केंद्र सरकार मूलभूत ढांचा को बदलना चाहती है। संविधान को धीरे धीरे बदलने का प्रयास हो रहा है। विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब ने भारत को मजबूत संविधान दिया, जिसमें समानता का अधिकार है। दबे कुचले, शोषित पीड़ित को सिर उठा कर चलने का अधिकार दिया। भारत मजबूती से आगे बढ़ रहा था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी पिछले 12 साल से संविधान पर प्रहार कर रही है। लातेहार कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुंजर उरांव ने कहा कि संविधान की रक्षा करना हर कांग्रेसियों का कर्तव्य है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नसीम , युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित यादव,महिला जिला अध्यक्ष अनीता देवी, सेवादल अध्यक्ष वृन्दाबिहारी यादव जी, समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# केंद्रीय कारा का औचक निरीक्षण, बंदियों से संवाद व विधिक सहायता की समीक्षा

- प्रधान जिला न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल को दिए सख्त निर्देश
- बंदियों को जागरुकता अभियान के तहत नि:शुल्क विधिक सहायता का भरोसा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिवाकर पांडेय ने शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सौरभ कुमार गौतम के साथ केंद्रीय कारा का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने कारा बंदियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी और विधिक सहायता की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि कोई भी बंदी अधिवक्ता के बिना न रहे। इसके लिए डलसा के माध्यम से जागरूकता कैम्प आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि सजायुक्त बंदियों को अपील अवश्य दाखिल करनी चाहिए। जो निजी अधिवक्ता रखने में असमर्थ हैं, वे लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसी) के अधिवक्ताओं की मदद ले सकते हैं। एलएडीसी के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया गया कि जिन बंदियों की अपील उच्च न्यायालय में नहीं हुई है, उनका डेटा एकत्र कर शीघ्र अपील दर्ज करें। इसके साथ ही दिवाकर पांडेय ने महिला वार्ड का निरीक्षण किया और महिला बंदियों से जानकारी ली। बंदियों ने बताया कि अधिकांश ने जमानत आवेदन और अपील दाखिल कर रखी हैं, जिनमें कुछ सरकारी अधिवक्ता और कुछ निजी अधिवक्ताओं की मदद से कार्य कर रहे हैं। बाद में पाकशाला और अन्य वार्डों का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने बंदियों को अपने केस की जानकारी रखने तथा एलएडीसी के अधिवक्ताओं से नियमित संपर्क में रहने का सुझाव दिया। साथ ही काराधीक्षक को महिला वार्ड और पाकशाला को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के मौके पर कारा अधीक्षक भागीरथ करजी, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के प्रमुख अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, अन्य अधिवक्ता और सैकड़ों बंदी मौजूद थे।

# दो साल से खराब सोलर जलमीनार बनी पेयजल संकट का कारण



**नवीन मेल संवाददाता**

- गांव में दर्जनों घरों को गर्मी में झेलनी पड़ रही परेशानी, प्रशासन से मरम्मती की गुहार

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत पांकी–मेदिनीनगर मुख्य पथ के किनारे स्थित जमुने गांव में करीब दो वर्षों से खराब पड़ी सोलर जलमीनार ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। नीलांबर-पीतांबर पब्लिक स्कूल के समीप 14वें वित्त आयोग की राशि से लगभग तीन लाख रुपये की लागत से बनी यह जलमीनार वर्षों तक दर्जनों घरों और राहगीरों के लिए स्वच्छ जल का प्रमुख स्त्रोत थी। ग्रामवासियों के अनुसार, जलमीनार के खराब होने से न केवल गर्मी में पानी की किल्लत बढ़ गई है, बल्कि कई घरों के चापानल सूखने से लोगों को दूर-दराज के कूपों या पड़ोसियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। अब जबकि जिला प्रशासन ने बेकार पड़ी जलमीनारों की मरम्मती को लेकर निर्देश जारी किए हैं, स्थानीय लोगों ने वरीय अधिकारियों से अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि उन्हें इस तपती गर्मी में राहत मिल सके।

# पंचायत सचिवालयों में शुरू हुई आधार मोबाइल अपडेट कैंप

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** कामता समेत प्रखंड के विभिन्न पंचायत सचिवालयों में शनिवार से आधार मोबाइल अपडेट कैंप की शुरूआत हो गई है। पंचायत के ग्रामीणों ने अपना आधार मोबाइल अपडेट कराया। चंदवा पूर्वी व पश्चिमी में शिविर की शुरूआत अब तक नहीं हो सकी है। इस संबंध में चंदवा पश्चिमी मुखिया संगीता लकड़ा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आधार ऑपरेटर का मशीन खराब है। उन्होंने ऑपरेटर से उसे जल्द ठीक कराने की बात कही। बता दें कि ग्रामीण पंचायत सचिवालय जा कर वापस लौट जा रहे हैं। बता दें कि महिला बाल विकास व सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में लाभुकों का आधार मोबाइल अपडेट नहीं होने के कारण उन्हें लाभ लेने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उक्त समस्या के निराकरण के लिए 22 से 30 मई तक सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक चंदवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों मेंआधार मोबाइल अपडेट कैंप आयोजित की गई है।

### सीनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स में पलामू टीम की जोरदार प्रदर्शन करने की तैयारी

# राज्य स्तरीय मुकाबलों के लिए पलामू की 18 सदस्यीय टीम बोकारो रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बोकारो जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में 25 और 26 मई 2025 को स्पोर्ट्स कंपलेक्स चंदनक्यारी, बोकारो में दो दिवसीय राज्य स्तरीय सीनियर बालक-बालिका एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला सीनियर वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। पलामू की ओर से 18 सदस्यीय टीम, जिसमें युवा खिलाड़ी और खिलाड़ी शामिल हैं, पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजात शत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी, जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे एवं कोच मोनू कुमार के सान्निध्य में शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन से बोकारो के लिए रवाना की गई। टीम का नेतृत्व टीम मैनेजर प्रवीण कुमार मेहता एवं कप्तान आर्यन कुमार कर रहे हैं। पलामू जिला स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय मुकाबलों में मौका मिला है। पुरुष वर्ग में कैप्टन आर्यन कुमार, नीतीश कुमार वर्मा, प्रभाकर कुमार, मनीष पासवान, सुनील शर्मा, धनुर्धारी सिंह, अरविंद कुमार, बबलू चौधरी, आर्यन कुमार, विशेष कुमार सिंह, राजेश सिंह, रवि रंजन यादव, एवं ज्ञानकर कुमार शामिल हैं। महिला वर्ग में चांदनी कुमारी, दीपमाला कुमारी, मनीषा कुमारी, मेघा कुमारी और रिया कुमारी चयनित हुई हैं। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगे ओपन सीनियर नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर पलामू के खेल जगत के कई दिग्गजों ने सभी चयनित खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। इनमें जिला खेल पदाधिकारी किशोर कुमार पांडे, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष, वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन, शारीरिक शिक्षक प्रदीप मेहता, योगा एसोसिएशन के सचिव अनिल पाण्डेय, साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार, राइफल शूटिंग संघ के सचिव अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक, सुनील उपाध्याय, शशिकांत त्रिपाठी, एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडे, सोनी कुमारी और प्रीति कुमारी शामिल हैं।

## पेज एक के शेष

**लातेहार में मुठभेड़...**

पुलिस द्वारा की गई बरामदगी में एक ईंसास राइफल, 20 कारतूसों के खोखे, दो मैग्जीन पाउच, एक लाल-काला टीवीएस मोटरसाइकिल, तीन पिट्ठू बैग, एक सोल्डर बैग, एक तिरपाल और एक प्लास्टिक सीट शामिल है। छापेमारी दल में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार, पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार मिश्र, समेत सशस्त्र बल शामिल थे। पप्पू लोहरा के खिलाफ लातेहार, मनिका, गारू, नेतरहाट और बरवाडीह थानों में 2006 से लेकर 2020 तक कुल 14 गंभीर मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, आगजनी, पुलिस पर हमला, सरकारी संपत्ति को नुकसान, लेवी वसूली और विधि विरुद्ध क्रियाकलाप शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को उग्रवाद विरोधी अभियान में बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

**हेसाबार जंगल में...**

लातेहार थाना पुलिस व सैट बल के साथ विशेष दल का गठन किया गया और घटनास्थल भेजा गया। हेसाबार जंगल में नक्सलियों की मौजूदगी की पुष्टि हुई, जहां उग्रवादियों ने पुलिस पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और दोनों ओर से लगभग आधे घंटे तक गोलीबारी हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस का दबाव बढ़ता देख कुछ उग्रवादी भागने में सफल रहे। इसी बीच, पुलिस जवान अवध सिंह घायल हो गए। सर्च अभियान में दो शव बरामद हुए और एक घायल नक्सली आशीष कुमार (पिता सोनेश्वर सिंह, निवासी लातेहार) को पकड़ा गया। मारे गए नक्सलियों में एक की पहचान 10 लाख के इनामी पप्पू लोहरा और दूसरे की पहचान 5 लाख के इनामी सब जोनल कमांडर सुदेश गंझु उर्फ प्रभात जी (निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर, थाना बालूमाथ) के रूप में हुई। पुलिस को घटनास्थल से एक इंसास राइफल, 20 खोखा, दो पाउच में मैगजीन, एक लाल-काली टीवीएस राइडर मोटरसाइकिल, तीन पिट्ठू बैग, एक शोल्डर बैग, तिरपाल, और प्लास्टिक शीट बरामद हुआ। इस छापेमारी अभियान में लातेहार एसपी कुमार गौरव, एसडीपीओ अरविंद कुमार, डीएसपी संजीव मिश्रा, पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह, अवर निरीक्षक रमाकांत गुप्ता, राहुल सिंह, रविंद्र मोहली, उमापद महतो समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**देवघर एम्स में...**

हाथ की बीमारी के इलाज के लिए पहले रिम्स भेजा गया और फिर एम्स रेफर किया गया था। उस समय देवघर एम्स में न्यूरोसर्जन उपलब्ध नहीं थे, लेकिन अब ओपीडी शुरू हो चुकी है। गौरतलब है कि दिनेश गोप पर झारखंड में 100 से अधिक नक्सली हमलों और कई पुलिसकर्मियों की हत्या के आरोप हैं। जेल मैन्युअल के अनुसार, राज्य के बाहर इलाज की अनुमति तभी मिलती है जब राज्य में इलाज संभव न हो। फिलहाल मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व जेल में हुई छापेमारी में यह भी सामने आया था कि दिनेश गोप को जेल में विशेष सुविधाएं दी गई थीं, जिसे लेकर जेल अधीक्षक को शोकॉज नोटिस जारी किया गया था।

**'विकसित गांव' से...**

राज्य में अनधिकृत खनन के लिए कंपनियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग को बताया कि झारखंड सरकार ने सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कई योजनाएं बनाई हैं, जिसमें पेंशन योजना, मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य योजना आदि प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री ने इस सिलसिले में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के मानदंड में कुछ बदलाव की आवश्यकता की बात कही। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, राज्य सरकार 25 लाख परिवारों को 5 किलोग्राम चावल प्रतिमाह, आयुष्मान योजना से वंचित 28 लाख परिवारों को 5 लाख का स्वास्थ्य बीमा, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से वंचित 38 लाख गरीब परिवारों को 15 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा करवा रही है। साथ ही, स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारी सरकार जिलावार हेल्थ प्रोफाइल तैयार कर रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जाना चाहिए, जिससे प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत हो सकें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उग्रवाद की समस्या से निवारण के लिए सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति से संबंधित प्रतिधारण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है, जिसे सहकारी संघवाद के सिद्धांत के तहत पूर्ण रूप से खत्म करने की आवश्यता है। नक्सल समस्या पर प्रकाश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में राज्य के 16 जिले इससे प्रभावित थे, जो कि अब 2 जिलों पश्चिमी सिंहभूम एवं लातेहार तक सिमट गया है। फिर भी विशेष केंद्रीय सहायता सभी 16 जिले में लागू रखने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि कोविड जैसी महामारी में विषम परिस्थिति उत्पन्न हुई, जिससे प्रदेश के जो मजदूर राज्य के बाहर काम करते थे, उन्हें सहायता राज्य सरकार से प्रदान कराई गई। हाल ही में कैमरून में फंसे मजदूरों को राज्य सरकार ने अपने व्यय से वापस बुलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे मजदूर जो किसी दूसरे देश में काम करना चाहते है, उनके वीजा, सुरक्षा और व्यय में केंद्र सरकार की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नीति आयोग की बैठक में कहा कि 16वें वित्त आयोग द्वारा संघीय व्यवस्था में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच राजस्व के बंटवारे के संदर्भ में आवश्यक प्रक्रिया बनाई गई है। राजस्व के वर्टिकल डेवल्यूशन 41 प्रतिशत से 50 प्रतिशत होने की आवश्यकता है। वर्तमान में विभाज्य पूल का आकलन केंद्र सरकार द्वारा वसूला जाता है। सभी उपकर, अधिभार को घटाते हुए यह किया जाता है। इसका कोई अंश विभाज्य पूल में सम्मिलित नहीं होता है। वर्ष 2017 से जीएसटी अधिनियम लागू होने के के बाद झारखंड जैसे विनिर्माता राज्य के लिए पूर्व के वैट से राजस्व संग्रहण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। प्रारंभिक पांच वर्षों के लिए राज्य को 14 प्रतिशत प्रोटेक्टेड रेवेन्यू के अनुसार कंपनसेशन की राशि मिली है। जून 2022 के बाद से राशि न मिलने से राज्य को हजारों करोड़ की राजस्व हानि हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत @2047 झारखंड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित सहयोग प्रदान होने से 'विकसित झारखंड' और 'विकसित भारत' की परिकल्पना साकार होगी। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल, योजना सचिव मुकेश कुमार भी झारखंड की ओर से शामिल हुए।

**जब हर राज्य...**

हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए। हमें अपने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करना चाहिए। हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक शामिल किया जा सके। गवर्निंग काउंसिल की बैठक में विकसित भारत@2047 के लिए विकसित राज्यों के दृष्टिकोण पर चर्चा की गई। बैठक में उद्यमिता को बढ़ावा देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

**आईफोन बोले-इंडिया...**

एप्पल के प्रमुख विनिर्माण साझेदार फॉक्सकॉन ने भारत में बड़े पैमाने पर निवेश किया है, जिसमें नई उत्पादन इकाइयों की स्थापना और हजारों नौकरियों का सृजन शामिल है। भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहनों और अनुकूल नीतियों ने भी एप्पल को भारत में अपने संचालन का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया है। एप्पल चीन पर अपनी निर्भरता को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला को विविधीकृत करने के लिए भारत को एक प्रमुख विनिर्माण केंद्र के रूप में विकसित कर रहा है। भारत में उत्पादन का विस्तार न केवल लागत को कम करता है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन भी बढ़ाता है। कम उत्पादन लागत, सरकारी प्रोत्साहन, और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विविधता लाने की आवश्यकता ने भारत को एप्पल के लिए एक आकर्षक विनिर्माण गंतव्य बना दिया है। इस प्रकार, 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत आईफोन का भविष्य मजबूत और स्थिर दिखाई देता है और ट्रंप की धमकी हवा हवाई साबित होने जा रही है।

# रूस ने यूक्रेन में मचाई तबाही, राजधानी कीव में त्राहिमाम-त्राहिमाम

● लोगों ने भागकर भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में शरण ली

**कीव (हि.स.)**

रूस ने शुक्रवार की देर रात यूक्रेन की राजधानी कीव और आसपास के हिस्सों में भारी तबाही मचाई। रूस ने बड़ी संख्या में ड्रोन और मिसाइलें दागकर पिछले दिनों मॉस्को में किए गए हमलों का माकूल जवाब दिया। इस हमले में पूरी राजधानी चपेट में आ गई। कीव में कई जगह विस्फोट के बाद आग लग गई। त्राहिमाम-त्राहिमाम मच गया। जब जान पर बन आई तो सैकड़ों लोगों ने भागकर भूमिगत मेट्रो स्टेशनों में शरण ली।



### पहले चरण में 390 यूक्रेनी घर वापस लाए गए

कैदियों की अदला-बदली पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि पहले चरण में 390 यूक्रेनियों को घर वापस लाया गया। सप्ताहांत में और लोगों की रिहाई की उम्मीद है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसे यूक्रेन से भी इतनी ही संख्या में कैदी मिले हैं। एक यूक्रेनी अधिकारी के अनुसार, यह अदला-बदली उत्तरी यूक्रेन में बेलारूस की सीमा पर हुई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रिहा किए गए रूसियों को उपचार के लिए बेलारूस ले जाया गया।

सीबीएस न्यूज के अनुसार, रूस का हवाई हमला सुबह होने के बाद थमा। बताया गया है कि रूस का हमला दोनों देशों के कैदियों की अदला-बदली शुरू करने के कुछ घंटों बाद हुआ। पिछले सप्ताह इस्तांबुल में हुई बैठक में दोनों पक्षों ने कैदियों की अदला-बदली पर सहमति व्यक्त की थी। पहले चरण में सैकड़ों सैनिकों और नागरिकों की अदला-बदली की गई। कीव सैन्य प्रशासन के कार्यवाहक प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर लिखा है कि शनिवार की सुबह कीव के कम से कम चार शहरी जिलों में इंटरसेप्ट की गई मिसाइलों और ड्रोन का मलबा गिरा है। छह लोग रक्तरंजित मिले हैं। कीव के सोलोमियांस्की जिले में दो जगह आग लग गई।

हमले से पहले, मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कीव निवासियों को चेतावनी दी थी कि 20 से अधिक रूसी ड्रोन कीव की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने सुबह कहा कि ड्रोन का मलबा कीव के ओबोलोन जिले में एक शॉपिंग मॉल और एक आवासीय इमारत पर गिरा।

उल्लेखनीय है कि रूस और यूक्रेन के युद्ध में अब तक दसियों हजार सैनिक मारे गए हैं। 16 मई की इस्तांबुल में बैठक के बाद तुर्किये के विदेशमंत्री हकन फिदान ने दोनों पक्ष प्रथम चरण की अदला-बदली के बाद फिर से मिलने के लिए सैद्धांतिक रूप से सहमत हो गए हैं। लेकिन, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को कहा कि लड़ाई समाप्त करने के लिए अगले दौर की वार्ता के स्थल पर अभी तक कोई समझौता नहीं हुआ है, क्योंकि कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। इस बीच, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने 20 मई से 23 मई के बीच युद्ध के मैदान से दूर 788 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया है।

## सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

# मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का अभिन्न अंग व महिला अधिकार का एक हिस्सा है

● कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अभय एस ओका व न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने मातृत्व अवकाश से जुड़े फैसले में कहा कि मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती।यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था।अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था। सर्वोच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता का पक्ष लिया और मातृत्व लाभ के दायरे का विस्तार करते हुए मातृत्व अवकाश को मूल प्रजनन अधिकारों का हिस्सा माना। मालूम हो कि 2017 में, सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद मातृत्व लाभ अधिनियम में संशोधन किया गया, जिसके तहत सभी महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया। बच्चा गोद लेने वाली महिलाएं भी 12 सप्ताह के मातृत्व अवकाश की हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पहले इस बात पर जोर दिया है कि मातृत्व अवकाश सभी महिला कर्मचारियों का अधिकार है, चाहे उनकी नौकरी की प्रकृति कुछ भी हो।



### मातृत्व अवकाश-

मैटरनिटी लीव एक ऐसी छुट्टी होती है, जो गर्भवती महिलाओं को उनके श्रम अधिकारों के तहत प्रदान की जाती है, ताकि वे अपने नवजात शिशु की देखभाल कर सकें और अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकें। ये छुट्टियां आमतौर पर बच्चे के जन्म से पहले और बाद में ली जा सकती हैं। गर्भवती महिलाओं को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आराम व देखभाल की आवश्यकता होती है। मैटरनिटी लीव की अवधि देश व कंपनी के अनुसार अलग-अलग हो सकती है, लेकिन आमतौर पर यह 6 महीने से 1 साल तक होती है। मैटरनिटी लीव के बाद, महिलाएं अपने काम पर लौटने के लिए तैयार हो सकती हैं और अपने करियर को जारी रख सकती हैं।

# 2024-25 के लिए पीएफ खाते में जमा राशि पर मिलने वाला ब्याज दर 8.25% रहेगा

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ खाते में जमा राशि पर मिलने वाला ब्याज दर 8.25% बरकरार रखने के ईपीएफओ के फैसले को केंद्र ने मंजूरी दे दी। इससे पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में ब्याज दर को 8.25% बरकरार रखने का फैसला किया था। इससे पहले वित्त-वर्ष 2023-24 के लिए ब्याज दर को 8.15% से 0.10% बढ़ाकर 8.25% किया गया था। वहीं 2022-23 में 8.10% से 0.05% बढ़ाकर 8.15% किया गया था।

### ईपीएफ से जुड़ी अहम बातें

- ईपीएफ पर ब्याज दर हर साल बदली जाती है।
- सरकार की मंजूरी के बाद ही ब्याज खातों में जोड़ा जाता है।
- ईपीएफ का पैसा सुरक्षित निवेश ऑप्शन माना जाता है।
- ईपीएफ धनराशि चेक करने के लिए उमंग ऐप या ईपीएफओ की वेबसाइट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**किस हिसाब से पीएफ अकाउंट में जमा होती है राशि :** ईपीएफओ एक्ट के तहत कर्मचारी की बेसिक सैलरी+महंगाई भत्ता का 12% पीएफ अकाउंट में जाता है। वहीं, कंपनी भी कर्मचारी की बेसिक सैलरी+महंगाई भत्ता का 12 % जमा करती है। कंपनी के 12 % हिस्से में से 3.67% पीएफ अकाउंट में जाता है और बाकी 8.33 फीसदी पेंशन स्कीम में जाता है। वहीं कर्मचारी के हिस्से का सारा पैसा पीएफ अकाउंट में जाता है। इससे पहले 2022 में ईपीएफओ ने 2021-22 के लिए अपने सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए ईपीएफ पर ब्याज को घटाकर चार दशक से अधिक के निचले स्तर 8.1 फीसदी कर दिया था। 2020-21 में यह ब्याज दर 8.5 % थी। इससे पहले 2020-21 के लिए ईपीएफ पर 8.10 % ब्याज दर 1977-78 के बाद से सबसे कम थी। उस समय ईपीएफ ब्याज दर 8 % थी। ईपीएफओ ने 2019-20 के लिए भविष्य निधि जमा पर ब्याज दर को घटाकर सात साल के निचले स्तर 8.5 %कर दिया था, जो 2018-19 के लिए 8.65 % था। ईपीएफओ ने 2016-17 में अपने ग्राहकों को 8.65 %और 2017-18 में 8.55 % ब्याज दर प्रदान की थी। 2015-16 में ब्याज दर थोड़ी अधिक यानी 8.8 % थी। रिटायरमेंट फंड निकाय ने 2013-14 और 2014-15 में 8.75 % ब्याज दिया था, जो 2012-13 के 8.5 % से अधिक था। वर्ष 2011-12 में ब्याज दर 8.25 % थी।

### कैसे तय होती है ईपीएफ ब्याज दर?

ईपीएफओ की सीबीटी ब्याज दर पर फैसला करती है और फिर इसे वित्त मंत्रालय के पास मंजूरी के लिए भेजा जाता है। जब सरकार इस पर सहमति दे देती है, तब यह ब्याज ईपीएफओ ग्राहकों के खातों में जमा किया जाता है। पिछले कुछ सालों में ईपीएफ ब्याज दर में गिरावट आई है, जिससे कई कर्मचारियों को रिटायरमेंट बचत पर कम रिटर्न मिला है। ईपीएफ एक दीर्घकालिक बचत विकल्प है, जहां कर्मचारियों की सैलरी का एक हिस्सा जमा होता है और कंपनी भी उसमें योगदान देती है। लेकिन ब्याज दर घटने से रिटर्न पर असर पड़ता है।

## भारतीय पक्ष ने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया, कहा

# भारत परमाणु ब्लैकमेल को सहन नहीं करेगा

● सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने रखा आतंक के खिलाफ भारत का रुख

**नई दिल्ली (हि.स.)**

भारत के कूटनीतिक संवाद के तहत सांसद कनिमोझी के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने रूस की यात्रा की। पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर भारत के पक्ष पर केंद्रित यह यात्रा महत्वपूर्ण रही। प्रतिनिधिमंडल ने रूस की संसद के दोनों सदनों और थिंक टैंकों के साथ कई बैठकें कीं। इन उच्च स्तरीय बातचीतों ने भारत और रूस के बीच आतंकवाद के खिलाफ सहयोग बढ़ाने और वैश्विक स्थिरता को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को फिर से पुष्टि की। रोज स्थित भारतीय दूतावास की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रतिनिधिमंडल ने रूस के उप विदेश



मंत्री एंद्रेई रुडेनको के साथ विस्तृत चर्चा की। चर्चा में द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर जोर दिया गया। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया और कहा कि भारत किसी भी परमाणु ब्लैकमेल को सहन नहीं करेगा।

प्रतिनिधिमंडल ने अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के पहले उपाध्यक्ष एंद्रेई डेनिसोव के साथ व्यापक चर्चा की। इस संवाद में वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ विधायी समन्वय को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारतीय पक्ष ने आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में 'ऑपरेशन सिंदूर' का उल्लेख किया।

इसके बाद, प्रतिनिधिमंडल ने राज्य डूमा के अंतरराष्ट्रीय मामलों की समिति के अध्यक्ष लियोनिद स्लुत्स्की के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने भारत-रूस के ऐतिहासिक और विश्वसनीय संबंधों की पुष्टि की। चर्चा में वैश्विक सुरक्षा आर्किटेक्चर, उभरते भू-राजनीतिक माहौल और बहुपक्षीय सहयोग शामिल थे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता को रेखांकित किया। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री मिखाइल फ्रादकोव के साथ भी बातचीत की। उन्होंने आतंकवाद के रास्तों, दुष्प्रचार पारिस्थितिकी तंत्र और क्षेत्रीय शांति को कमजोर करने वाले राज्य प्रायोजित प्रचार पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर संयुक्त विश्लेषणात्मक कार्य के लिए निकटता से सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की।

# आईएमएफ दूसरी छमाही में पाक के लिए कर सकता है रिव्यू

**नई दिल्ली(आईएएनएस)**

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) 2025 की दूसरी छमाही में पाकिस्तान के लिए अगला फंडिंग रिव्यू कर सकता है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, आईएमएफ वित्त वर्ष 2026 के बजट की शर्तों पर एक समझौते पर पहुंचने के लिए पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ निरंतर चर्चा जारी रखेगा। आईएमएफ के अनुसार, "अगली एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) और रेजिलियंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी (आरएसएफ) रिव्यू से जुड़ा अगला मिशन 2025 की दूसरी छमाही में होने की उम्मीद है।" नाथन पोर्टर के नेतृत्व में आईएमएफ मिशन ने अपने कर्मचारियों का दौरा पूरा कर लिया है, जिसमें हाल के आर्थिक विकास, कार्यक्रम कार्यान्वयन और वित्त वर्ष 2026 के लिए बजट रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया। पोर्टर ने कहा, "हमने अधिकारियों के साथ उनके वित्त वर्ष 2026 के बजट प्रस्तावों, व्यापक आर्थिक नीति और 2024 ईएफएफ, 2025 आरएसएफ द्वारा समर्थित सुधार एजेंडे पर उपयोगी चर्चा की।"

# स्टार लिंक का डाटा प्लान 840 रु. प्रति माह से भी कम का हो सकता है

● सैटेलाइट कंपनियां जल्द ही भारत में सेवा शुरू कर सकती हैं

**-ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के अति विश्वासपात्र व दुनिया के सबसे धनी उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक सहित अन्य सैटेलाइट कंपनियां जल्द ही भारत में अपनी सेवा शुरू कर सकती हैं। इसमें ग्राहकों को लुभाने -पटाने वाला शुरुआती अनलिमिटेड डेटा प्लान 840 रुपये प्रति महीने से भी कम का हो सकता है। क्योंकि कंपनियां धीरे-धीरे अपने कस्टमर बढ़ाना चाहती हैं। उनका लक्ष्य पहले कम खर्च वाले प्लान से धीरे -धीरे पटाते हुए लॉन्ग टर्म में 1 करोड़ ग्राहक बनाना है। ताकि स्पेक्ट्रम की ऊंची लागत को कम करने में मदद मिले। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने शहरों में प्रति ग्राहक 500 रू. प्रति महीने का एक्स्ट्रा चार्ज लगाने का सुझाव दिया है। इससे सैटेलाइट कम्युनिकेशन के लिए स्पेक्ट्रम जमीनी सर्विस से महंगा हो जाएगा।स्टारलिंक जैसी बड़ी कंपनी के लिए यह कोई बड़ी रुकावट नहीं होगी। कंपनी भारत के शहरों में आसानी से मुकाबला कर पाएगी। ग्लोबल टीएमटी कंसल्टिंग फर्म एनालिसिस मेसन के पार्टनर अश्विंदर सेठी के अनुसार स्पेक्ट्रम चार्ज व लाइसेंस फीस ज्यादा होने के बावजूद सैटकॉम कंपनियां भारत में कम कीमत पर सर्विस शुरू कर सकती हैं। यह कीमत लगभग 10 डॉलर से कम हो सकती है। इससे उन्हें ज्यादा कस्टमर मिलेंगे और उनकी फिक्स्ड कॉस्ट कम हो जाएगी।टेलीकॉम सेक्टर के रेगुलेटर ने सुझाव दिया है कि सैटकॉम कंपनियों को अपने एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू का 4% देना होगा। इसके साथ ही, उन्हें 3,500 रू. प्रति मेगा हार्ट्ज स्पेक्ट्रम ब्लॉक का मिनिमम सालाना चार्ज भी देना होगा। कमर्शियल सर्विस देने के लिए सैटकॉम कंपनियों को 8% लाइसेंस फीस भी देनी होगी। इन सुझावों को सरकार की मंजूरी मिलना बाकी है।सैटेलाइट की संख्या कम होने से स्टारलिंक के लिए भारत में मार्केट शेयर बढ़ाना मुश्किल हो सकता है। भारत, चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा टेलीकॉम मार्केट है। आईआईएफएल रिसर्च के अनुसार स्टारलिंक के पास अभी 7,000 सैटेलाइट हैं और उसके लगभग 40 लाख (4 मिलियन) कस्टमर हैं। यदि स्टारलिंक 18,000 सैटेलाइट तक पहुंच जाती है, तो भी वह वित्त वर्ष 2030 तक भारत में सिर्फ 15 लाख (1.5 मिलियन) कस्टमर को ही सर्विस दे पाएगी। आईआईएफएल रिसर्च ने एक रिपोर्ट में कहा कि सैटेलाइट की संख्या कम होने से कस्टमर बढ़ाने में दिक्कत आ सकती है। कम कीमत का फायदा भी कम हो सकता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि स्टारलिंक ने सैटेलाइट की कमी के कारण अमेरिका और अफ्रीका के कुछ इलाकों में कस्टमर जोड़ना बंद कर दिया था।

# बांग्लादेश में राजनीतिक हलचल तेज, क्या हटेंगे यूनुस

● यूनुस ने वार्ता के लिए बीएनपी और जमात को किया आमंत्रित

**ढाका (हि.स.)**

बांग्लादेश में 'पतन के भंवर' की अटकलों में फंसी 10 माह पुरानी अंतरिम सरकार के प्रमुख और मुख्य सलाहकार प्रो मोहम्मद यूनुस के शनिवार को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से मिलने की संभावना के बीच राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। संसदीय चुनाव के मुद्दे पर कुछ माह से यूनुस राजनीतिक दलों के निशाने पर हैं। यूनुस बढ़ते राजनीतिक तनाव और अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में अपने भविष्य पर सवालिया निशान के बीच बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी के नेताओं से मिलने के लिए तैयार हो गए हैं। बीएनपी स्थायी समिति के सदस्य खांडेकर मुशर्रफ हुसैन और जमात प्रमुख शफीकुर रहमान अपनी-अपनी पार्टी नेताओं का नेतृत्व करेंगे। बीएनपी नेता सलाहुद्दीन अहमद व जमात के उप प्रमुख सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर ने इसकी पुष्टि की है। सनद रहे कि पिछले साल छात्र व जन विद्रोह के बीच तत्कालीन पीएम शेख हसीना ने पांच अगस्त को देश छोड़ दिया था। तीन दिन बाद नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो यूनुस ने अंतरिम सरकार के सलाहकार के रूप में शपथ ली थी। लगभग 10 महीने बाद देश में फिर राजनीतिक तनाव भड़क गया है।




कहानी फिल्म जगत की

# 'आर... राजकुमार' और 'जय हो' के एक्टर मुकुल देव का निधन



**मुंबई (आईएएनएस)।** 'आर... राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में अपनी दमदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले अभिनेता मुकुल देव का निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। मुकुल देव एक लोकप्रिय और मेहनती कलाकार थे, जिन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों और टीवी शोज में काम किया। उन्होंने अपनी प्रतिभा से कई लोगों का दिल जीता था। उन्होंने न केवल मुख्य भूमिकाएं निभाई, बल्कि सहायक भूमिकाओं में भी अपनी छाप छोड़ी। शुक्रवार रात को अभिनेता ने 54 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। खबर लिखे जाने तक अभिनेता के निधन के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उनकी करीबी दोस्त और एक्ट्रेस दीपशिखा नागपाल ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की और इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पुरानी तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, "आरआईपी।" उन्हें आखिरी बार हिंदी फिल्म 'अंत द एंड' में देखा गया था। वह अभिनेता राहुल देव के भाई थे। मुकुल देव ने साल 1996 में तनुजा चंद्रा के धारावाहिक 'मुमकिन' के जरिए टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा। उस समय महेश भट्ट ने उन्हें देखा और उन्हें साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'दस्तक' में सुष्मिता सेन और शरद कपूर के साथ कास्ट किया। उनके काम को लोगों ने काफी सराहा। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह कई फिल्मों में नजर आए, जिनमें 'इसकी टोपी उसके सर', 'मेरे दो अनमोल रतन', 'किला', 'वजूद', 'कोहराम', 'इत्तेफाक' और 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' जैसी फिल्में शामिल हैं। फिल्मों के साथ-साथ वह टीवी पर काम करते रहे। उन्होंने 'घरवाली ऊपरवाली', 'एक टुकड़ा चांद का', 'कहीं दिया जले कहीं जिया', 'कुटुंब', 'भाभी', 'कशिश', 'कुमकुम- एक प्यारा सा बंधन' और 'शशश.. फिर कोई है' जैसे टीवी शोज का हिस्सा रहे। उन्होंने 'फियर फैक्टर इंडिया' के पहले सीजन को होस्ट भी किया था। 2003 में, मुकुल ने पंजाबी फिल्मों में कदम रखा और फिल्म 'हवाएं' में बब्बू मान और माही गिल के साथ काम किया।